www.epaper.azadsipahi.in

22 दिसंबर, 2025
पौष, शुक्ल पक्ष, तृतीया
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
सोमवार, वर्ष 11, अंक 64


बांग्लादेशी घुसपैठिये कांग्रेस ने ही बसाये : मोदी




**विकसित भारत-जी राम जी विधेयक बना कानून :** राष्ट्रपति ने दी मंजूरी

# अब 125 दिन के काम की गारंटी

- योजना बनाने की शक्ति ग्राम सभा और पंचायतों के पास
- विकसित भारत@2047 के विजन के अनुरूप है विधेयक



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विकसित भारत-रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) : वीबी-जी राम जी (विकसित भारत-जी राम जी) विधेयक, 2025 को रविवार को स्वीकृति प्रदान कर दी है, जो ग्रामीण रोजगार नीति में एक महत्वपूर्ण बदलाव है। यह अधिनियम ग्रामीण परिवारों के लिए प्रति वित्तीय वर्ष मजदूरी रोजगार की वैधानिक गारंटी को 125 दिनों तक बढ़ाता है और सशक्तिकरण, समावेशी विकास, योजनाओं के अभिसरण तथा परिपूर्ण तरीके से सेवा-प्रदाय को आगे बढ़ाने का प्रयास करता है, जिससे समृद्ध, सक्षम और आत्मनिर्भर ग्रामीण भारत की नींव मजबूत होती है। इससे पूर्व संसद ने विकसित भारत-रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) विधेयक, 2025 पारित किया था, जिसने भारत के ग्रामीण रोजगार और विकास ढांचे में एक निर्णायक सुधार का मार्ग प्रशस्त किया है। यह अधिनियम महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, 2005 (महात्मा गांधी नरेगा) को प्रतिस्थापित करते हुए आजीविका सुरक्षा को सुदृढ़ करने वाला एक आधुनिक वैधानिक ढांचा प्रदान करता है, जो विकसित भारत@2047 के राष्ट्रीय विजन के अनुरूप है। सशक्तिकरण, विकास, कन्वर्जेंस और परिपूर्णता के सिद्धांतों पर आधारित यह अधिनियम ग्रामीण रोजगार को केवल एक कल्याणकारी योजना से आगे बढ़ाकर विकास का एक एकीकृत माध्यम बनाता है। यह ग्रामीण परिवारों की आय सुरक्षा को सुदृढ़ करता है, शासन और जवाबदेही को आधुनिक बनाता है तथा मजदूरी रोजगार को टिकाऊ और उत्पादक ग्रामीण परिसंपत्तियों के सृजन से जोड़ता है, जिससे समृद्ध एवं सक्षम ग्रामीण भारत की नींव और अधिक मजबूत होती है।

(शेष पेज 02 पर)

# रेल किराये में मामूली बढ़ोत्तरी, 26 से लागू



- उपनगरीय सेवाओं, एमएसटी और साधारण श्रेणी में 215 किलोमीटर तक की यात्रा पर कोई वृद्धि नहीं
- इससे अधिक की साधारण श्रेणी यात्रा पर एक पैसा प्रति किलोमीटर की वृद्धि
- मेल/एक्सप्रेस गैर-एसी और एसी श्रेणी में दो पैसे प्रति किलोमीटर की वृद्धि

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** देश में रेल किराये में मामूली वृद्धि की गयी है। यह वृद्धि 26 दिसंबर से लागू होगी। घोषणा के अनुसार, जेनरल, स्लीपर और एसी श्रेणी में टिकट महंगे हो जायेंगे। यात्री ट्रेनों में 215 किलोमीटर तक की यात्रा के टिकट के दाम नहीं बढ़ाये जायेंगे। इससे अधिक दूरी की यात्रा पर प्रति किलोमीटर एक पैसा की वृद्धि की गयी है। मेल, एक्सप्रेस और गैर-एसी श्रेणी में दो पैसा प्रति किलोमीटर किराया बढ़ाया गया है। इस हिसाब से 500 किलोमीटर की यात्रा पर 10 रुपये ज्यादा खर्च करने होंगे। अनुमान है कि इस बढ़े हुए किराये से रेलवे को 600 करोड़ रुपये का फायदा होगा। रेलवे का कहना है कि निम्न आय वाले परिवारों का ध्यान रखते हुए लोकल ट्रेनों के किराये में बढ़ोतरी नहीं की गयी है। रेलवे के मुताबिक पिछले 10 सालों में ट्रेनों की संख्या में काफी इजाफा हुआ है। इसके अलावा ट्रैक का भी विस्तार किया गया है। सुरक्षा और अच्छे संचालन के लिए ज्यादा कर्मचारियों को भी तैनात किया गया है। ऐसे में रेलवे पर सैलरी का बोझ भी बढ़ा है। ऐसे में संतुलन के लिए किराये में वृद्धि जरूरी थी।

रिम्स की जमीन पर अतिक्रमण मामले में हाइकोर्ट का निर्देश

# एसीबी करे भू-माफिया दोषी अफसरों की जांच

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) की 1964-65 में अधिग्रहीत जमीन पर अवैध निर्माण और अतिक्रमण के मामले में जिला प्रशासन, राजस्व अधिकारियों, रांची नगर निगम और रेरा समेत कई विभागों को कड़ी फटकार लगायी है। हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान और जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की खंडपीठ ने अधिकारियों की लापरवाही पर हैरानी जताते हुए एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) से जांच कराने और दोषी अधिकारियों-बिल्डरों से प्रभावित निवासियों को दिया जानेवाला मुआवजा वसूलने का आदेश दिया है। कोर्ट ने नोट किया कि रिम्स की सात एकड़ जमीन पर अवैध निर्माण कैसे हो गये, जबकि जमीन का अधिग्रहण दशकों पुराना है। सर्किल ऑफिसर ने राजस्व रिकॉर्ड में हेराफेरी कर बाद के खरीदारों के नाम दर्ज किये, किराया रसीदें जारी कीं, नॉन-एंकंब्रेंस सर्टिफिकेट दिये, रांची नगर निगम ने बिल्डिंग प्लान पास किये और रेरा ने मल्टीस्टोरी




भवनों को मंजूरी दी। बैंक भी लोन देते समय सतर्कता नहीं बरती। कोर्ट ने कहा कि इन लापरवाहियों से निर्दोष निवासियों को नुकसान हुआ, जिनकी इमारतें ध्वस्त हो रही हैं। खंडपीठ ने रिम्स प्रबंधन को भी बराबर जिम्मेदार ठहराया, क्योंकि 2018 से लंबित इस जनहित याचिका में कभी अतिक्रमण की जानकारी नहीं दी गयी। झारखंड लीगल सर्विस अथॉरिटी (झालसा) के सदस्य सचिव ने 3 दिसंबर 2025 के आदेश पर जांच कर सात एकड़ अतिक्रमण का खुलासा किया। कोर्ट ने 2011 की जनहित याचिका (हर नारायण लखोटिया बनाम झारखंड राज्य) का हवाला देते हुए रांची नगर निगम की भूमिका पर सवाल उठाये, जहां सीबीआइ ने अवैध नक्शा स्वीकृति की जांच की थी। फिलहाल सीबीआइ की बजाय राज्य पुलिस के एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) को प्राथमिकी दर्ज कर जांच का निर्देश दिया।

## कोर्ट का निर्देश

कोर्ट ने निर्देश दिया है कि दोषी अधिकारियों (राजस्व, पंजीकरण, नगर निगम, रेरा के खिलाफ विभागीय जांच और एसीबी द्वारा प्राथमिकी दर्ज की जाये। बैंकों को अपने कर्मचारियों की लापरवाही की जांच करने का आदेश कोर्ट ने दिया है। इसके अलावा प्रभावित निवासियों को मुआवजा, इसका खर्च दोषी अधिकारियों और बिल्डरों से वसूली करने का भी निर्देश दिया है। कोर्ट ने चेतावनी दी कि यदि अधिकारी सतर्क रहते, तो ऐसा घोटाला नहीं होता। खरीदारों को भी दस्तावेज सत्यापित करने की सलाह दी, लेकिन उनकी निर्दोषता मानते हुए राहत दी। अगली सुनवाई छह जनवरी 2026 को होगी।









# चटगांव में भारतीय वीजा सेवाएं बंद, बिगड़े हालात

एजेंसी

**ढाका।** बांग्लादेस में जारी हिंसा के बीच एक बड़ी खबर सामने आ रही है। बांग्लादेश के चटगांव स्थित भारतीय वीजा आवेदन केंद्र (आइवीएसी) ने तत्काल प्रभाव से सभी वीजा सेवाएं बंद करने की घोषणा की है। यह फैसला शहर में स्थित भारत के सहायक उच्चायोग (एएचसीआइ) के पास हुई एक सुरक्षा घटना के बाद लिया गया है। आइवीएसी बांग्लादेश ने बताया कि रविवार से वीजा सेवाएं अगले आदेश तक निलंबित रहेंगी। मामले में आइवीएसी की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि स्थानीय हालात की पूरी समीक्षा के बाद ही वीजा सेवाएं दोबारा शुरू करने पर फैसला लिया जायेगा। फिलहाल स्थिति को देखते हुए कोई तारीख तय नहीं की गयी है। बता दें कि वीजा सेवाओं के निलंबन का फैसला ऐसे समय में लिया गया है, जब बांग्लादेश के कई हिस्सों में हिंसक घटनाएं सामने आ रही हैं। रविवार को मयमनसिंह जिले में एक 27 वर्षीय हिंदू युवक दीपु चंद्र दास की हत्या के मामले में 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया। मामले में आरोप है कि युवक पर कथित आरोपों को लेकर भीड़ ने हमला किया था, जिससे उसकी मौत हो गयी। इस घटना से देशभर में आक्रोश फैल गया। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये गिरफ्तारी की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि रैपिड एक्शन बटालियन (आरएबी) ने सात और पुलिस ने तीन आरोपियों को पकड़ा है।



## ढाका में अभी भी तनाव

मामले में तनाव इतना बढ़ गया कि राजधानी ढाका में भी अभी हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं। ढाका यूनिवर्सिटी परिसर में इंकलाब मंच के संयोजक शरीफ उस्मान हादी के जनाजे के बाद उनके समर्थकों ने शाहबाग इलाके की ओर मार्च किया। हादी की कुछ दिन पहले गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। उनकी मौत के बाद ढाका में लगातार प्रदर्शन हो रहे हैं। रविवार को भी शाहबाग चौराहे पर बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा होकर न्याय की मांग करते नजर आये।

# भारत ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हमलों को लेकर जतायी चिंता

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** भारत में बांग्लादेश उच्चायोग के सामने कथित प्रदर्शन को लेकर विदेश मंत्रालय ने स्थिति स्पष्ट की है। मंत्रालय ने बांग्लादेश के कुछ मीडिया संस्थानों पर भ्रामक प्रचार करने का आरोप लगाते हुए कहा कि 20 दिसंबर को नयी दिल्ली स्थित बांग्लादेश उच्चायोग के बाहर कोई सुरक्षा संकट नहीं पैदा हुआ था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मीडिया के सवालों के जवाब में बताया कि 20 दिसंबर 2025 को करीब 20-25 युवाओं का एक छोटा समूह बांग्लादेश उच्चायोग के सामने एकत्र हुआ था। ये लोग बांग्लादेश के मयमनसिंह में हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की नृशंस हत्या के विरोध में नारेबाजी कर रहे थे और साथ ही बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा की मांग उठा रहे थे। जायसवाल ने कहा इस दौरान न तो किसी तरह की बैरिकेड तोड़ने की कोशिश हुई और न ही कोई सुरक्षा स्थिति बनी। मौके पर तैनात पुलिस ने कुछ ही मिनटों में समूह को शांतिपूर्वक हटा दिया। इन घटनाओं के दृश्य प्रमाण सार्वजनिक रूप से उपलब्ध हैं। उन्होंने यह भी कहा कि बांग्लादेश के कुछ मीडिया में इस घटना को बढ़ा-चढ़ाकर और गलत तरीके से पेश किया गया है।

**विदेशी मिशनों की सुरक्षा भारत की जिम्मेदारी :** विदेश मंत्रालय ने दोहराया कि भारत अपने क्षेत्र में स्थित सभी विदेशी मिशनों और राजनयिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा वियना कन्वेंशन के तहत सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

**बांग्लादेश की स्थिति पर कड़ी नजर :** विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत बांग्लादेश में हालात पर लगातार नजर बनाये हुए है। भारतीय अधिकारी बांग्लादेशी प्रशासन के संपर्क में हैं और अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों को लेकर अपनी गहरी चिंता भी जता चुके हैं। विदेश मंत्रालय ने यह भी आग्रह किया कि दीपू चंद्र दास की हत्या के दोषियों को जल्द से जल्द न्याय के कटघरे में लाया जाये।

# ढाका यूनिवर्सिटी के बंगबंधु शेख मुजीब हॉल का नाम बदला, रखा गया उस्मान हादी हॉल

एजेंसी

**ढाका।** छात्र नेता शरीफ उस्मान हादी की मौत के बाद से बांग्लादेश में राजनीतिक और सामाजिक अस्थिरता लगातार बढ़ती जा रहा है। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार राजधानी ढाका सहित कई इलाकों में असंतोष का माहौल है। लोग अभी भी सड़कों पर हैं। इस बीच ढाका यूनिवर्सिटी ने अपने एक हॉल का नाम बदल कर शरीफ उस्मान हादी कर दिया है। इस हॉल का नाम बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान के नाम पर था। हादी एक युवा नेता थे और जुलाई के विद्रोह में शामिल थे, जिसमें शेख हसीना की सरकार गिर गयी थी।



मीडिया सूत्रों के मुताबिक, हॉल यूनियन ने शनिवार को मुख्य गेट पर लगी शेख मुजीबुर रहमान के नाम की नेमप्लेट हटाकर उसकी जगह शहीद शरीफ उस्मान हादी हॉल नाम की नेमप्लेट लगा दी। इसके अलावा कई छात्र हॉल की मुख्य इमारत पर बनी बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान की ग्रैफिटी म्यूरल (भित्ति चित्र) पर पेंट कर-के उसे मिटा रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, ढाका यूनिवर्सिटी सेंट्रल स्टूडेंट्स यूनियन (डीयूसीएसयू) के सांस्कृतिक मामलों के सचिव मुसद्दिक इब्न अली मोहम्मद ने घोषणा की थी कि शनिवार रात 9:30 बजे क्रेन की मदद से पुरानी नेमप्लेट हटा दी जायेगी। मौके पर मौजूद लोगों के मुताबिक, हॉल का नाम मिटाने का काम रात करीब 9:45 बजे शुरू हुआ और रात 11:15 बजे तक ग्रैफिटी पर पेंट करने का काम भी शुरू कर दिया गया। जब हॉल काउंसिल के नेताओं से ग्रैफिटी और नाम हटाने की अनुमति के बारे में पूछा गया, तो काउंसिल के वीपी मुस्लिमुर रहमान ने मीडिया को बताया, छात्रों ने इसे हटाने की मांग की थी, इसलिए हम छात्रों के फैसले के आधार पर ही इसे हटा रहे हैं।

बता दें कि गुरुवार को सिर में गोली लगने के छह दिन बाद हदी की मौत हो गयी थी। उन्हें 12 दिसंबर को सेंट्रल ढाका में एक चुनावी अभियान के दौरान नकाबपोश बंदूकधारियों ने सिर में गोली मार दी थी, जिसके बाद सिंगापुर में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी थी। उनकी मौत के बाद पूरे बांग्लादेश में बड़े पैमाने पर हिंसक घटनाएं हुईं।

# पड़ोसियों से जुड़ा है भारत का भविष्यः जनरल नरवणे

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज नरवणे (सेवानिवृत्त) ने पड़ोसी देशों के साथ अच्छे रिश्ते बनाये रखने के लिए भारत की प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए क्षेत्रीय कल्याण के अंतर्संबंधों के बारे में अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि भारत का भविष्य उसके पड़ोसियों से जुड़ा है। उन्होंने बांग्लादेश में चल रही अशांति के बीच सकारात्मक संबंध बनाये रखने की अहमियत पर जोर दिया। बांग्लादेश के बारे में बोलते हुए नरवणे ने आंतरिक मामलों पर टिप्पणी करने से परहेज किया और संबंधों को पोषित करने पर भारत के फोकस पर बल दिया। पूर्व सेना प्रमुख ने कहा कि राजनीतिक बयानबाजी अक्सर गलत सूचना फैलाती है। उन्होंने रचनात्मक बातचीत की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने कहा, भारत ने हमेशा अन्य देशों के साथ अच्छे संबंध बनाये रखने की कोशिश की है। उन्होंने कहा, हम दूसरों के हालातों पर टिप्पणी नहीं करते। राजनीति में लोग बहुत सी ऐसी बातें कहते हैं, जो सच नहीं होतीं। भारत और उसके पड़ोसी देशों का भविष्य आपस में जुड़ा हुआ है और हम सभी को उनके साथ अच्छे संबंध बनाये रखने की आवश्यकता और इच्छा है। बता दें कि छात्र नेता शरीफ उस्मान हादी की मौत के बाद बांग्लादेश में फैली अशांति के बीच पूर्व सेना प्रमुख का यह बयान सामने आया है। इंकलाब मंच के संयोजक, प्रमुख छात्र नेता और आगामी फरवरी 2026 के राष्ट्रीय चुनावों में संसदीय उम्मीदवार हादी का 18 दिसंबर, 2025 को सिंगापुर में निधन हो गया। ढाका में हुए एक हमले में उन्हें गोली लगी थी और इलाज के दौरान उनका निधन हुआ। बांग्लादेश में शनिवार को शरीफ उस्मान हादी को सुपुर्द-ए-खाक किया गया। हादी की नमाज-ए-जनाजा में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। परिवार की इच्छा के अनुसार हादी को राष्ट्रीय कवि काजी नजरुल इस्लाम की कब्र के बगल में दफनाया गया।

# हादी हत्या मामले में बांग्लादेश सरकार को 24 घंटे का अल्टीमेटम

एजेंसी

**ढाका।** भारत और शेख हसीना के विरोधी बांग्लादेशी नेता उस्मान हादी की हत्या के मामले में न्याय की मांग तेज हो गयी है। इंकलाब मंच ने बांग्लादेश सरकार को 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। इंकलाब मंच के सचिव अब्दुल्ला अल जाबेर ने कहा कि अगर सरकार 24 घंटे में हादी की हत्या में शामिल सभी लोगों को गिरफ्तार नहीं करती है, तो शाहबाग चौराहे पर बेमियादी धरना शुरू कर दिया जायेगा। हादी के अंतिम संस्कार के बाद दोपहर तीन तीन बजे शाहबाग चौराहे पर हुई रैली में यह अल्टीमेटम जारी किया गया। रैली मे इंकलाब मंच ने करीब दो घंटे तक इलाके को जाम रखा। जाबेर ने गृह मंत्रालय के सलाहकार लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) जहांगीर आलम चौधरी और मुख्य सलाहकार के विशेष सहायक खुदा बख्श चौधरी से 24 घंटे के अंदर इस्तीफा देने की मांग की। जाबेर ने सरकार के सामने दो मुख्य मांगें रखी हैं, जिनमें पहली हादी की हत्या में शामिल सभी लोगों की गिरफ्तारी और दूसरी अवामी लीग से जुड़े कथित सिविल-मिलिट्री इंटेलिजेंस एजेंटों की गिरफ्तारी है।

जाबेर ने सरकार से पूछा, आपने उस्मान हादी के हत्यारों को पकड़ने के लिए क्या किया। उन्होंने कहा कि यह हत्या एक व्यक्ति का काम नहीं है, बल्कि इसके पीछे पूरा एक सिंडिकेट है। जाबेर ने किसी राजनीतिक दल पर सीधे शक नहीं जताया, लेकिन कहा कि कोई भी दल संदेह से ऊपर नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि हादी सिर्फ अवामी लीग के लिए ही नहीं, बल्कि कई अन्य राजनीतिक दलों के लिए भी समस्या था। उन्होंने चेतावनी दी कि हत्यारों का बचाव करने वालों और उनका सार्वजनिक समर्थन करने वालों को भी न्याय के दायरे में लाया जाये।

# सुरक्षित रहने के लिए एकजुट रहना होगाः भागवत




## संघ को समझाने के लिए इतिहास उदाहरण

भागवत ने साफ किया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का जन्म किसी राजनीतिक मकसद, प्रतिस्पर्धा या विरोध के लिए नहीं हुआ। उनका कहना था कि संघ पूरी तरह हिंदू समाज के संगठन, उन्नति और संरक्षण के लिए समर्पित है। संघ की भूमिका समझाने के लिए भागवत ने इतिहास का उदाहरण भी दिया। उन्होंने कहा कि सुभाष चंद्र बोस के निधन के बाद अंग्रेजों के खिलाफ सशस्त्र संघर्ष भले ही थम गया, लेकिन राजा राम मोहन राय के समय से शुरू हुई समाज सुधार की प्रक्रिया लगातार चलती रही। उन्होंने इसे समुद्र के बीच एक ऐसे द्वीप की तरह बताया, जो समय के साथ मजबूती से कायम रहा।

## हमें अपने समाज को मजबूत करना है

अपने संबोधन में आरएसएस प्रमुख ने समाज को मजबूत करने पर जोर देते हुए कहा कि भारत एक महान विरासत वाला देश है और उसे वैश्विक नेतृत्व के लिए खुद को तैयार करना होगा। उन्होंने कहा कि अतीत में हम अंग्रेजों से युद्ध हार गये थे, लेकिन अब वक्त है कि हम अपने समाज को संगठित और सशक्त बनायें। उनका पूरा भाषण राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 100 वर्षों की यात्रा, 'व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण' की सोच और एकजुट हिंदू समाज के साथ समृद्ध भारत के लक्ष्य पर केंद्रित रहा।

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत इन दिनों पश्चिम बंगाल के चार दिवसीय दौरे पर हैं। रविवार को कोलकाता पहुंचे भागवत ने साइंस सिटी सभागार में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने दुनियाभर में हिंदुओं के हालात, खासकर बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे आत्याचार को लेकर चिंता जतायी। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यक हैं और वहां हालात काफी कठिन हैं। ऐसे में अपनी सुरक्षा के लिए वहां के हिंदुओं को एकजुट रहना होगा। मोहन भागवत ने कहा कि सिर्फ बांग्लादेश ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के हिंदुओं को उनकी मदद करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हम अपनी सीमाओं के भीतर रहकर जितनी मदद कर सकते हैं, उतनी करनी चाहिए और हम कर भी रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हिंदुओं के लिए एकमात्र देश भारत है, इसलिए भारत सरकार को इस मुद्दे पर ध्यान देना चाहिए।

**संघ और भाजपा की तुलना न करें :** भागवत ने आगे कहा कि अगर आप संघ को समझना चाहते हैं, तो तुलना करने से गलतफहमियां पैदा होंगी। अगर आप संघ को केवल एक अन्य सेवा संगठन मानते हैं, तो आप गलत होंगे। आरसएस प्रमुख ने कहा कि कई लोगों में 'संघ' को भाजपा के नजरिये से समझने की प्रवृत्ति होती है, जो एक बहुत बड़ी गलती है। संघ की स्थापना का सार एक ही वाक्य में है 'भारत माता की जय'। उन्होंने कहा कि भारत केवल एक देश नहीं, बल्कि अपनी खास संस्कृति, परंपरा और स्वभाव का नाम है। संघ का लक्ष्य इन मूल्यों को बनाये रखते हुए भारत को फिर से विश्व गुरु बनाने के लिए समाज को तैयार करना है।

## पेज 01 का शेष

# वीबी-जी राम जी अधिनियम की प्रमुख विशेषताएं

**रोजगार की वैधानिक गारंटी में वृद्धि :** यह अधिनियम प्रत्येक वित्तीय वर्ष में प्रत्येक ग्रामीण परिवार को कम से कम 125 दिनों के मजदूरी रोजगार की वैधानिक गारंटी प्रदान करता है, बशर्ते परिवार के वयस्क सदस्य अकुशल शारीरिक कार्य करने के इच्छुक हों। (धारा 5(1))

पूर्व में उपलब्ध 100 दिनों के रोजगार के अधिकार की तुलना में यह वृद्धि ग्रामीण परिवारों की आजीविका को सुरक्षा प्रदान करती है, काम को पहले से अनुमानित करती है और उनकी आय को अधिक स्थिर बनाती है। इसके साथ ही उन्हें राष्ट्रीय विकास में अधिक प्रभावी और सार्थक योगदान देने में सक्षम बनाती है।

**कृषि और ग्रामीण श्रम के बीच संतुलित प्रावधान :** बुवाई और कटाई के चरम सीजन के दौरान कृषि से संबंधित गतिविधियों हेतु कृषि श्रम की उपलब्धता आसान करने के लिए यह अधिनियम राज्यों को एक वित्तीय वर्ष में कुल 60 दिनों की समेकित विराम अवधि अधिसूचित करने का अधिकार प्रदान करता है। (धारा 6)

श्रमिकों को मिलने वाले कुल 125 दिनों के रोजगार के अधिकार यथावत बनी रहेगी, जिसे शेष अवधि में प्रदान किया जायेगा, जिससे कृषि उत्पादकता और श्रमिकों के हितों की सुरक्षा के मध्य संतुलित समायोजन सुनिश्चित होता है।

**समय पर मजदूरी भुगतान :** यह अधिनियम मजदूरी का भुगतान साप्ताहिक आधार पर अथवा किसी भी स्थिति में कार्य की समाप्ति के पंद्रह दिनों के भीतर किए जाने को अनिवार्य करता है (धारा 5(3))। निर्धारित अवधि से अधिक विलंब होने की स्थिति में, अनुसूची-2 में उल्लिखित प्रावधानों के अनुसार विलंब मुआवजा देय होगा, जिससे मजदूरी सुरक्षा को सुदृढ़ किया जाता है और श्रमिकों को विलंब से संरक्षण प्रदान किया जाता है।

**टिकाऊ और उपयोगी ग्रामीण अवसंरचना से जुड़ा रोजगार :** इस अधिनियम के अंतर्गत मजदूरी रोजगार को चार प्राथमिक विषयगत क्षेत्रों में टिकाऊ सार्वजनिक परिसंपत्तियों के सृजन के साथ स्पष्ट रूप से जोड़ा गया है (धारा 4(2), अनुसूची-1 के साथ पठित)ः

### जल सुरक्षा एवं जल से संबंधित कार्य

**मुख्य ग्रामीण अवसंरचना**

***आजीविका से संबंधित अवसंरचना***

**प्रतिकूल मौसमीय घटनाओं के प्रभाव को कम करने वाले कार्य :** सभी कार्य बॉटम-अप एप्रोच यानि गाँव स्तर से प्रस्तावित किए जाते हैं, तथा सृजित सभी परिसंपत्तियों को विकसित भारत राष्ट्रीय ग्रामीण अवसंरचना स्टैक में समेकित किया जाता है, ताकि सार्वजनिक संसाधनों का कंवर्जेंस, विखंडन से बचाव और स्थानीय जरूरत के अनुसार आवश्यक ग्रामीण अवसंरचना के निर्माण सेचूरेशन लक्ष्य के आधार पर परिणाम-आधारित योजना सुनिश्चित हो सके।

**राष्ट्रीय स्तर पर अभिसरण के साथ विकेन्द्रीकृत योजना निर्माण :** सभी कार्य विकसित ग्राम पंचायत योजनाओं से प्रारंभ होते हैं, जिन्हें ग्राम पंचायत स्तर पर सहभागितापूर्ण प्रकियाओं के माध्यम से तैयार किया जाता है तथा ग्राम सभा द्वारा अनुमोदित किया जाता है। (धाराएं 4(1) से 4(3)

इन योजनाओं को पीएम गति शक्ति सहित राष्ट्रीय प्लेटफार्मों के साथ डिजिटल एवं स्थानिक रूप से एकीकृत किया जाता है, जिससे संपूर्ण-सरकार दृष्टिकोण के अंतर्गत कन्वर्जेंस संभव होता है, जबकि स्थानीय स्तर पर विकेंद्रीकृत निर्णय निर्माण को यथावत बनाये रखा जाता है।

यह एकीकृत योजना निर्माण का फ्रेमवर्क, मंत्रालयों और विभागों को कार्यों की अधिक प्रभावी योजना बनाने और क्रियान्वयन करने में सक्षम बनायेगा, दोहराव से बचाव और सार्वजनिक संसाधनों की अपव्यय रोकने में सहायक होगा तथा सेचूरेशन-आधारित परिणामों के माध्यम से विकास की गति को तेज करेगा।




**सुधारित वित्तीय संरचना :** यह अधिनियम एक केंद्रीय प्रायोजित योजना के रूप में लागू किया जायेगा, जिसे राज्यों द्वारा अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार अधिसूचित और क्रियान्वित किया जायेगा।

व्यय-साझेदारी का पैटर्न केंद्र और राज्यों के बीच 60:40, पूर्वोत्तर एवं हिमालयी राज्यों के लिए 90:10, तथा विधानसभारहित केंद्र शासित प्रदेशों के लिए 100 प्रतिशत केंद्रीय वित्तपोषण का है।

निधि राज्यवार मानकीकृत आवंटनों के माध्यम से प्रदान की जायेगी, जो नियमों में निर्दिष्ट वस्तुनिष्ठ मानकों पर आधारित होगी (धाराएं 4(5) एवं 22(4)), जिससे पूवार्नुमेयता, वित्तीय अनुशासन और सुदृढ़ योजना निर्माण सुनिश्चित होगा, साथ ही रोजगार तथा बेरोजगारी भत्ते से संबंधित वैधानिक अधिकारों का पूर्ण संरक्षण बना रहता है।

**प्रशासनिक क्षमता की सुदृढ़ताः** प्रशासनिक व्यय की अधिकतम सीमा को 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 9 प्रतिशत कर दिया गया है, जिससे बेहतर मानव संसाधन उपलब्धता, प्रशिक्षण, तकनीकी क्षमता तथा मैदानी स्तर पर सहायता सुदृढ़ होती है और संस्थानों की परिणामों को प्रभावी रूप से प्रदान करने की क्षमता मजबूत होती है।

विकसित भारत - रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) अधिनियम, 2025, विकसित भारत@2047 के विजन के अनुरुप भारत की ग्रामीण रोजगार व्यवस्था को नया और मजबूत रूप प्रदान करने की दिशा में एक निर्णायक कदम का प्रतिनिधित्व करता है। प्रति वित्तीय वर्ष मजदूरी रोजगार की वैधानिक गारंटी को 125 दिनों तक बढ़ाकर, यह अधिनियम काम मांगने के अधिकार को और मजबूत करता है, साथ ही विकेंद्रीकृत और सहभागितापूर्ण शासन को बढ़ावा देता है। यह पारदर्शी, नियम-आधारित वित्तपोषण, जवाबदेही तंत्र, प्रौद्योगिकी (टेक्नालजी)-सक्षम समावेशन तथा कंवर्जेंस आधारित विकास को एकीकृत करता है, ताकि ग्रामीण रोजगार न केवल आय सुरक्षा प्रदान करे, बल्कि टिकाऊ आजीविकाओं, सुदृढ़ परिसंपत्तियों और दीर्घकालिक ग्रामीण समृद्धि में भी योगदान दे।

**रोजगार की गारंटी और रोजगार की मांग का अधिकार :** यह अधिनियम रोजगार की मांग के अधिकार को कमजोर नहीं करता है। इसके विपरीत, धारा 5(1) सरकार पर पात्र ग्रामीण परिवारों को कम से कम 125 दिनों के गारंटीकृत मजदूरी रोजगार प्रदान करने का स्पष्ट वैधानिक दायित्व निर्धारित करती है। गारंटीकृत दिनों में की गयी यह वृद्धि, सुदृढ़ की गयी जवाबदेही और शिकायत निवारण तंत्र के साथ मिलकर, इस अधिकार की प्रवर्तनीयता को और मजबूत करती है।

**मानक आधारित वित्तपोषण और रोजगार प्रावधान :** मानक आधारित (नॉर्मेटिव) आवंटनों की ओर किया गया परिवर्तन बजट निर्धारण और निधि प्रवाह की व्यवस्थाओं से संबंधित है और इससे रोजगार के कानूनी अधिकार पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता। धाराएं 4(5) और 22(4) नियम-आधारित और पूवार्नुमेय आवंटन सुनिश्चित करती हैं, जबकि रोजगार अथवा बेरोजगारी भत्ता प्रदान करने का वैधानिक दायित्व यथावत बना रहता है।

**विकेंद्रीकरण और पंचायतों की भूमिका :** यह अधिनियम योजना बनाने या क्रियान्वयन का केंद्रीकरण नहीं करता है। धाराएं 16 से 19 तक, पंचायतों, कार्यक्रम अधिकारियों और जिला प्राधिकारियों में, उपयुक्त स्तरों पर योजना, क्रियान्वयन और निगरानी की शक्तियां निहित करती हैं। राष्ट्रीय स्तर पर केवल दृश्यता, कन्वर्जेंस और समन्वय किया जायेगा, न कि स्थानीय निर्णय लेने के अधिकार लिये जायेंगे।

**रोजगार और परिसंपत्ति सृजन :** यह अधिनियम 125 दिनों की बढ़ी हुई आजीविका की वैधानिक गारंटी को स्थापित तो करता ही है, साथ ही यह भी सुनिश्चित करता है कि रोजगार उत्पादक, टिकाऊ और जलवायु-अनुकूल परिसंपत्तियों के निर्माण में योगदान दे। रोजगार सृजन और परिसंपत्ति निर्माण को परस्पर पूरक उद्देश्यों के रूप में परिकल्पित किया गया है, जो दीर्घकालिक ग्रामीण विकास और अनुकूलन को समर्थन प्रदान करते हैं (धारा 4(2) एवं अनुसूची-1)।

**प्रौद्योगिकी और समावेशन :** अधिनियम के अंतर्गत प्रौद्योगिकी को एक बाधा नहीं, बल्कि एक सक्षम माध्यम के रूप में परिकल्पित किया गया है। धाराएं 23 और 24, बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण, जियो-टैगिंग और रियल-टाइम डैशबोर्ड के माध्यम से प्रौद्योगिकी-सक्षम पारदर्शिता का प्रावधान करती हैं, जबकि धारा 20 ग्राम सभाओं द्वारा सोशल ऑडिट को सुदृढ़ करती है, जिससे सामुदायिक निगरानी, पारदर्शिता और समावेशन सुनिश्चित होता है।

**बेरोजगारी भत्ता :** यह अधिनियम बेरोजगारी भत्ते के संबंध में पहले के अयोग्य ठहराये जाने वाले प्रावधानों को हटाता है और इसे एक अर्थपूर्ण वैधानिक सुरक्षा उपाय के रूप में पुनर्स्थापित करता है। जहां निर्धारित अवधि के भीतर रोजगार उपलब्ध नहीं कराया जाता है, वहां पंद्रह दिनों के पश्चात बेरोजगारी भत्ता देय हो जाता है।

विकसित भारत - रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) अधिनियम, 2025 का पारित होना भारत की ग्रामीण रोजगार गारंटी व्यवस्था के एक महत्वपूर्ण बदलाव का प्रतिनिधित्व करता है। वैधानिक रोजगार को 125 दिनों तक विस्तारित कर, विकेंद्रीकृत एवं सहभागितापूर्ण योजना को अंतर्निहित कर, जवाबदेही को सुदृढ़ कर तथा कन्वर्जेंस एवं परिपूर्णता (सेचूरेशन) आधारित विकास को संस्थागत रूप देकर, यह अधिनियम ग्रामीण रोजगार को सशक्तिकरण, समावेशी विकास और समृद्ध एवं सक्षम ग्रामीण भारत के निर्माण के लिए एक रणनीतिक साधन के रूप में पुनः स्थापित करता है, जो विकसित भारत@2047 के विजन के पूर्णतः अनुरूप है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 22.2°c | 7.8°c |
| सूर्यास्त (आज) | : | 17.08 बजे |
| सूर्योदय (कल) | : | 06.26 बजे |



# केरेडारी सीएचसी में टॉर्च जला कर ऑपरेशन करने का मामला वायरल, विभाग में हड़कंप

## जांच में सिविल सर्जन पहुंचे सीएचसी

रवि मिश्रा

**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था की बदहाली सामने आयी है। मामला तब उजागर हुआ, जब प्रखंड क्षेत्र की एक महिला परिवार नियोजन ऑपरेशन के लिए केरेडारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची। ऑपरेशन के दौरान अचानक बिजली चली गयी। इसके बाद डॉक्टरों ने मोबाइल टॉर्च की रोशनी में ऑपरेशन पूरा किया। इस पूरी घटना का वीडियो किसी ने मोबाइल से रिकॉर्ड कर लिया जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में ऑपरेशन थिएटर में अंधेरा और टॉर्च की रोशनी में इलाज की स्थिति साफ देखी जा सकती है।





घटना के बाद स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी है। लोगों का कहना है कि अस्पताल में बिजली, जनरेटर और अन्य जरूरी संसाधनों की कमी लंबे समय से बनी हुई है। चिकित्सा प्रबंधन की लापरवाही के कारण मरीजों की जान हमेशा खतरे में रहती है। आपात स्थिति से निपटने के लिए न तो वैकल्पिक व्यवस्था दुरुस्त है और न ही नियमित निगरानी की जाती है। इस मामले ने राजनीतिक रूप भी ले लिया है। जनाकरी मुताबिक वीडिओ 13 दिसंबर का बताया जा रहा है। हालाकि वीडिओ को शनिवार को वायरल किया गया है। इस वीडियो का पुष्टि आजाद सिपाही नहीं

### सीएस, बीडीओ, सीओ ने की जांच

विभागीय सचिव के आदेशानुसार रविवार को जांच में सिविल सर्जन अशोक कुमार, डीपीएम शामरेश सिंह, बीडीओ विवेक कुमार सीओ रामरतन बर्णवाल ने इस दौरान देखा कि जनरेटर में बैटरी बैठा हुआ था। जनरेटर काफी मशक्कत के बाद चालू किया गया। वहीं ऑपरेशन रूम में बिजली कनेक्शन था पर इनवर्टर कनेक्शन नहीं पाया गया। सीओ एवं बीडीओ ने अविलंब ऑपरेशन रूम में इनवर्टर कनेक्शन लगाने की बात कहा। वहीं जांच के दौरान देखा गया कि ऑपरेशन रूम के लाइट में धूल की परत काफी देखा गया। मौके पर मौजूद डॉ विनय को लाइट की बारे में कोई जानकारी नही थी।

### वायरल वीडिओ के बाद चिकित्सा प्रभारी ने स्वास्थ्य सहिया को निलंबित करने की दी धमकी

वायरल वीडिओ के बाद स्वास्थ्य केंद्र में काम कर रही सहिया सरिता देवी को चिकित्सा प्रभारी डॉ नशीफ अंजुम ने खुलेआम निलंबित करने का धमकी दे डाला। फोन पर बातचीत के दौरान चिकित्सा प्रभारी डॉ नशीफ ने सहिया सरिता देवी को कहा कि वीडियो वायरल करने के जुर्म में उन्हें सोमवार को ड्यूटी आते ही निलंबित करने का धमकी दी, जिसका ऑडियो के लिए सहिया सरिता देवी अपने फोन पर रखी है।

# खांसी का सिरप पीने से कोडरमा में डेढ़ वर्षीय बच्ची की मौत



आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** कोडरमा थाना अंतर्गत लोकाई भुइयां टोला में खांसी का सिरप पीने से डेढ़ वर्षीया बच्ची की मौत हो गयी। मृत बच्ची की पहचान रवि भुइयां की पुत्री रागिनी कुमारी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार रागिनी को खांसी की शिकायत थी। इसके बाद परिजनों ने दूधीमाटी चौक के समीप स्थित एक मेडिकल दुकान से खांसी का सिरप खरीदा था। सिरप का सेवन करने के कुछ समय बाद ही बच्ची की तबीयत बिगड़ने लगी। परिजन तत्काल बच्ची को कोडरमा सदर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां मौजूद चिकित्सकों ने जांच के बाद बच्ची को मृत घोषित कर दिया। बच्ची की मां का कहना है कि दो दिन पहले खांसी की शिकायत पर मेडिकल से सिरप लिया गया था, लेकिन शनिवार की रात सिरप पीने के बाद अचानक बच्ची की तबीयत बिगड़ गयी और उसकी मौत हो गयी। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं घटना के बाद मुहल्ले में शोक और भय का माहौल है। पुलिस मामले की जानकारी जुटा रही है और आवश्यक कार्रवाई की बात कही जा रही है। इधर इस घटना को लेकर कोडरमा के सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार ने बताया कि उन्हें घटना की सूचना प्राप्त हुई है। उन्होंने घटना को लेकर ड्रग इंस्पेक्टर को जांच कर उचित कार्रवाई का निर्देश दिया है। जांच के पश्चात ही मौत के असली कारणों का पता चल पायेगा।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — संतानपक्ष से हर्षदायक समाचार की प्राप्ति होगी,इच्छित कार्य में सफलता,मन प्रसन्न रहेगा।
- **वृष** — कानूनी उलझनों से छुटकारा, रोग-शोक-दु:श्चिन्ताओं से मुक्ति मिलेगी।
- **मिथुन** — कामकाज की स्थिति बेहतर होगी। परिश्रम-प्रयत्न से वांछित उन्नति की ओर अग्रसर रहेंगे।
- **कर्क** — कार्य की अधिकता,रोजगार-व्यवसाय में समस्याओं के समाधान का रास्ता निकलेगा।
- **सिंह** — जमीन-मकान, आवास, वाहन संबंधी समस्या का समाधान मिलेगा, राजकीय उलझने दूर होंगी।
- **कन्या** — बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता।
- **तुला** — कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।
- **वृश्चिक** — चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।
- **धनु** — आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा।
- **मकर** — नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।
- **कुंभ** — रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।
- **मीन** — किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।

# दामोदर नद के प्रदूषण का फिर होगा अध्ययन: सरयू राय

- पहले दामोदर का पानी कोई नहीं पीता था, अब पीते हैं लोग: अंशुल शरण
- नदी खत्म तो इंसानी सभ्यता खत्म: प्रोफेसर अंशुमाली
- हाइड्रोजन और न्यूक्लियर ऊर्जा की तरफ बढ़ना होगा: संजय रंजन
- युगांतर भारती की वार्षिक आम सभा संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक और दामोदर बचाओ आंदोलन के प्रणेता सरयू राय ने कहा है कि फरवरी 2026 में दामोदर नद का फिर से अध्ययन किया जायेगा। इस अध्ययन में जर्मनी के पर्यावरणविद हस्को भी साथ में होंगे। उन्होंने दोहराया कि हमें नदी को गंदा करने से बचना चाहिए, क्योंकि हर मानसून में नदी स्वयं को साफ कर लेती है। यहां युगांतर भारती, नेचर फाउंडेशन और आइआइटी (आइएसएम) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित झारखंड के जंगल और उद्योग: संभावनाएं, संतुलन और सतत विकास पर एक दिवसीय संगोष्ठी और युगांतर भारती की वार्षिक आमसभा को बतौर अध्यक्ष संबोधित करते हुए सरयू राय ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के तहत जितने भी कड़े कानून बनाये जा सकते थे, बनाये गये। अब इनसे ज्यादा कड़े कानून नहीं बनाये जा सकते। हम भारतीय लोगों ने तय कर लिया है कि चाहे कितने भी प्रावधान क्यों न बना दिये जायें, वो उनका उल्लंघन करेंगे ही।

सरयू राय ने कहा कि विकास का कार्य करेंगे तो प्रकृति पर प्रतिकूल असर होगा, यह साबित हो चुका है। लेकिन, अगर हम लोग इसे नियंत्रित कर लेते हैं, जैसे 60-70 के दशक में अमेरिका ने किया था, तो दिक्कत नहीं होगी। अमेरिका में उन दिनों प्रदूषण एक बड़ी समस्या थी, लेकिन उसे नियंत्रित किया गया, उद्योग-धंधे भी चलाये गये। उन्होंने कहा कि यह अफसोस की बात है कि झारखंड के किसी भी शहर में मानक के अनुरूप प्रदूषण मापने वाला कोई यंत्र नहीं लगाया गया है।



किसी के पास मशीन नहीं है। कहीं लगा भी नहीं है। धनबाद में एक लगा भी था, तो वह अब काम नहीं कर रहा है। श्री राय ने कहा कि हम लोग कानूनों का लगातार उल्लंघन करते हैं और बाद में रोना भी रोते हैं। जो एक्शन लेने वाली संस्थाएं हैं, वो एक्शन नहीं लेतीं। अगर कार्रवाई की जाये, तो प्रदूषण करने वाले डरेंगे और प्रदूषण कम होगा।

सरयू राय ने कहा कि इस दौर में बड़े और मजबूत लोगों का नेक्सस बन गया है। ये कुछ होने नहीं देते। तू मेरी वाहवाही कर, मैं तेरी वाहवाही करूं के सिद्धांत पर चीजें चल रही हैं। इसीलिए कोई एक्शन नहीं होता है। उन्होंने कहा कि केंदुआडीह में क्या हुआ? बीसीसीएल और स्थानीय प्रशासन को जो करना था, इन लोगों ने नहीं किया। इसी का नतीजा है कि वहां नाइट्रोजन गैस नहीं डाला गया और फिर दबाव बढ़ने के कारण गैस धरती फाड़ कर निकली और फैल गयी। अब पता चला है कि नाइट्रोजन गैस वहां डाला जा रहा है। अगर पहले ही डाल देते तो गैस लीक नहीं करती। चूंकि नियम-कानून की घोर उपेक्षा की गयी, इसलिए ये सब हुआ।

सरयू राय ने कहा कि अब देखने में आता है कि सड़कें बन जाती हैं, लेकिन जल प्रवाह का मूल रास्ता छोड़ा ही नहीं जाता। ऐसे में जल अपने लिए दूसरा रास्ता बना लेता है और सड़क की क्वालिटी पर नकारात्मक असर पड़ता है।

श्री राय ने अपनी दुमका यात्रा को स्मरण करते हुए कहा कि दुमका को झारखंड की उप राजधानी माना जाता है। वहां बीच शहर में कूड़े का अंबार लगा है। कूड़े में आग लग जाती है। प्रदूषण फैलता है। इसके लिए जिम्मेदार कौन है? हम लोग अपना घर तो साफ कर लेते हैं, लेकिन घर का कूड़ा-कचरा नाली में डाल देते हैं। ये हमारे संस्कार में आ गया है। श्री राय ने कहा कि सत्तातंत्र के नाक के नीचे बालू का कारोबार हो रहा है। बरसात से लेकर अब तक बालू की अवैध निकासी हो रही है। कोई कुछ बोलता नहीं। यह भी पर्यावरण पर प्रहार है। उन्होंने कहा कि अब तो सरकार को जागरूक करना भी खतरनाक हो गया है। धारा 353 (सरकारी काम में बाधा) के तहत तत्काल प्राथमिकी दर्ज होती है। इसके बावजूद हम लोग जोखिम उठा कर काम कर रहे हैं, क्योंकि सरकार को जगाना ही हम लोगों का काम है।

अतिथियों का स्वागत करते हुए युगांतर भारती के अध्यक्ष अंशुल शरण ने कहा कि इस साल हम लोगों ने 45 स्थानों पर दामोदर महोत्सव का आयोजन किया। स्वर्णरेखा महोत्सव का भी शानदार आयोजन हुआ। साल भर जन जागरूकता के कार्य किये गये। वर्ष 2026 में इन कार्यक्रमों को और शानदार तरीके से किया जायेगा।

श्री शरण ने कहा कि दामोदर का पानी बीते कई सालों से लोग पी रहे हैं। पहले कई स्थानों पर दामोदर का पानी जानवर भी नहीं पीते थे। यह बड़ा बदलाव है कि अब दामोदर में फिर से छठ होने लगा है, लोग इसमें नहा भी रहे हैं, रोजमर्रा के जीवन में इस्तेमाल भी कर रहे हैं।

बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक डॉ सुधीर सिंह ने कहा कि जंगल का इस्तेमाल संतुलित तरीके से हो। उद्योग भी संतुलित तरीके से लगे, तब ही फायदा है। झारखंड के जंगल ही जीवन का आधार हैं। इसका संतुलित इस्तेमाल जरूरी है। यहां स्मार्ट निवेश की सख्त जरूरत है।

इंडो क्लाइमेट लैब के सीइओ डॉ दीपक सिंह ने कहा कि झारखंड ही नहीं, देश भर की औद्योगिक नीति ऐसी बनी है कि सब फंसे हुए हैं। अब लोग तकनीकी से समाधान मांग रहे हैं। औद्योगिक प्रोसेस को अब बदलने की जरूरत है। नीति निर्धारण करनेवालों को भी चीजों को नये सिरे से शोध करने की जरूरत है। डॉल्फिन रिसर्च सेंटर के अंतरिम निदेशक डॉ गोपाल शर्मा ने कहा कि सरकार एसटीपी (सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट) लगा रही है, लेकिन यह जहां लगाना है, वहां नहीं लगाया जा रहा। कई स्थानों पर यह उच्च स्थलों पर लगा दी जाती है, जबकि इसे निचले स्थान पर लगाना चाहिए।

सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी संजय रंजन सिंह ने कहा कि हमें अब ऊर्जा के नये विकल्पों के बारे में सोचना होगा। हमें हाइड्रोजन आधारित ऊर्जा के बारे में सोचना होगा। देखना होगा कि हम हाइड्रोजन ऊर्जा के रास्ते पर चल सकते हैं कि नहीं। हम न्यूक्लियर एनर्जी पर जा सकते हैं या नहीं। सोचना होगा, क्योंकि समाधान यहां से ही होना है। कोई और नहीं करेगा। अपने बच्चों के भविष्य के लिए हमें ये करना होगा।

आइआइटी (आइएसएम) के मिशन वाइके संयोजक प्रो अंशुमाली ने कहा कि हमें अब पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार होना होगा। जंगल खत्म हो रहे हैं। छोटी नदियां मर रही हैं। जब नदियां मरेंगी, तो इंसानियत पर खतरा होगा। धनबाद जैसा औद्योगिक रुप से समृद्ध शहर आज पर्यावरण के मामले में कहां रह गया है, यह की बताने वाली बात नहीं है। इस मौके पर दामोदर बचाओ आंदोलन, स्वर्णरेखा प्रदूषण मुक्ति अभियान जैसे संगठनों के लोगों ने भी बहुमूल्य विचार रखे जिनमें रामानुज शेखर, धर्मेंद्र तिवारी, सुरेंद्र सिन्हा, प्रवीण सिंह, गोविंद पी मेवाड़, डॉक्टर संजय सिंह, समीर सिंह, अरुण राय, राधेश्याम अग्रवाल, देवेंद्र सिंह, श्रवणजी, भाई प्रमोद, ललित सिन्हा और पंचम चौधरी आदि प्रमुख थे। इस मौके पर स्मारिका का भी विमोचन किया गया। आभार प्रदर्शन युगांतर भारती के कोषाध्यक्ष अशोक गोयल ने किया। मंच संचालन अमित सिंह ने किया।

### आजसू पार्टी की प्रदेश कार्यशाला का समापन

# जनमुद्दों पर संघर्ष करें आजसू पार्टी कार्यकर्ता : सुदेश महतो



## 57 विधायकों वाली सरकार से जनता का भरोसा उठा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आजसू पार्टी की दो दिवसीय झारखंड प्रदेश स्तरीय प्रखंड अध्यक्ष कार्यशाला रविवार को सांडी, रामगढ़ के कम्युनिटी सेंटर में सम्पन्न हो गयी। कार्यशाला में प्रखंड अध्यक्षों को संगठन मजबूत करने पर मंथन हुआ और संगठन को ग्राम स्तर पर पुनर्गठित करने की रणनीति बनी। कार्यशाला में झारखंड के सभी जिला, प्रखंड तथा नगर समितियों के अध्यक्ष एवं प्रभारी उपस्थित रहे। कार्यशाला को केंद्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो, केंद्रीय उपाध्यक्ष एवं सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, पूर्व मंत्री एवं प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस, विधायक निर्मल महतो, डॉ लंबोदर महतो, डॉ देवशरण भगत, प्रवीण प्रभाकर, हसन अंसारी, हरेलाल महतो, दीपक महतो, बसंत महतो आदि ने संबोधित किया। स्वागत जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी ने किया। केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने कार्यशाला स्थल पर पार्टी का झंडा फहराया और शहीद बेदी पर पुष्प अर्पण किया। इसके बाद उन्होंने दीप प्रज्वलित कर आज के सत्र की शुरुआत की। अपने संबोधन में सुदेश महतो ने कहा कि आज राज्य चुनौतीपूर्ण मोड पर खड़ा है। राज्य के 57 विधायकों वाली सरकार से जनता का भरोसा उठ चुका है। उन्होंने कहा कि आजसू कार्यकर्ता राज्य को नेतृत्व देने के लिए संगठन की धार तेज करें। उन्होंने कहा कि जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत बनाएं और जनमुद्दों पर संघर्ष करें।

सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि छात्रवृत्ति के मुद्दे पर आजसू छात्र संघ का आंदोलन प्रभावी रहा है। पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस ने कहा कि योजनाबद्ध ढंग से संगठन को मजबूत करें। केंद्रीय महासचिव डॉ लंबोदर महतो ने विशेष मतदाता पुनरीक्षण की बारीकियों पर प्रकाश डाला और चुनाव आयोग को सहयोग करने की बात कही। विषय प्रवेश करवाते हुए केंद्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण प्रभाकर ने कहा कि आजसू ने संघर्ष कर अलग राज्य लिया है। विधायक निर्मल महतो ने धन्यवाद ज्ञापन किय।

# पलामू के अभ्यर्थियों का रांची में प्रदर्शन

## फोर्थ ग्रेड नियुक्ति को लेकर सरकार से मांग

## बोले- सीधी भर्ती नहीं, परीक्षा लो

आजाद सिपाही संवाददाता

**पलामू।** पलामू में फोर्थ ग्रेड कर्मचारी पद पर नियुक्ति के लिए परीक्षा आयोजित करने की मांग को लेकर आंदोलन तेज हो गया है। वहीं परीक्षा को लेकर बनी अनिश्चितता के कारण पलामू के छात्र लगातार परेशान हैं। परीक्षा नहीं होने से हजारों छात्रों का भविष्य अधर में लटका हुआ है। परीक्षा की मांग को लेकर अब तक छात्र कई बार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से कई बार वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, मुख्य सचिव अविनाश कुमार और कई बार नगर विकास विभाग मंत्री सुदिव्य सोनू से मुलाकात कर चुके हैं।




लेकिन अब तक कोई स्पष्ट और सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया है। इसी क्रम में रविवार को पलामू के लगभग 30 छात्र रांची पहुंचे और मुख्यमंत्री आवास एवं विधानसभा अध्यक्ष के आवास पर अपनी बात रखने के प्रेस में जुटे रहे।

छात्रों ने स्पष्ट किया है कि उनकी मूल और एकमात्र मांग परीक्षा कराये जाने की है, न कि 98-99 प्रतिशत अंक लाने वाले अभ्यर्थियों को सीधे नौकरी देने की। छात्रों का कहना हैं कि चयन प्रक्रिया परीक्षा आधारित, पारदर्शी और सभी को समान अवसर देने वाली हो। छात्रों ने मुख्यमंत्री से अपील की है कि वे इस विषय में शीघ्र हस्तक्षेप कर पलामू 4वां ग्रेड की परीक्षा कराने का स्पष्ट निर्देश जारी करें, ताकि छात्रों की अनिश्चितता समाप्त हो सके। इस दौरान छात्रों ने स्पष्ट कहा है कि जब तक कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता है, तब तक वे राजधानी रांची से नहीं जायेंगे।

# भारत का पहला फैटी लिवर मुक्त शहर बनेगा रांची : संजय सेठ

## तीन दिवसीय रोटरी डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस समागम संपन्न

## रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ रोटरी को देंगे छह करोड़ की चार मेडिकल वैन

## अगले माह महिलाओं को बांटी जायेगी तीन करोड़ की सिलाई मशीन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रोटरी क्लब रांची के तत्वावधान में रांची क्लब परिसर में चल रहे तीन दिवसीय रोटरी डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस समागम का समापन रविवार को हुआ। अंतिम दिन कार्यक्रम की शुरुआत प्रेसिडेंट इलेक्ट ललित त्रिपाठी ने की। उन्होंने अपने संबोधन में दूसरे दिन के सत्र की समीक्षा करते हुए रोटरी द्वारा किये जा रहे सेवा कार्यों की प्रगति और भावी




योजनाओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि रोटरी समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

अंतिम दिन कार्यक्रम के मुख्य वक्ता केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि रांची को भारत का पहला फैटी लिवर मुक्त शहर बनाने की दिशा में ठोस पहल की जा रही है। इसी अभियान के तहत फैटी लिवर की जांच और जागरूकता के लिए छह करोड़ रुपये की लागत से चार अत्याधुनिक मोबाइल वैन रोटरी को शीघ्र देंगे। ये वैन रांची शहर के विभिन्न इलाकों के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर लोगों की स्क्रीनिंग करेगी। उन्होंने कहा कि बीमारी से लड़ने का सबसे प्रभावी तरीका है, उसकी समय पर पहचान। यह अभियान केवल इलाज का नहीं, बल्कि जन-जागरूकता का अभियान है, जिसमें रोटरी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होगी।

संजय सेठ ने रोटरी के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि समाजसेवा के क्षेत्र में रोटरी का सफरनामा प्रेरणादायी और अनुकरणीय रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और महिला सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों में रोटरी ने जो कार्य किये हैं, वे समाज के लिए मील का पत्थर साबित हुए हैं। उन्होंने कहा कि रोटरी केवल सेवा नहीं करती, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव की नींव रखती है। महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए संजय सेठ ने बताया कि रोटरी के माध्यम से तीन करोड़ रुपये की सिलाई मशीनें अगले माह महिला स्वयं सहायता समूहों को प्रदान की जाएंगी। इससे हजारों महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने में मदद मिलेगी। वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकेंगी। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं मजबूत होती हैं, तो परिवार और समाज दोनों सशक्त होते हैं।

सत्र के आज तीसरे दिन काउंसिल ऑफ लेजिस्लेशन के चुनाव में सत्र 2026-29 पीडीजी जोगेश गंभीर एवं सत्र 2028-29 के गवर्नर डॉ अजय कुमार इलेक्ट हुए। चुनाव प्रक्रिया इलेक्शन ऑब्जर्वर पीडीजी दीपक कुमार, चेयरमैन पीडीजी राकेश प्रसाद, पीडीजी शिवप्रकाश बागड़िया, बैलेटिंग कमेटी चेयरमैन पीडीजी डॉ बिंदु सिंह की देखरेख में संपन्न हुआ। पूरे चुनावी प्रक्रिया का संचालन डिस्ट्रिक्ट गवर्नर नम्रता की देखरेख में हुआ। कार्यक्रम का संचालन शाहिद पॉल एवं अजय छाबड़ा ने संयुक्त रूप से किया।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
200000 Subscribers
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 22 दिसंबर, 2025
www.azadsipahi.in



# गोल प्रतिभा खोज परीक्षा में शामिल हुए 43 हजार से ज्यादा विद्यार्थी

**सफल छात्रों को मिलेगी सौ प्रतिशत तक की छात्रवृत्ति**

**उत्कृष्ट रैंक प्राप्त करनेवाले को आकर्षक पुरस्कार भी**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गोल इंस्टीट्यूट की ओर से रविवार को गोल प्रतिभा खोज परीक्षा (जीटीएसइ) की मुख्य परीक्षा आयोजित की गयी। इसमें बड़ी संख्या में बिहार, झारखंड, ओड़िशा, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश के कक्षा 6वीं से 10वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इंस्टीट्यूट के संस्थापक और प्रबंध निदेशक विपिन सिंह ने बताया कि छात्रों की प्रतिभा को पहचानने, परखने और उसे सही दिशा देना परीक्षा का मुख्य उद्देश्य है। इसका आयोजन 17 वर्षों से निरंतर किया जा रहा है। इसके माध्यम से अब तक सैकड़ों मेधावी छात्रों को प्रोत्साहन और सटीक मार्गदर्शन प्रदान किया गया है। परिणामस्वरूप गोल के छात्र आज देश के शीर्ष मेडिकल कॉलेजों, इंजीनियरिंग संस्थानों और सिविल सेवा परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर संस्थान का नाम गौरवान्वित कर रहे हैं। मुख्य परीक्षा से संबंधित जानकारी देते हुए इंस्टीट्यूट के असिस्टेंट डायरेक्टर रंजय सिंह ने बताया कि प्री-एग्जाम में लगभग 1.50 लाख से अधिक छात्रों ने भाग लिया था, जिनमें से 43,876 छात्रों का चयन मुख्य परीक्षा के लिए किया गया। यह परीक्षा राज्यों के जोनल मुख्यालयों पर शांतिपूर्ण व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। मुख्य परीक्षा में सफल विद्यार्थियों को आगामी सेमिनार में मेडल, प्रमाण पत्र प्रदान किए जायेंगे। साथ ही उत्कृष्ट रैंक प्राप्त करने वाले छात्रों को लैपटॉप, साइकिल और अन्य आकर्षक पुरस्कार भी दिये जायेंगे।

गोल इंस्टीट्यूट के आर एंड डी प्रमुख आनंद वत्स ने बताया कि मुख्य परीक्षा में सफल छात्रों को गोल के विभिन्न कोर्सेज में 100 प्रतिशत तक छात्रवृत्ति दी जायेगी, जिससे उनकी तैयारी को सशक्त सहयोग मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि जो छात्र किसी कारणवश जीटीएसइ परीक्षा में शामिल नहीं हो पाये हैं, वे गोल इंस्टीट्यूट द्वारा प्रत्येक शनिवार और रविवार को आयोजित गोल स्कॉलरशिप परीक्षा में भाग लेकर छात्रवृत्ति का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। मुख्य परीक्षा का परिणाम और सेमिनार से संबंधित विस्तृत जानकारी शीघ्र ही विद्यार्थियों को मैसेज के माध्यम से और वेबसाइट पर उपलब्ध करा दी जायेगी। विद्यार्थी नियमित रूप से वेबसाइट विज़िट करते रहें।

## बाइबीएन विश्वविद्यालय रांची में राष्ट्रीय संगोष्ठी आज से

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का एकीकरण और विकसित भारत के संदर्भ में विश्वविद्यालयी शिक्षा पर होगी चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बाइबीएन विश्वविद्यालय, रांची, झारखंड द्वारा 22 और 23 दिसंबर को एक महत्वपूर्ण दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। इस संगोष्ठी का विषय है: नव क्षितिज की ओर अग्रसरः समकालीन विश्वविद्यालयी शिक्षा एवं विकसित भारत के संदर्भ में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का एकीकरण। इस राष्ट्रीय संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य उच्च शिक्षा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन पर गहन विमर्श करना है। साथ ही विकसित भारत के विजन की प्राप्ति में इसकी भूमिका को भी समझना है। संगोष्ठी में देशभर से प्रख्यात शिक्षाविदों, प्रशासकों, वैज्ञानिकों और नीति-निमाताओं की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी, जो इस चर्चा में अपना योगदान देंगे। इस संगोष्ठी में कई प्रमुख शिक्षाविद, शोधकर्मियों और सरकारी अधिकारियों की उपस्थिति रहेगी। इसमें प्रो (डॉ) साकेत कुशवाहा, कुलपति, यूनिवर्सिटी आफ लद्दाख; प्रो (डॉ) मनोज कुमार सिन्हा, कुलपति, धर्मशास्त्र राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, जबलपुर; प्रो (डॉ) प्रमोद कुमार वर्मा, कुलपति, महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय, जबलपुर; और प्रो (डॉ) विजय कुमार कर्ण, प्रोफेसर एवं डीन (छात्र कल्याण), नावा नालंदा महाविहार (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी), संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार, नालंदा (बिहार) सहित अन्य विशिष्ट विभूतियां शामिल होंगी। संगोष्ठी को प्रो (डॉ) दीपेंद्र सिंह, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर, जो कि फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया के शिक्षा विनियमन समिति के अध्यक्ष भी हैं, की गरिमामयी सहभागिता से विशेष समृद्धि प्राप्त होगी। इसके अलावा, डॉ नेलॉय खरे, वैज्ञानिक, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, भारत सरकार; डॉ संजय कुमार, वरिष्ठ प्रोफेसर एवं निदेशक, विज्ञान संस्थान, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी और डॉ बिस्वेंदु भट्टाचार्य, वरिष्ठ संवाददाता, यूनाइटेड न्यूज ऑफ इंडिया भी इस संगोष्ठी में भाग लेंगे। संगोष्ठी को पद्मश्री से सम्मानित अशोक भगत की गरिमामयी उपस्थिति भी विशेष रहेगी। उनका सामाजिक विकास और जमीनी स्तर पर शिक्षा के क्षेत्र में योगदान राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहनीय है। बाइबीएन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो (डॉ) सत्यदेव पोद्दार ने बताया कि इस संगोष्ठी का उद्देश्य उच्च शिक्षा में सुधारों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्यों के अनुरूप संरेखित करते हुए एक सशक्त राष्ट्रीय शैक्षणिक मंच का निर्माण करना है। इसके माध्यम से नवाचार, बहुविषयक अध्ययन और मूल्य-आधारित शिक्षा को बढ़ावा दिया जायेगा, जिससे विकसित भारत के लक्ष्य में सार्थक योगदान किया जा सके। संगोष्ठी के दौरान बहुविषयक शिक्षा, शैक्षणिक लचीलापन, अनुसंधान एवं नवाचार, कौशल विकास, डिजिटल शिक्षण, और राष्ट्र-निर्माण में विश्वविद्यालयों की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी। इस कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्य व्याख्यान, पूर्ण सत्र, पैनल चर्चा और शोध पत्र प्रस्तुतियां आयोजित की जायेगी। देशभर से आए शोधार्थियों द्वारा प्रस्तुत किये गये शोध पत्रों पर विस्तृत चर्चा की जायेगी, ताकि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत किये जा रहे प्रयासों की स्थिति और भविष्य की दिशा को बेहतर तरीके से समझा जा सके।

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल में मना वर्ल्ड मेडिटेशन डे

**एओएल के शिक्षकों ने कराया ध्यानाभ्यास**

**योगिक क्रिया से दो-चार हुए प्रतिभागी**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल में रविवार को वर्ल्ड मेडिटेशन डे मनाया गया। मौके पर आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन के सहयोग से विशेष ध्यान सत्र आयोजित की गयी। इसमें विद्यार्थियों और शिक्षकों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यालय समुदाय में मानसिक स्वास्थ्य, भावनात्मक संतुलन और समग्र विकास को बढ़ावा देने था। एओएल के विशिष्ट प्रशिक्षकों हर्षद वायेडा और निवेदिता पांडेय ने सत्र का संचालित किया। उन्होंने प्रतिभागियों को ध्यान और योगिक अभ्यासों के माध्यम से आंतरिक शांति, एकाग्रता और मानसिक स्थिरता प्राप्त करने के उपाय बताये। वायेडा, जो शेयर मार्केट में प्रमाणित रिसर्च एनालिस्ट और एओएल फाउंडेशन से प्रमाणित योग प्रशिक्षक हैं, ने आध्यात्मिक दृष्टिकोण और व्यावसायिक अनुभव का समन्वय प्रस्तुत किया। निवेदिता पांडेय, जो संस्कृत में बीएड स्नातक और एओएल की प्रशिक्षिका हैं, ने ध्यान से संबंधित व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए इसके जीवन में आने वाले सकारात्मक और परिवर्तनकारी प्रभावों पर प्रकाश डाला।

प्रतिभागियों ने अनुभव को लाभकारी, स्फूर्तिदायक और मानसिक रूप से ताजगी प्रदान करने वाला बताया। विद्यालय की प्रधानाचार्या मनीषा शर्मा ने संदेश में कहा कि वर्ल्ड मेडिटेशन डे का आयोजन केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता तक सीमित न होकर विद्यार्थियों और शिक्षकों के भावनात्मक और मानसिक सशक्तिकरण की दिशा में एक सार्थक पहल है। इस तरह की गतिविधियां आत्म-जागरूकता, सहनशीलता, एकाग्रता और विचारों की स्पष्टता जैसे महत्वपूर्ण जीवन कौशल विकसित करने में सहायक होती हैं।

# यह किराया संरचना में युक्तिसंगत बदलाव है: रेलवे



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने कहा है कि पिछले एक दशक में रेलवे ने अपने नेटवर्क और परिचालन का काफी विस्तार किया है। बढ़े हुए परिचालन स्तर को संभालने और सुरक्षा में सुधार के लिए रेलवे अपने मानव संसाधन को बढ़ा रहा है। इसके परिणामस्वरूप मानव संसाधन पर खर्च बढ़कर 1.15 लाख करोड़ रुपये हो गया है। पेंशन पर खर्च 60 हजार करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। वर्ष 2024-25 में कुल परिचालन लागत बढ़कर 2.63 लाख करोड़ रुपये हो गयी है। इन बढ़ी हुई लागतों को पूरा करने के लिए रेलवे अधिक माल ढुलाई पर ध्यान केंद्रित कर रहा है और यात्री किराये में मामूली युक्तिकरण किया गया है। सुरक्षा और बेहतर परिचालन पर किये गये इन प्रयासों के कारण रेलवे ने सुरक्षा में उल्लेखनीय सुधार किया है। भारत विश्व का दूसरा सबसे बड़ा माल ढुलाई करने वाला रेलवे बन गया है। हाल ही में त्योहारों के मौसम में 12,000 से अधिक ट्रेनों का सफल संचालन भी बेहतर परिचालन दक्षता का उदाहरण है। रेलवे अपने सामाजिक दायित्वों को पूरा करने के लिए आगे भी दक्षता बढ़ाने और लागत को नियंत्रित करने के प्रयास जारी रखेगा।

## आरसी मिशन रेजिडेंशियल स्कूल का मना वार्षिक उत्सव

# बच्चे राष्ट्र की नींव : आलोक दुबे



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आरसी मिशन रेजिडेंशियल स्कूल का वार्षिक उत्सव पासवा (पब्लिक स्कूल्स एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन) के तत्वावधान में धूमधाम से मनाया गया। इसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे मुख्य अतिथि के रूप में हिस्सा लिया। पासवा के उपाध्यक्ष लाल किशोर नाथ शाहदेव गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में मौके पर मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुति से सब का मन मोहा। एसोसिएशन के महासचिव नीरज सहाय, पासवा पदाधिकारी उमेश मेहता, मेघाली सेन गुप्ता आदि ने भी इसमें खास तौर से भागीदारी निभायी। कार्यक्रम की मेजबानी हजारीबाग जिला अध्यक्ष और स्कूल के निदेशक मिंकू प्रसाद के नेतृत्व में की गयी। आलोक कुमार दुबे ने कहा कि बच्चे राष्ट्र की नींव हैं। शिक्षा के साथ-साथ संस्कार, कला और संस्कृति का समन्वय ही उनके सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त करता है। पासवा का उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को समाज के अंतिम पायदान तक पहुंचाना और बच्चों के अधिकारों व कल्याण के लिए निरंतर कार्य करना है।

लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि बच्चों के भीतर छिपी प्रतिभा को पहचान कर उसे सही दिशा देना ही समाज और शिक्षा संस्थानों की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। पासवा इसी लक्ष्य के साथ निरंतर कार्य कर रहा है।

# एमकेआइ और टीसीएन नर्सिंग स्कूल के छात्रों का शैक्षिक दौरा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** एमकेआइ और टीसीएन नर्सिंग स्कूल के छात्रों ने औद्योगिक प्रशिक्षण और शैक्षिक दौरे में सुधा डेयरी प्लांट का दौरा किया। डेयरी संचालन, गुणवत्ता नियंत्रण और दूध उत्पादों की आपूर्ति श्रृंखला में व्यावहारिक जानकारी प्राप्त किया। दूध प्रसंस्करण, पैकेजिंग और वितरण सहित प्लांट की उत्पादन प्रक्रियाओं का अवलोकन भी किया। छात्रों को डेयरी उद्योग का व्यावहारिक अनुभव और जानकारी प्रदान करना इसका मुख्य उद्देश्य था। छात्र कल्याण डीन डॉ आरती गुप्ता, प्रशिक्षण और प्लेसमेंट अधिकारी डॉ सोनिया रानी, इसीइ विभाग की प्रमुख सह प्रशिक्षण और प्लेसमेंट समन्वयक इंजीनियर कुमारी विनीता और छात्र समन्वयक मौ मोखरीजी का मार्गदर्शन छात्रों को मिल रहा है। वाइबीएन विश्वविद्यालय के अध्यक्ष रामजी यादव, सीएमडी डॉ अंकिता यादव, कुलपति डॉ सत्यदेव पोद्दार और वाइबीएन विश्वविद्यालय के सभी स्टाफ सदस्य प्रशिक्षण और प्लेसमेंट सेल के दो दिनी छात्र औद्योगिक दौरे के लिए बधाई दी है।

# कलावती देवी की पुण्यतिथि पर किये गये सेवा कार्य

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** वाइबीएन विश्वविद्यालय के चेयरमैन रामजी यादव की माताजी स्वर्गीय मां कलावती देवी की तृतीय पुण्यतिथि के पर ट्राइबल सोशल वेलफेयर सोसाइटी ने सामाजिक कल्याण कार्यक्रम का आयोजन किया। इसके तहत सेवा कार्य किये गये। दूरस्थ और ग्रामीण क्षेत्रों से आये वृद्धजनों को सहायता, सम्मान और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करायी गयी। वरिष्ठ नागरिकों को ठंड से राहत देने के लिए निःशुल्क कंबलों का वितरण किया गया। साथ ही मां कलावती होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज और अस्पताल ने मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया। चिकित्सकों ने वृद्धजनों की सामान्य स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक परामर्श और मार्गदर्शन प्रदान किया। रामजी यादव ने कहा कि स्वर्गीय मां कलावती देवी के सेवा, स्नेह और परोपकार के मूल्यों को स्मरण करते हुए उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करती है। सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति वाइबीएन विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को भी दर्शाती है।

# डॉ रजी अहमद की पुस्तक पलामू किले का रहस्य का विमोचन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राजधानी के डॉ रजी अहमद की पहली हिंदी और छठी पुस्तक 'पलामू किले का रहस्य' का विमोचन प्रसिद्ध अभिनेता राजेश जैस ने किया। उन्होंने कहा कि अच्छी बात है कि झारखंड की कहानियां नेशनल-इंटरनेशनल लेवल पर जा रही हैं। अब लोग यहां की कहानी जान-समझ रहे हैं। मौके पर प्रेस क्लब के अध्यक्ष शंभु नाथ चौधरी, डॉक्टर सना अंजुम हक, डॉ मंजुला सिन्हा, डॉ विकास कुमार, डॉ राहुल रॉय आदि मौजूद रहे। संचालन कुंदन कुमार चौधरी ने किया। राँची के रहने वाले बेस्टसेललिंग लेखक डॉ रजी अहमद की अंग्रेजी पुस्तक 'द सीक्रेट ऑफ द पलामू फोर्ट,' का हिंदी अनुवाद है। डॉ रजी अहमद एक डॉक्टर हैं और वर्तमान में रांची के मणिपाल अस्पताल में कार्यरत हैं। अब तक इनकी पांच पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। खास बात है कि इनकी सारी किताबों की कहानियां झारखंड के ही स्थानों और किरदारों पर आधारित होती हैं। हाल ही में उनकी बच्चों की दो पुस्तकें भी प्रकाशित हुई हैं जो फंतासी एवं अंतरिक्ष विज्ञान में बच्चों की रूचि जगाती हैं। इन दोनों पुस्तकों का डियाट्रिब्यूशन भारत के सबसे बड़े प्रकाशक पेंगुइन ने किया है। पलामू किले का रहस्य यह डॉ रजी की 2019 में मूलतः अंग्रेजी में प्रकाशित पहली पुस्तक थी। यह किताब बहुत सफल रही थी एवं शुरूआती 2 हफ्तों में ही इसकी 5000 प्रतियां बिक गई थीं। झारखंड में स्तिथ एक प्राचीन किले से जुड़ा यह पारलौकिक जासूसी उपन्यास लोगों के कोतुहल का विषय बन गया था। कई बॉलीवुड कलाकारों में भी इस पुस्तक की बहुत सराहना की थी। इसी कारण एक बड़े प्रोडक्शन हाउस ने इस किताब के अधिकार एक वेब सीरीज बनाने के लिए लिए हैं। तथा काफी बड़े स्तर पर इसका निर्माण होगा। इस पुस्तक की सफलता को देखते हुए अब इसके हिंदी अनुवाद को भी प्रकाशित किया जा रहा है।

**डॉ रजी की अन्य पुस्तकें :** द मार्स कांस्पीरेसी : एक प्राइवेट स्पेस एजेंसी 'स्पेस -टेक' झारखंड के सिमडेगा के जंगलों में अपना रिसर्च सेंटर बनाती है, परंतु इसके बनने के बाद से ही वहां रात में आसमान के कई बार अजीब रोशनियां देखी जाती हैं और साथ ही कुछ गांव वालों की छत विक्षत लाशें उसके परिसर के बाहर मिलती हैं। ऐसा लगता है कि वे तेंदुए के हमले में मारे गए हैं, परंतु उस स्पेस सेंटर के अंदर एक बहुत रहस्यमय एक्सपेरिमेंट चल रहा है। क्या रांची के तीन यूटूबर्स श्रेयसी, अंकुश, और रवि, तथा जीवन से हारा हुआ एक इंस्पेक्ट डेविड कुजूर, इस रहस्य से पर्दा उठा पायेंगे?

**वुहान - नॉट ए लव स्टोरी :** 2019 में पूरी दुनिया को अपने घुटनों पर ला देने वाले वायरस के उद्गम का राज जानने भारतीय मूल का ऋक एजेंट विक्टर कुजूर और एक अमरीकी मॉलिक्यूलर बायोलॉजिस्ट सेलिना चैन, एक बेहद खतरनाक मिशन पर चीन जाते हैं। क्या यह मिशन उनका आखिरी मिशन साबित होगा?

**स्पेस एडवेंचर्स ऑफ कैप्टेन मंगरा एंड बिरसा :** इसरो के युवा विज्ञानी कार्यक्रम के द्वारा रांची के एक स्कूल से मंगरा नाम के एक दस वर्षीय मेधावी क्षात्र का चयन होता है और उसके बनाये आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस से ISRO एक स्पेस रोबॉट BIRSA का निर्माण करता है। मंगरा और बिरसा आइएसआरओ के एक सांकेतिक स्पेस मिशन पर जाते हैं मगर वहां एक 'वर्म होल' में फंस कर अंतरिक्ष मे खो जाते हैं। वहां उनकी मुलाकात एलियन सभ्यताओं एवं एक अंतरिक्ष लुटेरे से होती है। क्या वे सारी मुसीबतों से लड़ कर पृथ्वी वापस आ पायेंगे?

**प्रिंसेस आयरा एंड द माउंटेन ऑफ एनचंटमेंट :** झारखंड के घने जंगलो में साल के तीन वृक्षों के बीच एक दूसरी दुनिया का द्वार है, जहां पर दो राज्य वंदुरिया और नेफारिया हैं। अच्छाई का प्रतीक वनदुरिया एक बहुत ही शक्तिशाली जादुई पत्थर की रक्षा करता है। वहीं मक्कार जादूगरों एवं मायावी शक्तियों से भरा राज्य नेफारिया, उस पत्थर को चुरा कर काली शक्तियों का शासन लाना चाहता है। इस उद्देश्य के लिए वे वंदुरिया की छह वर्षीय राजकुमारी आयरा को अगवा करके माया-पर्वत में कैद कर देते हैं। क्या राजकुमारी आयरा और उसका ड्रैगन इस मुसीबत से निकल कर जादुई पत्थर की रक्षा कर पायेंगे?

### पुस्तक में रोमांचक कहानी लुभाती है

**डॉ रजी अहमद की पुस्तक में रोमांचक कहानी लुभाती है। झारखंड के पलामू स्तिथ पलामू किले पर प्रेत छाया पड़ चुकी है। किले में जाने वाले लोगों को वहां अजीब आवाजे सुनायी देती हैं और एक साया दिखायी देता है। रांची के संत जेवियर कॉलेज के इतिहास के प्रोफेसर की रहस्यमय परिस्थितियों में हत्या होती है, जिसके कारण रांची का ही रहने वाला जासूस रॉबिन होरो इस केस को अपने हाथ में लेता है, परंतु इस मामले के तार 350 वर्ष पहले पलामू पर शासन करने वाले चेरो वंश और उसके खजाने से जुड़ जाते हैं। क्या जासूस रॉबिन होरो एक प्रेतात्मा तथा चेरो राजवंश के खजाने से जुड़े श्राप से लड़कर यह गुत्थी सुलझा पायेगा?**

# दोहरा खिताब जीतनेवाले विशाल बने प्लेयर ऑफ टूर्नामेंट



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पांच दिवसीय 18वीं जेड स्नूकर एवं पुल चैंपियनशिप का बरियातू स्थित गेमर्स गैराज क्लब में रविवार को समापन हुआ। यह टूर्नामेंट हर साल डॉ मोहम्मद जाकिर के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित किया जाता है। इस प्रतियोगिता में अलग-अलग इवेंट्स में निम्न विजेता एवं उपविजेता रहे। मास्टर स्नूकर (15 रेड्स) विशाल कुमार ने यश दास को हराया। मास्टर (6 रेड्स) में विशाल कुमार ने रोहित चौधरी को पराजित किया। संतोष घोष मिनी स्नूकर (6 रेड्स) में हर्ष को हराया। संतोष घोष ने मिनी स्नूकर (15 रेड्स) में सुजल साहू को हराया। बिलियड्र्स में इंदौर ने यश को हराया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार एवं रांची प्रेस क्लब के अध्यक्ष शंभु नाथ चौधरी ने विजेताओं और उपविजेताओं को ट्रॉफी देकर उनका उत्साह बढ़ते हुए कहा कि स्नूकर-पूल एक एकाग्रता, अनुशासन और कौशल का खेल है। उसे अपनी ज़िंदगी के लक्ष्य प्राप्ति पर भी अमल में लायें। क्लब की ओर से विजेताओं और उपविजेताओं को मेंबरशिप दी गयी। इस अवसर पर डॉ मोहम्मद जाकिर, विनोद उपाध्याय, यश किंगर, नीतेश, नील, सिद्धार्थ गौतम, यश दास, अंकित, तनवीर, प्रकाश, अनुराग सहित सभी खिलाड़ी मौजूद थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
200000 Subscribers
YouTube Channel
Subscribe NOW



# राष्ट्रीय पुस्तक मेले की तैयारियां शुरू

## 26 दिसंबर से 4 जनवरी तक सजेगी अक्षरों की दुनिया

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** झारखंड की शैक्षिक एवं सांस्कृतिक नगरी रांची के जिला स्कूल मैदान में आयोजित होने वाले 10 दिवसीय राष्ट्रीय पुस्तक मेला की तैयारियां रविवार को भूमि पूजन के साथ जोर-शोर से शुरू हो गईं। भूमि पूजन कार्यक्रम में समय इंडिया के प्रबंध न्यासी चन्द्र भूषण के अलावा मंडप निर्माण से जुड़ी संस्था के कर्मचारी व प्रतिनिधि तथा स्थानीय लेखक और संस्कृतिकर्मी उपस्थित रहे। यह पुस्तक मेला 26 दिसंबर से 4 जनवरी तक आयोजित किया जाएगा, जहां अक्षरों की दुनिया सजेगी। मेले में एक ही छत के नीचे हर आयु वर्ग के पाठकों के लिए हिन्दी और अंग्रेजी पुस्तकों की व्यापक श्रृंखला उपलब्ध रहेगी। समय इंडिया, नई दिल्ली पुस्तकों को पाठकों से जोड़ने की मुहिम के तहत यह राष्ट्रीय पुस्तक मेला लेकर आया है। पाठकों के लिए मेला प्रतिदिन प्रातः 11 बजे से रात्रि 7.30 बजे तक खुला रहेगा। यह जानकारी समय इंडिया के प्रबंध न्यासी चन्द्र भूषण ने दी।

चन्द्र भूषण ने बताया कि इस पुस्तक मेले को लेकर प्रकाशकों और पुस्तक विक्रेताओं में विशेष उत्साह है। वे अपने साथ नई और पुरानी पुस्तकों का समृद्ध संग्रह लेकर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि पुस्तकें न केवल ज्ञान देती हैं, बल्कि पाठकों को एक ऐसी दुनिया में ले जाती हैं, जहां संवेदनशीलता और मानवीय मूल्य विकसित होते हैं। राष्ट्रीय पुस्तक मेला का उद्देश्य समाज में पुस्तकों के प्रति बढ़ती उदासीनता को दूर करना और पाठकों को फिर से किताबों के करीब लाना है। पुस्तक मेले में जिन प्रमुख प्रकाशकों और पुस्तक विक्रेताओं की सहभागिता सुनिश्चित हो चुकी है, उनमें राजपाल एण्ड संस, प्रकाशन संस्थान, समय प्रकाशन, यश प्रकाशन, योगदा सत्संग सोसायटी ऑफ इंडिया, क्राउन पब्लिकेशन, झारखंड झरोखा, गीता प्रेस, श्री कबीर ज्ञान प्रकाशन केन्द्र, बोधकृति प्रकाशन, त्रिदेव बुक कलेक्शन, सस्ता साहित्य मंडल, उपकार प्रकाशन सहित कई प्रतिष्ठित नाम शामिल हैं। इसके अतिरिक्त वाणी प्रकाशन, राजकमल प्रकाशन, राधाकृष्ण प्रकाशन, पुस्तक महल, मनोज पब्लिकेशन और किताब घर की पुस्तकें भी पाठकों के लिए उपलब्ध रहेंगी।

# धन्य घड़ी धन्य भाग्य हमारा, मैया जी म्हारे घरा पधारा, करो स्वागत मैया को...





### सरब सुहागन मिल मंदिरिए में, तो मैया जी के हाथ रचायी मेहंदी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री जीण माता परिवार के द्वारा स्थानीय मारवाड़ी भवन हरमू रोड रांची में आदिशक्ति श्रीजीण माताजी का मंगल पाठ सह तृतीय वार्षिक उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए अध्यक्ष दिलीप पटवारी ने बताया कि महोत्सव की शुरुआत मुख्य यजमान प्रदीप सिंघानिया द्वारा सपत्नी गणेश पूजन के साथ की। इसके बाद श्रीजीण माता का महाअभिषेक वैदिक मंत्रों उच्चारण के साथ शुरू हुआ। महाभिषेक के बाद माता की ज्योत जलायी गयी। इसके पश्चात कोलकाता से पधारे मंगल पाठ वाचक बाल किशन शर्मा एवं विनोद शर्मा के सानिध्य में 551 महिलाओं के द्वारा राजस्थानी पारंपरिक वेशभूषा में मंगल पाठ किया गया। मंगल पाठ के दौरान माता का जन्मोत्सव, मेहंदी महोत्सव, चूनड़ी महोत्सव एवं गजरा महोत्सव भी मनाया गया। महोत्सव के दौरान श्री जीण माता को विशेष रूप से बनायी गयी 151 फीट की चुनरी भी उढायी गयी तथा 51 फीट का गजरा भी मां को अर्पण किया गया। कार्यक्रम में माता जीण के जीवन पर आधारित नृत्य नाटिका का मंचन भी किया गया। कार्यक्रम में रांची और इसके आसपास के की सभी समितियां ने हिस्सा। समापन महा आरती के साथ हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष दिलीप पटवारी उपाध्यक्ष विक्रम खेतावत सचिव प्रदीप सिंघानिया कोषाध्यक्ष सुभाष अग्रवाल, सह सचिव मुकेश भारतीय, विजय केडिया, संजय मारोदिया, मनीष पालड़ीवाल, संजय मोदी, विकास शिवरामका, कमलेश शर्मा, राजू पोद्दार, दिलीप पोद्दार, पवन अग्रवाल, सोनू मोदी, मंजू डीडवानिया, सरिता गोकुलका, नीलम केडिया सहित अन्य सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

### हिंदी साहित्य भारती, झारखंड प्रदेश कार्यसमिति की बैठक

# संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण, जिला विस्तार एवं कोष संग्रह पर हुआ व्यापक विमर्श

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** हिंदी भाषा, साहित्य और संगठन को सशक्त बनाने के उद्देश्य से हिंदी साहित्य भारती, झारखंड प्रदेश की प्रदेश कार्यसमिति की एक महत्वपूर्ण बैठक राजधानी रांची के सर्कुलर रोड, लालपुर स्थित होटल सिटी पैलेस में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता हिंदी साहित्य भारती, झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष अजय राय ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री रामनिवास शुक्ल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महामंत्री डॉ सुनीता कुमारी ने किया। बैठक की शुरुआत नवगठित प्रदेश इकाई की औपचारिक घोषणा के साथ हुई। मुख्य अतिथि रामनिवास शुक्ल ने हिंदी साहित्य भारती के राष्ट्रीय स्तर पर किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण पर बल देते हुए कहा कि नियमित बैठकें, सक्रिय जिला इकाइयां और अनुशासित कार्यप्रणाली ही संगठन को मजबूत बना सकती है।

प्रदेश प्रभारी डॉ अरुण कुमार सज्जन ने संगठन की वैचारिक प्रतिबद्धता, अनुशासन और दीर्घकालिक रणनीति पर अपने विचार रखे। बैठक के दौरान समाजसेवी शंकर दुबे, प्राचार्य विजय शर्मा, डॉ अटल पांडेय, वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक शुक्ला, मनीष अरविंद, अमित नाथ चरण, पूजा रत्नाकर, गया प्रसाद राय, बजरंग बर्मा, संजीव दत्ता, बलराम पाठक, अमित कुमार कश्यप, नवीन कुमार राय ने अपने सुझाव रखे। इस अवसर पर राजेश कुमार, सुरेन्द्र सिंह, देवानंद राय, आलोक झा, वीर बहादुर सिंह, प्रीत यादव, सुकुमार झा,अनिकेत सिंह, संजीत राम, मुकेश साहू उपस्थित रहे।

# रांची मेयर सीट पर विवाद : अनु जाति समन्वय समिति सुप्रीम कोर्ट जायेगी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रांची नगर निगम के मेयर सीट को एससी आरक्षित सीट से हटाने के निर्णय के खिलाफ अखिल भारतीय अनुसूचित जाति समन्वय समिति ने सुप्रीम कोर्ट जाने का ऐलान किया है। समिति का कहना है कि राज्य सरकार ने संविधान का उल्लंघन करते हुए चक्रानुक्रम को हटाया, जिसके कारण रांची नगर निगम के मेयर सीट को एससी आरक्षित सीट से हटा दिया गया। रविवार को रांची के कांके रोड स्थित रॉक गार्डन में आयोजित एक बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति के संयोजक राजू राम ने की, संचालन गोबिंदा वाल्मीकि और धन्यवाद ज्ञापन अर्चना मिर्धा ने किया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि राज्य सरकार द्वारा जारी की गयी आरक्षण नीति एससी समुदाय के अधिकारों का उल्लंघन करती है। समिति ने इस मुद्दे को लेकर अपनी आवाज बुलंद करने का संकल्प लिया है। समिति ने बताया कि 2008 के परिसीमन और 2011 की जनगणना के आधार पर, 2008 और 2013 के रांची नगर निगम पार्षद चुनावों में एससी के लिए 5 सीटों का आरक्षण था। लेकिन हाल ही में रांची उपायुक्त द्वारा जारी आरक्षण नीति में एससी के लिए केवल 2 सीटें आरक्षित की गयी है, जो जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण के मापदंडों के खिलाफ है। समिति के सदस्य संतोष रजक ने कहा कि यह सरकार दलितों के अधिकारों के साथ हकमारी कर रही है। जनसंख्या के आधार पर एससी के लिए 6 सीटें आरक्षित होनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि समिति 22 दिसंबर को राज्य निर्वाचन आयोग और रांची उपायुक्त के पास विरोध दर्ज करायेगी। इस बैठक में समिति के कई प्रमुख सदस्य उपस्थित थे, जिनमें उपेंद्र कुमार रजक, गोबिंदा वाल्मीकि, राजू राम, कारण नायक, अर्चना मिर्धा सहित अन्य लोग शामिल थे।

## महत्वपूर्ण खबरें

### टी-सीरीज और आस्था चैनल आर्टिस्ट बिनाश्री सरकार को रतन श्री अवार्ड से किया सम्मानित



रांची (आजाद सिपाही)। आड्रे हाउस में रतन श्री अवार्ड का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में टी-सीरीज और आस्था चैनल आर्टिस्ट, एंकर, फाउंडर संगीत सरिता एंड हार्मनी इवेंट का स्कूल इपीजीसी महिला वेंकी प्रेसिडेंट बिनाश्री सरकार को नदिया के पार की फेमस एक्ट्रेस (गुंजा)साधना सिंह के हाथों रत्नश्री अवार्ड दिया गया। बिनाश्री ने साधना कुमार झा का धन्यवाद किया और ढेर सारी शुभकामनाएं दी। साथ ही साथ क्रिमिनल एडवोकेट और लायंस क्लब की चेयरपर्सन सोनाली भट्टाचार्य को विराट श्री अवार्ड से सम्मानित किया गया। उन्हें समाज में दिये योगदान के लिए और विजन आरोग्यम के फाउंडर राजीव रंजन मिश्रा को भी सम्मानित किया गया।

### फोटो जर्नलिस्ट एसोसिएशन की हुई महत्वपूर्ण बैठक, नयी कमेटी का गठन



रांची (आजाद सिपाही)। फोटो जर्नलिस्ट एसोसिएशन की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को दुर्गा मंदिर के भुतहा तालाब स्थित परिसर में आयोजित की गयी। बैठक में रांची के विभिन्न मीडिया संस्थानों से जुड़े बड़ी संख्या में फोटो जर्नलिस्टों की उपस्थिति रही। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से एसोसिएशन की नयी कमेटी का गठन किया गया। इसमें मनोज श्रीवास्तव अध्यक्ष, जावेद अख्तर उपाध्यक्ष, मनोरंजन कुमार सिंह सचिव, विकास राजगढ़िया कोषाध्यक्ष और नसीम अख्तर को संयुक्त सचिव चुना गया। बैठक में एसोसिएशन के विस्तार और समाज के हित में सकारात्मक कार्यों को लेकर विस्तृत चर्चा की गयी। इस दौरान यह निर्णय लिया गया कि किसी भी फोटो जर्नलिस्ट के गंभीर संकट या आपात स्थिति में एसोसिएशन की ओर से 10 हजार तक की त्वरित आर्थिक सहायता प्रदान की जायेगी। इस अवसर पर वरिष्ठ फोटो जर्नलिस्ट संजय सुमन को प्रेस क्लब के कार्यकारिणी सदस्य चुने जाने पर सभी ने उन्हें बधाई दी और मिठाई खिलाकर खुशी व्यक्त की। अंत में एसोसिएशन की ओर से सभी फोटो जर्नलिस्टों और वरिष्ठ साथियों को सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

### रांची नगर-निगम में अनुसूचित जाती को 8 सीटों पर दिया जाये आरक्षण: मुकेश नायक

रांची (आजाद सिपाही)। अनुसूचित जाति समन्वय समिति घासी समाज के प्रदेश अध्यक्ष टाइगर संदीप नायक व प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष मुकेश  नायक ने झारखंड सरकार और राज्य निर्वाचन चुनाव आयोग और उपायुक्त रांची  को पत्र लिखकर निकाय चुनाव में वार्ड पार्षद के लिए कम से कम 8 सीटों को आरक्षित करने की मांग की है। टाइगर संदीप नायक ने कहा कि रांची नगर निगम क्षेत्र की जनसंख्या 8 से 10 लाख की है। इसमें 10 फीसदी आबादी हमारी अनुसूचित जाति वर्ग की है। एसे में मात्र दो 2 सीटों का निर्धारण बहुत ही कम है। इसलिए इसकी सीट बढ़ाकर कम से कम 8 किया जाये। वहीं मुकेश नायक ने कहा कि रांची मेयर सीट हकमारी ना करे नहीं तो अनुसूचित जाति के लोग रांची बंद करने को बाध्य होंगे।

### राष्ट्रीय जयहिंद पार्टी की बैठक आयोजित

रांची (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय जयहिंद पार्टी समिति की विशेष बैठक पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष बबन चौबे की अध्यक्षता में प्रदेश कार्यालय चतुर्वेदी विला कांके रोड झारखंड में संपन्न हुई। बैठक में प्रदेश में पार्टी की नींव सुदृढ करने और संगठन विस्तार पर चर्चा की गयी। केन्द्रीय समिति के पदाधिकारियों से परस्पर विचार-विमर्श कर कई निर्णय लिये गये। इनमें पूरे राज्य में पार्टी के पांच लाख सदस्य बनाये जाने जैसे निर्णय शामिल रहे। इसके साथ ही इस बैठक में हरिशचंद्र तिवारी को पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया।

### कांग्रेस के 140 वें स्थापना दिवस पर 28 को घर-घर फहराया जायेगा पार्टी का झंडा

रांची (आजाद सिपाही)। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 140 वां स्थापना दिवस आगामी 28 दिसंबर को पूरे देश में मनाया जायेगा। इस अवसर पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने भी निर्णय लिया है कि प्रदेश के जिला, प्रखंड, मंडल, ग्राम पंचायत एवं वार्ड कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता अपने-अपने आवासों पर कांग्रेस का झंडा फहराएंगे।इसी क्रम में रविवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कांके विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बुढ़मू प्रखंड के ठाकुरगांव में पंचायत अध्यक्षों के बीच कांग्रेस के झंडों का वितरण किया। कार्यक्रम के दौरान बुढ़मू पंचायत अध्यक्ष चंदन तिर्की, छापर पंचायत अध्यक्ष प्रभु यादव, हेसलपीरी पंचायत अध्यक्ष ललित महतो एवं गुरुगाई पंचायत अध्यक्ष तबारक हुसैन को 12-12 कांग्रेस के झंडे सौंपे गये।  इस अवसर पर सकील अख़्तर अंसारी, गोपाल तिवारी तथा प्रखंड अध्यक्ष बलराम साहू आदि मौजूद थे।

# सौरेंद्र मोहिनी पब्लिक स्कूल का वार्षिक खेल महोत्सव

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** सौरेंद्र मोहिनी पब्लिक स्कूल में रविवार को वार्षिक खेल महोत्सव का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि प्रेस क्लब के प्रेसिडेंट शंभूनाथ चौधरी ने दीप प्रज्जवलित कर किया। बच्चों को प्रोत्साहित करते हुये उन्होंने कहा कि आपको यही जस्बा, उमंग, हौसला भविष्य में अग्रसर होने के लिए आवश्यक है। चंपक शर्मा सीबीएसइ सेकसन आफिसर रांची जोन ने बच्चों को सीबीएसइ में हो रहे हैं विभिन्न बदलाव और सीबीएसइ में शारीरिक और मानसिक विकास के महत्वपूर्ण बिंदुओं से मार्गदर्शन किया। निर्देशक सौमेन दत्ता ने बच्चों को पढ़ाई के साथ खेल कूद ने भी उच्च स्तरीय रहने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम की शुरुआत विभिन्नता संस्कृत नृत्यो के द्वारा बच्चों के प्रोत्साहन को बढ़ाते हुये किया। कार्यक्रम में बच्चों के साथ उनके परिजनों ने भी सहभागिता ली। मौके पर स्कूल के प्रिंसिपल डॉ आरके दास, सुरभी सिंह, अर्चना कुमारी, रुखसार परवेज, उपासना चौधरी, मधु, मानसी डे, ईती, सिमरन, फ्रांसिसका पन्ना, सुधीर तिवारी, अभिनव कुमार शिखा, प्रीति सहित शिक्षक मौजूद थे।

### लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की प्रादेशिक स्तरीय बैठक

# आने वाले दिनों में पार्टी और अधिक मजबूती के साथ उभरेगी : बीरेंद्र प्रधान

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की प्रादेशिक स्तरीय बैठक में आगामी नगर निकाय चुनावों के संदर्भ में संगठनात्मक रणनीति और तैयारियों पर गहन चर्चा की गयी। रविवार को आयोजित बैठक का मुख्य उद्देश्य पार्टी की प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करना और संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाना था। बैठक में पार्टी के सदस्यता अभियान की प्रगति की समीक्षा की गयी और साथ ही जिला और प्रखंड स्तर पर संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने के दिशा-निर्देश दिये गये। प्रदेश से जुड़े जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाने का भी निर्णय लिया गया। प्रदेश अध्यक्ष बीरेंद्र प्रधान ने कहा कि आने वाले दिनों में लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) संगठनात्मक मजबूती, अनुशासन और जनसरोकारों के माध्यम से प्रदेश में एक सशक्त राजनीतिक विकल्प के रूप में उभरेगी। उन्होंने पार्टी कार्यकताओं से अपील की कि आगामी नगर निकाय चुनाव पार्टी के लिए जनआधार विस्तार का एक महत्वपूर्ण अवसर है।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि पार्टी जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर यदि आवश्यकता पड़ी, तो आंदोलन और प्रदर्शन के माध्यम से जनता की आवाज को मजबूती से उठाया जायेगा। इस मौके पर पार्टी के कई प्रमुख पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे, जिनमें उमेश तिवारी, कपिल पासवान, बिलाल खान, शैलेंद्र द्विवेदी, ममता रंजन, अभिषेक राय, मनोज राय, प्रदीप पासवान और अन्य प्रमुख कार्यकर्ता शामिल थे।

# जल जीवन मिशन में फर्जी बैंक गारंटी और अवैध निकासी से हुआ घोटाला : अजय साह

### भाजपा ने विशेष ऑडिट कराये जाने की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने गठबंधन सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए जल जीवन मिशन में बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने कहा कि जिस प्रकार झारखंड में शराब घोटाले में फर्जी बैंक गारंटी का खुलासा हुआ था, ठीक उसी तरह जल जीवन मिशन में भी फर्जी बैंक गारंटी और अवैध निकासी के जरिए करोड़ों रुपये का घोटाला किया गया है। अजय साह ने आरोप लगाया कि जल जीवन मिशन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक ऐतिहासिक योजना है, जिसका उद्देश्य झारखंड सहित पूरे देश में हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाना था। उन्होंने कहा कि झारखंड में यह योजना भ्रष्टाचार और लापरवाही का शिकार हो गयी। जबकि गठबंधन सरकार केंद्र सरकार पर समय पर धनराशि न देने का आरोप लगाती है, वहीं केंद्र से प्राप्त राशि का खुलेआम दुरुपयोग किया जा रहा है और बंदरबांट किया जा रहा है। अजय साह ने गिरिडीह जिले में जल जीवन मिशन के तहत हुए घोटाले का उदाहरण दिया, जिसमें बिहार की एक निर्माण कंपनी ने 1.3 करोड़ रुपये की फर्जी बैंक गारंटी दिखाकर करीब 30 करोड़ रुपये का ठेका हासिल किया। इसके बाद, बिना किसी वास्तविक कार्य के, विभाग ने कंपनी को करीब 10 करोड़ रुपये का एडवांस भुगतान कर दिया। उन्होंने कहा कि यह मामला सिर्फ गिरिडीह तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे प्रदेश में इसी तरह के घोटाले और भ्रष्टाचार के मामले सामने आ रहे हैं। अजय साह ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत केंद्र सरकार ने झारखंड को निर्धारित लक्ष्य के 90 प्रतिशत तक धन उपलब्ध कराया, लेकिन कैग की परफॉर्मेंस रिपोर्ट के मुताबिक, राज्य सरकार केवल 55 प्रतिशत लक्ष्य ही पूरा कर सकी है। उन्होंने कहा कि जो 55 प्रतिशत कार्य दिखाए गये हैं, उनकी गुणवत्ता भी संदिग्ध है। कहीं नलों का अस्तित्व ही नहीं है, तो कहीं पानी की आपूर्ति नहीं हो रही। कई गांवों में अधिकारियों और ठेकेदारों की आपसी मिलीभगत से सिर्फ कागजी खानापूर्ति की गयी है। अजय साह ने आरोप लगाया कि बालू, कोयला और पत्थर के बाद अब गठबंधन सरकार ने आम जनता के पीने के पानी तक को नहीं छोड़ा। उन्होंने कहा कि जल जैसे बुनियादी अधिकार के साथ इस तरह का खिलवाड़ अक्षम्य है। भाजपा ने इस मामले की विशेष ऑडिट कराए जाने की मांग की है और उच्च स्तरीय, निष्पक्ष जांच की अपील की है, ताकि दोषियों को बेनकाब कर सख्त कार्रवाई की जा सके।

### भाजपा के सभी आरोप बेबुनियाद : आलोक दुबे

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव अलोक कुमार दूबे ने जल जीवन मिशन को लेकर भाजपा के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। इसके बेबुनियाद बताया। कहा कि यह पूरी कवायद केंद्र सरकार की नाकामी और भ्रमित करने वाली नीति को छिपाने की एक सियासी चाल है। भाजपा पहले यह स्पष्ट करे कि जिस योजना पर वह राज्य सरकार को घेर रही है, वह कोई नई या क्रांतिकारी योजना नहीं, बल्कि पूर्ववर्ती यूपीए सरकार की योजना का नाम बदलकर पेश किया गया संस्करण है। उन्होंने कहा कि भाजपा यह बताने से बच रही है कि केंद्र सरकार ने पहले राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम जैसी योजनाओं को बंद कर केवल नाम बदलकर नई पैकेजिंग में पेश किया। नरेंद्र मोदी सरकार की यह पुरानी रणनीति रही है कि योजनाओं के नाम बदलकर प्रचार किया जाए, लेकिन जमीनी स्तर पर संसाधन और संरचना उपलब्ध न कराई जाये। कांग्रेस महासचिव ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार ने सीमित संसाधनों के बीच कई जिलों में पाइपलाइन, जलापूर्ति योजनाओं और गांव-टोला स्तर पर कार्य को आगे बढ़ा रहे हैं।

### भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अजय साह के बयान आधारहीन हैं : लाल किशोर नाथ शाहदेव



**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह के बयानों को आधारहीन और राजनीति से प्रेरित बताया है। कहा कि भाजपा अपनी केंद्र सरकार की विफलताओं और झारखंड के प्रति सौतेले व्यवहार को छिपाने के लिए अनर्गल प्रलाप कर रही है। लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि जल जीवन मिशन को ऐतिहासिक बताने वाली भाजपा यह क्यों नहीं बताती कि केंद्र सरकार ने झारखंड के भौगोलिक परिवेश को नजर अंदाज कर अव्यवहारिक लक्ष्य तय किये। केंद्र सरकार ने केवल कागजों पर आंकड़ेबाजी की है, जबकि धरातल पर फंड रिलीज करने में हमेशा देरी की गयी। हेमंत सरकार ने अपने सीमित संसाधनों के बावजूद जनता तक पानी पहुंचाने का हरसंभव प्रयास किया है। भ्रष्टाचार के आरोपों पर पलटवार करते हुए लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि भाजपा के पास कोई मुद्दा नहीं बचा है, इसलिए वह हर विकास कार्य में घोटाला शब्द जोड़ देती है। जहां तक गिरिडीह या किसी विशेष कंपनी का मामला है, राज्य सरकार की जांच एजेंसियां पूरी तरह सतर्क हैं। अगर कहीं भी तकनीकी त्रुटि या गड़बड़ी पाई जाती है, तो हेमंत सरकार बिना किसी पक्षपात के कड़ी कार्रवाई करती है, भाजपा की तरह दोषियों को संरक्षण नहीं देती। उन्होंने भाजपा प्रदेश प्रवक्ता के आंकड़ों को चुनौती देते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने झारखंड का हक मारा है। राज्य के करोड़ों रुपये का बकाया  केंद्र दबाकर बैठी है। जल जीवन मिशन में भी फंड के आवंटन में भारी विसंगतियां हैं। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि राज्य सरकार पारदर्शी शासन में विश्वास रखती है। भाजपा स्पेशल ऑडिट की मांग कर रही है, लेकिन उन्हें पहले उन राज्यों का ऑडिट कराना चाहिए जहां भाजपा की डबल इंजन सरकारें जल जीवन मिशन में पूरी तरह फेल रही हैं।

# बचपन को किधर ले जा रहा एआइ

सांस्कृतिक तौर पर भारतीयता की वापसी के दौर के बावजूद क्रिसमस की धूम कम नहीं होने जा रही। इस बार क्रिसमस पर जब बच्चे हैरतभरी उत्सुकता से गिफ्ट पैक खोलेंगे तो उन्हें ऐसे उपहार मिल सकते हैं, जो उनसे बातचीत करें, उनकी पढ़ाई में काम आएं या फिर सीखने के मोर्चे पर नये सिरे से जुटने की सीख दें। इस बार आखिर ऐसे सरप्राइज की उम्मीद क्यों है? इसका जवाब है, चीन के खिलौना निमार्ताओं की सोच। चीनी खिलौना उद्योग ने साल 2025 को कृत्रिम बुद्धिमता यानी AI वर्ष घोषित कर रखा है। इसके तहत वहां ऐसे रोबॉट और टेडी बियर बन रहे हैं, जो बच्चों को सिखा सकते हैं, उनके साथ खेल सकते हैं और उन्हें कहानियां सुना सकते हैं। ध्यान रहे, वैश्विक खिलौना बाजार में चीन की भारी हिस्सेदारी है। दुनिया के 70-80 फीसदी खिलौने चीन में ही बनते हैं और उनका दुनियाभर को निर्यात होता है। भारत के खिलौना बाजार में भी चीन की हिस्सेदारी 65 से 75 प्रतिशत तक है। देश के ग्रामीण इलाकों में AI का शिक्षा में सीधा उपयोग भले ही कम हो, लेकिन शहरों के तमाम स्कूलों में बच्चों को चैट जीपीटी से बनायी सामग्री से पढ़ाया जा रहा है। कई जगह चैटबॉट-ट्यूटर्स के साथ बच्चे सीख रहे हैं। AI जिस तरह बढ़ रहा है, उसे देखते हुए आश्चर्य नहीं कि आने वाले दिनों में बच्चे खुद के बारे में बने गाने सुनें और ऐसी कहानियां पढ़ें जिनमें वे स्टार हों। AI ने बच्चों के लिए ऐसी दुनिया के दरवाजे खोल दिए हैं, जिसमें उनके लिए अवसरों की भरमार है। अभी तक बेहतर और ज्यादा अवसर संपन्न परिवारों के बच्चों को मिलते रहे हैं, लेकिन AI आम बचपन को भी राजसी सुविधाएं उपलब्ध रहा रहा है। तकनीकी कंपनियां बता रही हैं कि जिन स्कूलों में अध्यापकों और पढ़ाई के लिए जरूरी उपकरणों की कमी है, वहां उनकी तकनीक मददगार हो सकती है। इस दिशा में हुए प्रयोगों ने साबित किया है कि AI से पढ़ाई-लिखाई और भाषा सीखने की प्रक्रिया को बनाया जा सकता है। खिलौना कंपनियां ऐसे अककेंद्रित पाठ तैयार कर चुकी हैं, जो छोटे बच्चों के काफी काम आ सकते हैं। इनमें पाठों को कार्टून स्ट्रिप या गाने के रूप में भी पेश करने की सुविधा है। हालांकि इन तकनीकों पर बच्चों को छोड़ना जोखिम भी हो सकता है। मसलन, AI ट्यूटर गलत जवाब दे सकते हैं। खिलौने पटरी से उतर सकते हैं, कामुक बातें कर सकते हैं, जिनसे बच्चों पर बुरा असर पड़ सकता है। तकनीक बच्चों के होमवर्क में चीटिंग को बढ़ावा दे सकती है या फिर 'डीपफेक' तकनीक के जरिए साथियों को परेशान करने की राह सुझा सकती है। चैटबॉट किशोरों को फुसलाकर उन्हें खुद को नुकसान पहुंचाने के लिए उकसा सकता है। AI का खतरा यह भी है कि वह अपने मालिक की पसंद समझ कर सिर्फ वैसी ही चीजें उसे दिखा-सुझा सकती है। मसलन, फुटबॉल पसंद करने वाले बच्चे को उसका टेडी सिर्फ फुटबॉल की कहानियां ही बतायेगा। इससे बच्चा एकांगी हो सकता है। चैटबॉट में रिश्तों को लेकर भी जोखिम है।

**AI का खतरा यह भी है कि वह अपने मालिक की पसंद समझ कर सिर्फ वैसी ही चीजें उसे दिखा-सुझा सकती है। मसलन, फुटबॉल पसंद करने वाले बच्चे को उसका टेडी सिर्फ फुटबॉल की कहानियां ही बतायेगा।**

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

समूचे भारत में पुल जिस तरह रोजमर्रा की जिंदगी को संवारते हैं उस ओर हममें से ज्यादातर का ध्यान नहीं जाता। वे उन दूरियों को घटाते हैं जिन्हें तय करने में कई दिन लग जाते थे। वे दूरदराज के समुदायों तक पहुंच बनाते और प्रकृति के सबसे उग्र रूपों का सामना करते हैं। देश भर में फैले अनगिनत पुलों के जाल में कई प्रमुख पुल विशालता और भारतीय अवसंरचना की दृष्टि की मिसाल हैं। इनमें से हर पुल अपने में साहसिक डिजाइन तथा निर्मम मौसम और मुश्किल भूभागों पर विजय पाने के मानवीय संकल्प की कहानी समेटे है।

# भारत के पुल : कठिनाइयों पर स्थापत्य की विजय

**पीआइबी**



बलखाती नदियों, गहरी खाइयों और बेचैन समंदरों के ऊपर तने भारत के पुल इंजीनियरी में देश की महत्वाकांक्षाओं के मूक साक्षी हैं। ये सिर्फ शहरों और क्षेत्रों को ही नहीं, बल्कि व्यक्तियों, संस्कृतियों और अर्थव्यवस्थाओं को भी जोड़ते हैं। ये पुल अक्सर उन स्थानों को एक दूसरे से मिलाते हैं, जिन्हें भूगोल ने लंबे समय से अलग-थलग कर रखा था। समूचे भारत में पुल जिस तरह रोजमर्रा की जिंदगी को संवारते हैं उस ओर हममें से ज्यादातर का ध्यान नहीं जाता। वे उन दूरियों को घटाते हैं जिन्हें तय करने में कई दिन लग जाते थे। वे दूरदराज के समुदायों तक पहुंच बनाते और प्रकृति के सबसे उग्र रूपों का सामना करते हैं। देश भर में फैले अनगिनत पुलों के जाल में कई प्रमुख पुल विशालता और भारतीय अवसंरचना की दृष्टि की मिसाल हैं। इनमें से हर पुल अपने में साहसिक डिजाइन तथा निर्मम मौसम और मुश्किल भूभागों पर विजय पाने के मानवीय संकल्प की कहानी समेटे है।

**भारत की संयोजकता को परिभाषित करने वाले पुल**

**अटल बिहारी वाजपेयी सेवरी-न्हावा शेवा अटल सेतु :** अरब सागर के ऊपर अटल सेतु मुंबई महानगर के कैनवस पर कूची के बिंदास स्पर्श की तरह है। इसे मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक (एमटीएचएल) के नाम से भी जाना जाता है। यह भीड़भाड़ और समय के बंधनों से मुक्त क्षितिज की ओर मुंबई का सबसे बड़ा कदम है। इसे मुंबई के द्वीपीय शहर पर ट्रैफिक के भारी बोझ को घटाने के लिए विकसित किया गया है। आधुनिक निर्माण और सुरक्षा प्रणालियों के इस्तेमाल से बना यह पुल खाड़ी के आर-पार ज्यादा तेज और सुरक्षित मार्ग प्रदान करता है। इससे दुर्घटना के जोखिम में गिरावट आने के साथ ही यात्रियों के रोजाना यात्रा के अनुभव में सुधार आता है, लेकिन इसका प्रभाव परिवहन से आगे भी है। एमटीएचएल मुंबई और इसके आसपास के क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा देने में भी सहायक है। यह व्यापार और उद्योग के लिए कनेक्टिविटी को बढ़ा कर स्थानीय अर्थव्यवस्था के विकास में भी योगदान कर रहा है। यह पुल समंदर के ऊपर 16.5 किलोमीटर और जमीन पर 5.5 किमी है। इस परियोजना के लिए 17843 करोड़ रुपये की लागत मंजूर की गयी थी और यह भारत का सबसे लंबा समुद्री पुल है। कोविड 19 की वैश्विक महामारी से पैदा अभूतपूर्व चुनौतियों के बावजूद यह परियोजना पटरी पर रही और निर्धारित समय पर पूरी हुई।

**असम में शक्तिशाली ब्रह्मपुत्र नदी पर बना बोगीबील पुल और नया सरायघाट पुल, कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए सड़क और रेल दोनों की सुविधा देते हैं।**

**चेनाब पुल :** विश्व के सबसे ऊंचे मेहराबदार रेल सेतु, चेनाब पुल का निर्माण पूरा होने के साथ ही भारत का इंजीनियरी कौशल भी एक नई ऊंचाई को छू रहा है। इस परियोजना को अनेक बाधाओं का सामना करना पड़ा। दुर्गम इलाके, हद से ज्यादा खराब मौसम और पर्वतों से गिरते पत्थरों ने निर्माण का काम बेहद कठिन बना दिया था। 4 लाखों लोग एफिल टॉवर को देखने के लिए पेरिस जाते हैं, लेकिन चेनाब पुल उससे भी 35 मीटर ऊंचा है। यह महत्वपूर्ण अवसंरचनात्मक संपत्ति होने के साथ ही उभरता पर्यटन स्थल भी है। चेनाब नदी के 359 मीटर ऊपर बना यह पुल उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेलवे लिंक का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस रेल मार्ग पर वंदे भारत ट्रेनों का परिचालन शुरू होने वाला है, जिससे श्रीनगर और कटरा के बीच यात्रा का समय घट कर सिर्फ लगभग 3 घंटों का रह जायेगा। इस्पात की मेहराबों का 1315 मीटर लंबा यह ढांचा 260 किलोमीटर प्रति घंटा तक हवा के वेग को झेल सकता है और इसकी उम्र 120 साल होगी। कुल 1486 करोड़ की लागत से बना चेनाब रेल पुल भारत की महत्वाकांक्षा, तकनीकी श्रेष्ठता और बढ़ती अवसंरचनात्मक क्षमताओं का प्रतीक है।

**नया पंबन पुल :** रामेश्वरम को मुख्य भूमि से जोड़ने वाला नया बना पंबन पुल, भारत का पहला वर्टिकल लिफ्ट रेलवे समुद्री पुल है। यह दुनिया के नक्शे पर आधुनिक भारतीय अवसंरचना के एक खास प्रतीक के तौर पर उभरा है। 700 करोड़ रुपये से ज्यादा की लागत से बने इस 2.07 किमी लंबे पुल में 72.5 मीटर का एक वर्टिकल लिफ्ट सेक्शन है जो 17 मीटर तक ऊपर उठ सकता है, जिससे ट्रेन की आवाजाही रोके बिना जहाज सुरक्षित रूप से गुजर सकते हैं। नए पंबन पुल के निर्माण में प्रमुख पर्यावरणीय और लॉजिस्टिकल चुनौतियों का सामना करना पड़ा। इनमें तेज उठती समुद्री लहरें, तेज हवाएं, चक्रवात और भूकंपीय जोखिम शामिल थे। साथ ही, सीमित ज्वार-भाटा के भीतर दूरस्थ स्थल तक भारी सामग्री को लेजाना भी मुश्किल था। अभिनव इंजीनियरिंग और उन्नत तकनीक के माध्यम से 1,400 टन से अधिक का फैब्रिकेशन, लिफ्ट-स्पैन लॉन्च, 99 गर्डर्स, और समुद्र में व्यापक ट्रैक व विद्युतीकरण का काम किसी को चोट पहुंचाए बिना पूरा किया गया। इसे जंगरोधी, उच्च-प्रदर्शन वाली सुरक्षात्मक कोटिंग्स और जोड़ों को पूरी तरह वेल्ड करके तैयार किया गया है। यह पुल कम रखरखाव के साथ लंबे समय तक चलने वाला है। इसे भविष्य को ध्यान में रख कर तैयार किया गया है, जिसमें दूसरी रेलवे लाइन के लिए जगह छोड़ी गयी है। चुनौतीपूर्ण तटीय परिस्थितियों को देखते हुए, इस पर की गयी एक विशेष पॉलीसिलोक्सेन परत इसको जंग से बचाती है, जो आवश्यक सुरक्षा उपाय है।

**धोला-सादिया पुल :** धोला-सादिया पुल, जिसे भूपेन हजारिका सेतु के नाम से भी जाना जाता है, यह असम और अरुणाचल प्रदेश के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी है। यह उत्तरी असम और पूर्वी अरुणाचल प्रदेश के बीच पहला पक्का सड़क संपर्क का साधन भी है। बीम ब्रिज के तौर पर बना यह पुल ब्रह्मपुत्र की मुख्य सहायक नदियों में से एक, लोहित नदी के ऊपर से गुजरता है, जो तिनसुकिया ज़िले में धोला को उत्तर में सादिया से जोड़ता है। 9.15 किलोमीटर लंबा यह पुल 60-टन के मिलिट्री टैंकों का वजन सहने के लिए बनाया गया है, जिसमें भारतीय सेना के अर्जुन और टी-72 मॉडल भी शामिल हैं। यह क्षमता इस संरचना में महत्वपूर्ण सामरिक महत्व जोड़ती है।

**अंजी खड्ड पुल :** अंजी खड्ड पुल अपनी खूबसूरती और बड़े आकार के साथ हिमालय के नजारे में चार चांद लगा देता है। यह भारत का पहला केबल-आधारित रेलवे पुल है और उधमपुर-श्रीनगर-बारामुला रेल लाइन के कटरा-बनिहाल सेक्शन में एक अहम कड़ी है। जम्मू से लगभग 80 किलोमीटर दूर और बर्फ से ढकी चोटियों के बीच बना यह पुल अंजी नदी घाटी से 331 मीटर ऊपर है और 725 मीटर लंबा है। इसकी सबसे खास बात इसका उल्टा वाइ-आकार का खंभा है, जो अपनी नींव से 193 मीटर ऊपर उठता है, इसमें 96 केबलों का उपयोग किया गया है। 8,200 मीट्रिक टन से ज्यादा संरचनागत स्टील पुल को मजबूत बनाता है, जिससे यह भूकंप को झेल पाता है। अंजी खड्ड पुल हिमालय की बहुत मुश्किल परिस्थितियों में बनाया गया था, यहां चूना पत्थर की चट्टानें और बड़े-बड़े चूना पत्थर के बोल्डर के साथ पहाड़ी ढलान का मलबा था। पहाड़ की पारिस्थितकी को बचाने के लिए, पूरे निर्माण के दौरान बड़े पैमाने पर ढलान से बचाने के उपाय किये गये। अपनी तकनिकी बारीकियों के अलावा, अंजी खड्ड पुल सिर्फ.11 महीनों में पूरा किया गया जो लगन और समझ का प्रतीक बन गया है। यह कश्मीर घाटी को शेष भारत से जोड़ने वाले बड़े रेल संपर्क के तौर पर, यात्रा को आसान बनायेगा, क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ायेगा और नये आर्थिक अवसर खोलेगा।

**निष्कर्ष :** भारत के पुल सिर्फ. अवसंरचना से कहीं ज्यादा हैं; वे इरादों को बयान करते हैं, जो एक ऐसे बड़े देश को जोड़ते हैं जो अपनी विविधता के लिए जाना जाता है। वे पर्वतों, मॉनसून के बादलों और इस उपमहाद्वीप की पानी की सबसे अशांत लहरों से गुजरते हैं। इस विशाल इलाके के हर कोने में, अलग-अलग पुल भारत की लगन और दृढ़ संकल्प को दिखाते रहते हैं। असम में, शक्तिशाली ब्रह्मपुत्र नदी पर बना बोगीबील पुल और नया सरायघाट पुल, कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए सड़क और रेल दोनों की सुविधा देते हैं। इसी तरह, बिहार में दीघा-सोनपुर पुल अपने मजबूत रेल-और-रोड डिजाइन से गंगा नदी के पार आवाजाही को बेहतर बनाता है। उनकी छाया में नवप्रवर्तन, लगन और उन मुश्किल जगहों की कहानियां छिपी हैं जिन्हें जीतने की उन्होंने हिम्मत की। वे अर्थव्यवस्था को नया आकार देते हैं, वे नए नक्शे बनाते हैं, और लोगों के चलने, रहने और सपने देखने के तरीके को बदलते हैं। हर नया पुल सिर्फ इंजीनियरिंग प्रगति को ही नहीं दिखाता, बल्कि क्षेत्र, समय और इतिहास की सीमाओं से आगे बढ़ने की देश की इच्छा को भी दिखाता है। जैसे-जैसे भारत आगे बढ़ रहा है, उसके ये पुल, आगे बढ़ते हुए अपना रास्ता बनाते हुए एक गतिशील देश की सबसे स्पष्ट अभिव्यक्तियों में से एक के रूप में दिखायी देंगे।


## कोल्हान की खबरें

### पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण समिति की बैठक में कई निर्देश जारी



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** परिसदन में रविवार को विधानसभा स्तरीय पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण समिति की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता विधायक उदय शंकर सिंह ने की। बैठक में विधायक श्वेता सिंह एवं विधायक संजीव सरदार (पोटका) उपस्थित रहे।बैठक में जिला खनन पदाधिकारी से संचालित खदानों, राजस्व संकलन एवं अवैध खनन पर की गयी कार्रवाई की जानकारी ली गयी। अधिकारियों ने बताया लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली की जा रही है। अवैध खनन मामलों में प्राथमिकी दर्ज कर वाहनों की जब्ती की गयी। प्रदूषण नियंत्रण विभाग से औद्योगिक इकाइयों में प्रदूषण स्थिति की समीक्षा की गयी। समिति ने सभी कारखानों में एयर पॉल्यूशन कंट्रोल यूनिट लगाने, मानकों के अनुरूप संचालन, पौधारोपण, चाहरदीवारी निर्माण एवं सड़कों पर पानी छिड़काव का निर्देश दिया।श्रम अधीक्षक को न्यूनतम मजदूरी भुगतान सुनिश्चित करने व नियोजन पदाधिकारी को स्थानीय लोगों के 75 प्रतिशत रोजगार उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। स्वास्थ्य विभाग को बायो-मेडिकल वेस्ट के वैज्ञानिक निष्पादन को अनिवार्य रूप से लागू करने को कहा गया।इसके अलावा पेयजल, डीएमएफटी, भू-अर्जन, नगर निगम सहित अन्य विभागों की भी समीक्षा की गयी। बैठक में अपर उपायुक्त, सिविल सर्जन, डीएमओ, एसडीओ, नगर निकाय एवं अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### सुवर्ण वणिक समाज ने प्रशांत कुमार पोद्दार को किया सम्मानित



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** बाराद्वारी सामुदायिक भवन में सुवर्ण वणिक समाज झारखंड प्रदेश सह जिला समिति द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में भाजपा द्वारा प्रशांत कुमार पोद्दार को लगातार तीसरी बार सोनारी मंडल अध्यक्ष चुने जाने पर उन्हें सम्मानित किया गया।इस अवसर पर प्रशांत कुमार पोद्दार ने समाज के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा सुवर्ण वणिक समाज सदैव समाज के उत्थान और जनहित में कार्य करता रहा है। उन्होंने प्रदेश, जिला एवं शाखा स्तर के पदाधिकारियों को समाज की प्रगति के लिए बधाई दी।समारोह में प्रदेश अध्यक्ष संजय पोद्दार, महासचिव दीपक दत्ता, प्रदेश प्रवक्ता रविंद्र नाथ डे, महानगर जिलाध्यक्ष रवि माझी सहित समाज के कई पदाधिकारी व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में मो यूनुस का पुतला फूंका

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे कथित अत्याचार और हत्याओं के विरोध में भारतीय जनता पार्टी कदमा मंडल की ओर से विरोध प्रदर्शन करते हुए मोहम्मद यूनुस का पुतला दहन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश में कट्टरपंथी तत्वों द्वारा किए जा रहे अत्याचारों पर रोष व्यक्त की। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा यदि बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार बंद नहीं हुआ तो इसके खिलाफ देशभर में व्यापक आंदोलन किया जायेगा। भाजपा कदमा मंडल अध्यक्ष अजीत सिंह (भीम सिंह) और युवा मोर्चा अध्यक्ष द्वीपल विश्वास के नेतृत्व में आयोजित पुतला दहन कार्यक्रम में संजीव सिंह, अजीत सिंह, उमेश ठाकुर, सुनील सिंह, महादेव बैशाख, माधव सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### श्री श्री ठाकुर अनुकूल चंद्र का अविर्भाव दिवस-सह जन्मोत्सव 18 को

**चाईबासा (आजाद सिपाही)।** पश्चिमी सिंहभूम के बड़ाजामदा सत्संग विहार बोकना में श्री श्री ठाकुर अनुकूल चंद्र के 138वें अविर्भाव दिवस-सह जन्मोत्सव को श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाने की तैयारी को लेकर रविवार को बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता बोकना सत्संग बिहार प्रभारी ऋत्विक अमरनाथ ठाकुर ने की।ऋत्विक ठाकुर ने सत्संगियों को संबोधित करते हुए कहा मनुष्य का गंतव्य ईश्वर प्राप्ति है। बैठक में आगामी 18 जनवरी 2026 को जन्मोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाने की घोषणा की गयी।

### वॉलीबॉल टूर्नामेंट में टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन ए टीम का कब्जा



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** टाटा मोटर्स स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट द्वारा आयोजित तीन दिवसीय 5वां गोपेश्वर लाल दास मेमोरियल टाटा इंटर कंपनीज यूनियन वॉलीबॉल टूर्नामेंट-2025 का समापन रविवार को टीएमएल स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में हुआ। फाइनल मुकाबले में टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन ए टीम ने रोमांचक मैच में टाटा कामगार यूनियन को पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया, जबकि कामगार यूनियन को उपविजेता बनकर संतोष करना पड़ा। सेमीफाइनल में कामगार यूनियन ने टाटा मोटर्स बी टीम को हराया, वहीं दूसरे सेमीफाइनल में टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन ए टीम ने टाटा स्टील वर्कर्स यूनियन ब्लू टीम को पराजित किया। फाइनल के बाद आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में प्लांट हेड सुनील कुमार तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विजेता व उपविजेता टीमों को पुरस्कृत किया।मौके पर एचआर हेड प्रणव कुमार, ईआर हेड सौमिक रॉय, यूनियन अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद, महामंत्री आरके सिंह, बीके डिंडा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन ए टीम के खिलाड़ी सुबोध कुमार को बेस्ट प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार सौपा गया।

### बीए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में वार्षिक खेल प्रतियोगिता



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** राजेंद्र विद्यालय समूह के बीए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में वार्षिक खेल दिवस उत्साहपूर्ण रूप से मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों और शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली, जिससे खेल भावना और टीमवर्क का उत्कृष्ट प्रदर्शन हुआ। रविवार को उद्घाटन समारोह में कॉलेज अध्यक्ष डॉ एसके सिंह, बिहार एसोसिएशन के महासचिव सीपीएन सिंह और प्राचार्य डॉ एसके रॉय ने शारीरिक स्वास्थ्य, अनुशासन और खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। बालक और बालिका वर्ग के लिए 100 मीटर दौड़, रस्साकशी, चम्मच दौड़, कबड्डी, वॉलीबॉल और कैरम प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों ने उम्दा खेल भावना और सामूहिक प्रयास का प्रदर्शन किया। खेल महोत्सव सोमवार को भी जारी रहेगा,जिसमें क्रिकेट, फुटबॉल, बैडमिंटन और शतरंज जैसी प्रतियोगिताएं होंगी। रविवार को समापन के अवसर पर विजेताओं और प्रतिभागियों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर का वनभोज सह मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** मानगो डिमना लेक के समीप प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर का वार्षिक वनभोज सह मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। रविवार को आयोजित समारोह में जिले के दो सौ से अधिक पत्रकारों ने भाग लिया। सभी ने आपसी मिलन के साथ सुस्वादु भोजन का आनंद उठाया। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह के द्वारा दंभी पत्रकारों को प्रमाण पत्र और पहचान पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पंचानन उरांव और डीएसपी (पटमदा) बचनदेव कुजूर भी उपस्थित रहे। अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह और महासचिव विनय पूर्ति ने अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर उनका भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में कई वरिष्ठ पत्रकार, संपादक और स्थानीय प्रबंधक उपस्थित रहे और उन्होंने समारोह का उत्साहवर्धन किया। पिकनिक के दौरान आगामी मीडिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट की तैयारियों पर भी चर्चा हुई। कार्यक्रम का संचालन मनोज सिंह और विनय पूर्ति और धन्यवाद कोषाध्यक्ष अजय कुमार महतो ने किया।

### चुरगी गांव में मलेरिया का कहर, पांच दिनों में दो महिलाओं की मौत

**मनोहरपुर (आजाद सिपाही)।** पश्चिम सिंहभूम के सारंडा क्षेत्र के चुरगी गांव में मलेरिया ज्वर का प्रकोप गंभीर रूप ले लिया। बीते पांच दिनों में मलेरिया से दो महिलाओं की मौत हो चुकी है और आधा दर्जन से अधिक ग्रामीण बुखार से पीड़ित हैं। क्रिस्टोंन फाउंडेशन के मुखुकर्ता इंदा जामुदा के अनुसार 15 दिसंबर को 28 वर्षीय जाबनी लागुरी और 21 दिसंबर को 35 वर्षीय तुरी चंपिया की मलेरिया से मौत हो गयी। मृतक का अंतिम संस्कार गांव में किया गया।वही तीन गंभीर मरीजों को 108 एंबुलेंस सेवा के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मनोहरपुर भेजा गया जहां उनका उपचार जारी है। स्वास्थ्य विभाग की सक्रियता पर ग्रामीण सवाल उठा रहे हैं और शीघ्र चिकित्सा शिविर, दवा वितरण और मलेरिया रोकथाम के लिए छिड़काव की मांग की।

### आप की बैठक में संगठन विस्तार पर जोर

**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** सरायकेला खरसावां जिले में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत आप पार्टी के कोल्हान प्रभारी विनोद सिंह के निर्देश पर जिला प्रभारी अंकित कुमार के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी के युवा कार्यकताओं के साथ संवाद सह बैठक का आयोजन किया गया। रविवार को बैठक में आम आदमी पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने और संगठन को मजबूत करने पर चर्चा की गयी। मौके पर पूर्वी सिंहभूम जिला प्रभारी अश्विनी मथान, देशमुख और नौशाद ने युवाओं को संबोधित करते हुए पार्टी की नीतियों और आगामी रणनीतियों पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में सरायकेला-खरसावां जिला संगठन मंत्री कार्तिक कुमार, मीडिया प्रभारी सुनील सिंह सहित अन्य नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 22 दिसंबर, 2025
www.azadsipahi.in



## गढ़वा जेल में बंदियों के लिए ध्यान सत्र आयोजित

गढ़वा (आजाद सिपाही)। विश्व ध्यान दिवस पर रविवार को गढ़वा मंडल कारा में बंदियों के मानसिक, शारीरिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से विशेष ध्यान सत्र का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम आर्ट ऑफ लिविंग के सौजन्य से संपन्न हुआ। इस दौरान आर्ट ऑफ लिविंग के प्रशिक्षकों द्वारा बंदियों को ध्यान, प्राणायाम एवं योगाभ्यास कराया गया, जिसमें 100 से अधिक बंदियों ने भाग लिया। वहीं, महिला बंदियों के लिए महिला वार्ड में पृथक रूप से महिला प्रशिक्षक की सहायता से ध्यान एवं योग सत्र का आयोजन कराया गया, ताकि वे भी सहज वातावरण में योग अभ्यास कर सकें। इस अवसर पर सदर एसडीएम सह जेल अधीक्षक संजय कुमार ने सभी बंदियों को संबोधित करते हुए प्राणायाम एवं योग को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करने का सुझाव दिया। कहा कि नियमित योग और ध्यान से तनाव कम होता है। आत्मनियंत्रण बढ़ता है और सकारात्मक जीवन दृष्टिकोण विकसित होता है। इस मौके पर योग प्रशिक्षक प्रभारी कारापाल, प्रभारी प्रधान सहायक आदि उपस्थित रहे।

# महुआ शराब पी रहे अधेड़ की अचानक मौत से मचा हड़कंप

## जरही साप्ताहिक बाजार में खुलेआम महुआ शराब-चिकन-मटन बेचने का आरोप

- शिकायतों के बाद भी आरोपितों पर किसी तरह की पुलिसिया कार्रवाई नहीं करने का जनप्रतिनिधियों ने लगाया आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**डंडई।** थाना क्षेत्र के हरिहारा खेल मैदान के समीप लगने वाले महुआ दारू-चिकन-मटन के साप्ताहिक बाजार में रविवार को अचानक तबीयत खराब होने से 52 वर्षीय अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गयी। उसकी पहचान लावाही गांव निवासी तेजू भुईयां के रूप में हुई है। इस घटना के बाद बाजार में अफरा-तफरी मच गई। दुकानदार आनन-फानन में अपनी-अपनी दुकानें समेटकर अन्यत्र चले गए। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो तेजू भुईयां दो अन्य व्यक्तियों के साथ बैठकर महुआ शराब पी रहा था। तभी अत्यधिक नशे की हालत में अचानक जमीन पर गिर गया। आसपास मौजूद लोगों ने पहले इसे सामान्य नशे की बेहोशी समझा और वहां मौजूद व्यक्तियों ने परिजनों को इसकी सूचना दी, जिसके बाद परिजन भागे-भागे घटनास्थल पर पहुंचे। वहां जांच की, तो तेजू की सांसें थम चुकी थी। यह देख परिजन रोने बिलखने लगे। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। कुछ देर बाद ही पुलिस मौके पर पहुंच गयी और शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू की। ग्रामीणों का कहना है कि जरही हरिहारा खेल मैदान के समीप साप्ताहिक बाजार में लंबे समय से खुलेआम अवैध महुआ शराब की बिक्री हो रही है। जिसमें अत्यधिक शराब सेवन के कारण तेजू की हालत बिगड़ी और कुछ ही घंटों में उसकी मौत हो गई। पुलिस के पहुंचने तक बाजार लगभग समाप्त हो चुका था और गिने-चुने लोग ही वहां नजर आए। इधर, जरही के मुखिया महेंद्र चौधरी और पूर्व मुखिया जमुना प्रसाद रवि ने बताया कि हरिहारा खेल मैदान के समीप लगने वाला चिकन-मटन और दारू की दुकानें समाज पर बुरा असर डाल रही हैं। इस संबंध में कई बार पुलिस प्रशासन से शिकायत की गई और बाजार में शराब एवं मांस की दुकानों को बंद कराने की मांग की गई। बावजूद इसके खुलेआम बिक्री जारी है। विक्रेता बिना किसी भय के अवैध शराब का कारोबार कर रहे हैं, जिसका दुष्प्रभाव बाजार में आने वाले आम लोगों और बच्चों पर भी पड़ रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पुलिस प्रशासन की मिलीभगत से ही बाजार क्षेत्र में अवैध महुआ शराब की बिक्री फल-फूल रही है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की बात कही जा रही है।



अधेड़ की मौत के बाद जरही साप्ताहिक बाजार में मौजूद लोग।

# लकवा अस्पताल खुलने से मिलेगा लोगों को लाभ : मिथिलेश ठाकुर

## चार घंटे के अंदर लकवा का इलाज जरूरी : डॉ पीके वर्मा

सोनपुरवा में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सोनपुरवा चौधरी जेनरल एंड लकवा हॉस्पिटल के तत्वावधान में रविवार को निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, गढ़वा एसडीएम संजय कुमार पांडेय एवं डॉ यासीन अंसारी ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि आजकल बीमारी की जड़ हमारा रहन-सहन, खान-पान जीवनशैली है। इसलिए सभी लोगों को व्यायाम करने की जरूरत है। कहा कि हमने खुद स्वस्थ रहने के लिए अपना वजन कम किया है। इस दौरान उन्होंने बड़े शहर को छोड़ गढ़वा में सेवा देने के लिए डॉ पीके वर्मा का विशेष आभार व्यक्त किया। कहा कि गढ़वा में न्यूरो फिजिशियन की भारी कमी है। ऐसे में यहां के लोगों को जरूर लाभ मिलेगा। हमारा भी यही प्रयास है कि गढ़वा स्वास्थ्य के क्षेत्र में अव्वल हो, ताकि सभी लोग स्वस्थ रहें। एसडीएम संजय पांडेय ने कहा कि यह निःशुल्क चिकित्सा शिविर जनहित में सराहनीय है। वहीं वरिष्ठ चिकित्सक सह समाजसेवी डॉ यासीन अंसारी ने कहा कि जिला मुख्यालय में लकवा जैसी घातक बीमारी के लिए हॉस्पिटल खोलना सराहनीय कार्य है। वहीं, अस्पताल में सेवा दे रहे हृदय, मधुमेह, नस एवं लकवा रोग विशेषज्ञ (न्यूरो फिजिशियन) डॉ पीके वर्मा ने कहा कि मैं विगत कई वर्षों से बिहार-झारखंड के कई जगहों पर अपना योगदान दिया है। पर अब स्थायी रूप से गढ़वा में ही रहकर सेवा दूंगा, क्योंकि यहां एक न्यूरो फिजिशियन की जरूरत है। उन्होंने कहा कि चार घंटे के अंदर लकवा का इलाज होने से मरीज पूरी तरह ठीक हो सकता है। अस्पताल के चेयरमैन डॉ कुलदेव चौधरी ने कहा कि हमारा छोटा सा प्रयास है कि लकवा के मरीज को कम समय और कम पैसे में कैसे ठीक किया जाए। आईसीयू, फिजियोथेरेपी, आयुर्वेदिक पंचकर्म जैसी सुविधा को बढ़ावा देना मेरी प्राथमिकता है। भर्ती मरीज को रहने और खाने की सुविधा बिल्कुल निःशुल्क रखा है। इस मौके पर जेनरल फिजिशियन डॉ अखलाक अहमद, डॉ कौस्तभ मंडल, डॉ अतुल्य शंकर मिश्रा, डॉ कृष्णा कुमार, जिला परिषद प्रतिनिधि मिथिलेश पासवान, मुखिया सोनल पासवान, दया प्रसाद गुप्ता, रविकांत पाल, किरण गुप्ता, कंचन साहू, चंदन जायसवाल, फुजैल अहमद, चंदन पासवान, सरवर आलम खान, जितेन्द्र दुबे और जसमुद्दीन खान आदि उपस्थित थे।



## मिथिलेश ठाकुर ने बंका में किया विलेज प्रीमियर लीग सीजन 4 का उद्घाटन



**मेराल (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के बंका में शैक्षणिक एवं सामाजिक संगठन 'शिक्षा समाज संस्कृति' की ओर से आयोजित विलेज प्रीमियर लीग सीजन 4 का शुभारंभ रविवार को हुआ। जिसका उद्घाटन पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं बॉल को हिट कर किया। इस मौके पर कहा कि खेल में आज विश्वपटल पर भारत का परचम लहरा रहा है। अब वह मिथक टूट चुका है कि 'खेलोगे कूदोगे तो होगे खराब'। आज खेल कैरियर एवं प्रसिद्धि का उत्तम साधन है। स्वास्थ्य को हमेशा बेहतर रखने के लिए खेल बहुत आवश्यक है। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे ही ग्रामीण क्षेत्र से खेलकर प्रतिभा विकसित करने वाले युवा भविष्य में गढ़वा के साथ झारखंड का नाम रोशन करेंगें। इस मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सूर्य प्रकाश उर्फ गुड्डू, राजेश बैठा, हेमंत सिंह, उमेश यादव, पिंटू सिन्हा, संजय राम, संगठन अध्यक्ष अमित कुमार विनि, अमित कुमार शर्मा, ओमकार, नरेंद्र, रविन्द्र, अशफाक, हरिहर अरविंद, दिवाकर सहित दर्जनों खिलाड़ी एवं बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद थे।

## श्री सर्वेश्वरी समूह ने 211 जरूरतमंदों में कंबल बांटा



**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** वृद्ध, असहाय, मानव मात्र की सेवा श्री सर्वेश्वरी समूह का प्रथम लक्ष्यों में शामिल है। उक्त बातें भोजपुर गढ़ के राजा सह झामुमो नेता दीपक प्रताप देव ने कही। वे रविवार को श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा नगर ऊंटारी में कंबल वितरण कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। कहा कि अघोरेश्वर महाप्रभु ने अपने 19 सूत्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत मानव मात्र की सेवा को प्रथम लक्ष्य में शामिल किया है। वृद्ध, असहाय ठंड से परेशान है। ऐसे में उनके समक्ष ठंड से बचाव के लिए इस दिन 211 कंबल का वितरण सर्वेश्वरी समूह के ओर से किया जान मानव मात्र की सेवा का मजबूत उदाहरण है। उन्होंने कहा कि मिर्गी रोगियों के लिए शिविर लगाकर मुफ्त में रोगियों को दवा देने वाला सर्वेश्वरी समूह सब को याद रहता है। उन्होंने कहा कि श्री सर्वेश्वरी समूह समाज में व्याप्त कुरीतियां, जातिवाद, दहेज प्रथा, नशाखोरी को मिटाने का आह्वान करता है। वहीं, वरिष्ठ अधिवक्ता साकेत प्रताप देव ने कहा कि सर्वेश्वरी समूह समाज सेवा में उत्कृष्ट कार्य करते हुए आगे बढ़ रहा है। इस मौके पर उपाध्यक्ष हेमंत प्रताप देव, धर्मचंद्र लाल अग्रवाल, आनंद जायसवाल, संजीव कुमार सिन्हा, बंगाली सिंह, राजेंद्र यादव, प्रशांत सहाय, अनूप कुमार सिन्हा, मनोज प्रताप देव, देवानंद प्रताप देव, सरवन राम, राजीव रंजन कुमार, रंजन छोटू, सोमनाथ प्रसाद, नवीन सिन्हा और दुर्गेश कुमार आदि उपस्थित थे।

## गढ़वा पंसस का चुनाव 8 जनवरी, कांडी का 19 जनवरी को

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गढ़वा सदर प्रखंड एवं कांडी प्रखंड में प्रमुख पद की चल रही रिक्ति के विरुद्ध दोनों प्रखंडों में पंसस के प्रमुख पद के अप्रत्यक्ष चुनाव को लेकर कार्यक्रम तय कर दिया गया है। इन दोनों प्रखंडों के प्रमुख पद के चुनाव के लिए सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार को अध्यक्ष सह निवार्ची पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। गढ़वा सदर प्रखंड प्रमुख चुनाव के लिए गढ़वा सीओ मोहम्मद सफी आलम को सहायक निवार्ची पदाधिकारी नामित किया गया है, जबकि कांडी प्रखंड के लिए अंचल अधिकारी कांडी राकेश सहाय सहायक निवार्ची पदाधिकारी के रूप में कार्य करेंगे। निवार्ची पदाधिकारी सह सदर एसडीएम संजय कुमार ने बताया कि पंचायत समिति, गढ़वा सदर के प्रमुख पद के चुनाव को लेकर बैठक की तिथि 8 जनवरी निर्धारित की गई है, जिसकी सूचना 24 दिसंबर को निर्गत की जाएगी। वहीं, कांडी पंचायत समिति प्रमुख के अप्रत्यक्ष निर्वाचन के लिए सूचना 5 जनवरी को जारी की जाएगी। दोनों प्रखंडों में यह बैठक संबंधित प्रखंड कार्यालय परिसर में आयोजित की जाएगी। इस दौरान नाम निर्देशन, मतदान, मतगणना एवं निर्वाचन की घोषणा से संबंधित समस्त प्रक्रियाएं संपन्न कराई जाएंगी। उल्लेखनीय है कि गढ़वा सदर एवं कांडी दोनों प्रखंडों में पंचायत समिति प्रमुख का पद अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के उपरांत रिक्त चल रहा है।

## बृज बिहारी पाठक स्मृति वॉलीबॉल लीग 25-26 को

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** सहीजना स्थित गढ़वा वॉलीबॉल संघ के कार्यालय में आयोजन की तैयारी की समीक्षा को लेकर रविवार को बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता ओलंपिक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार पाठक ने की। इसमें सर्वप्रथम जिले की टीम के पंजीकरण की स्थिति के संबंध में चर्चा की गई। अभी तक बालकों की कुल बारह और बालिकाओं की कुल छह टीमों का पंजीकरण हो गया है। इसकी जानकरी तकनीकी टीम ने दी। बताया कि यह लीग मैच तीन ग्रुप में कराया जाएगा। एक ग्रुप में बालिका की टीम होगी और दो ग्रुप सीनियर पुरुष टीम एवं जूनियर बालक टीम का होगा। जिले के टीम के लिए पंजीकरण के लिए दो दिन का और समय विस्तार किया गया है। गढ़वा जिला की इच्छुक टीम 23 दिसंबर तक टीम का पंजीकरण करा सकते हैं। लीग मैच का शुभारंभ 25 दिसंबर को होगा। जिसका समापन 26 दिसंबर को होगा। इस दो दिवसीय लीग मैच के सफल आयोजन के लिए आयोजन समिति का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष नवीन कुमार पाठक, सचिव ओम प्रकाश तिवारी, कोषाध्यक्ष प्रणव कुमार, उपाध्यक्ष रवि कुशवाहा (पुलिस मेंस एसोसिएशन) श्याम नारायण पांडे और विवेक तिवारी, सह सचिव प्रकाश यादव (पुलिस मेंस एसोसिएशन), पंकज मिश्रा, शैलेश नंदन सिन्हा, स्वागत कमेटी के अध्यक्ष संजीव पांडे के अलावा सदस्य धीरंन्द्र पासवान (पुलिस मेंस एसोसिएशन), ओमप्रकाश चौबे, अरविंद दुबे आदि शामिल हैं।

## मृतका के पति ने डॉक्टर के खिलाफ दर्ज करायी प्राथमिकी

डॉक्टर की लापरवाही से महिला की मौत का मामला

आजाद सिपाही संवाददाता

भवनाथपुर। शिव शरण सेवा संस्थान अस्पताल में इलाज के दौरान 28 वर्षीय इंदु देवी नामक महिला की मौत का मामला सामने आया है। उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले के कोण थाना क्षेत्र स्थित मधुरी गांव के रहने वाले मृतका के पति उमेश राम ने इस बाबत भवनाथपुर थाना में आवेदन देकर अस्पताल एवं डॉक्टर पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में उमेश राम ने बताया कि उसकी पत्नी इंदु देवी अपने मायके भवनाथपुर थाना क्षेत्र के मकरी गांव आई थी। उसके पेट में हल्का दर्द होने की शिकायत पर 17 दिसंबर को भवनाथपुर स्थित शिव शरण सेवा संस्थान अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर धर्मेंद्र मेहता ने जांच के बाद अल्ट्रासाउंड कराने की बात कही। अल्ट्रासाउंड के बाज डॉक्टर ने तुरंत बच्चेदानी के ऑपरेशन की सलाह दी। साथ ही कहा कि देर होने पर महिला की जान भी जा सकती है। उसने कैंसर की भी आशंका जताई। डॉक्टर की बातों को भयभीत होकर परिजन ऑपरेशन के लिए तैयार हो गए। बताया गया कि 17 दिसंबर को इंदु देवी को अस्पताल में भर्ती कराया गया और 50 हजार रुपये अग्रिम जमा कराने के बाद शाम उसी दिन शाम सात बजे ऑपरेशन हुआ। जिसके बाद महिला की हालत लगातार बिगड़ती गई। 20 दिसंबर को अचानक हालत गंभीर बताकर सीटी स्कैन के लिए रॉबर्ट्सगंज ले जाया गया, जहां बाद में डॉक्टर मरीज को एंबुलेंस में लाद कर इलाज से संबंधित कागजात लेकर फरार हो गया। स्थानीय अस्पताल में पहुंचने पर डॉक्टरों ने इंदु देवी को मृत घोषित कर दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी रजनी रंजन ने बताया कि मृतका के पति के आवेदन पर डॉक्टर धर्मेंद्र मेहता के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## टी20 वर्ल्डकप में इशान किशन के चयन पर दी बधाई

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** झारखंड रणजी टीम के कप्तान ईशान किसन के आइसीसी टी 20 वर्ल्डकप में चयन होने पर गढ़वा क्रिकेट टीम ने बधाई दी है। गढ़वा जिला क्रिकेट संघ के सचिव राघवेंद्र नारायण सिंह ने कहा कि झारखण्ड से अच्छे-अच्छे खिलाड़ी से निकल रहे है। यह सब झारखण्ड क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष और सचिव के चलते हो रहा है। क्योंकि इनकी मेहनत ने कम समय में झारखंड टीम को एकबार फिर नई पहचान मिली है। हमारी कोशिश है कि गढ़वा जिले से भी अच्छे-अच्छे खिलाडी निकलें, ताकि राज्य और देश में अपने जिले का नाम रौशन हो।

## पांच साल से फरार हत्या के आरोपी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



**धुरकी/गढ़वा (आजाद सिपाही)।** धुरकी पुलिस अपराधियों के खिलाफ सख्त अभियान चलाकर उनकी कमर तोड़ने में जुटी है। इसी अभियान के तहत रविवार को धुरकी पुलिस ने हत्या के मामले में फरार चल रही प्राथमिक अभियुक्ता के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसके घर पर ढोल-नगाड़ा बजाकर इस्तेहार चस्पाया। थाना प्रभारी जनार्दन राऊत ने बताया कि 302/34 के तहत नामजद अभियुक्ता शिव कुमारी देवी (50) बीते पांच वर्षों से फरार चल रही है। उसके विरुद्ध थाना कांड संख्या 142/2021 दर्ज है। न्यायालय के आदेश के आलोक में पुलिस ने उसके घर के साथ ही गांव के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर कोर्ट के आदेश की प्रति चस्पाया, ताकि वह खुद न्यायालय में आत्मसमर्पण कर सके। थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया कि यदि इसके बावजूद अभियुक्ता न्यायालय में आत्मसमर्पण नहीं करती है, तो आगे कुर्की-जप्ती की कार्रवाई की जाएगी। धुरकी पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में फरार अपराधियों में हड़कंप मचा है।

## यज्ञशाला निर्माण के लिए की गयी कुश की कटाई

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिला मुख्यालय के समीप ग्राम जोबरईया के बंडा पहाड़ स्थित श्री नीलकंठ महादेव मंदिर परिसर में आयोजित होने वाले श्री रुद्र महायज्ञ के निमित्त यज्ञशाला निर्माण का कार्य प्रारंभ हो गया है। उक्त यज्ञशाला में लगाए जाने वाले कुश के संग्रह के लिए रविवार को जागृति युवा क्लब सह यज्ञ आयोजन समिति के सदस्यों ने नवगढ़ गांव के कोयल नदी क्षेत्र में समर्पित सनातनियों की ओर से श्रमदान कर कुश की कटाई की गई। यज्ञाधीश श्रीश्री आचार्य आशीष वैद्य जी महाराज के निर्देशन में समर्पित सदस्यों की एक टीम सुबह आठ बजे सतबहिनी स्टेशन के करीब नवगढ़ गांव स्थित कोयल नदी के तट पर पहुंची। जहां आचार्य श्री श्री आशीष वैद्य जी महाराज एवं यज्ञ समिति के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार पाल जी द्वारा नदी तट पर पूजा-अर्चना करने के बाद कुश की कटाई शुरू की गयी। इसमें शिवपूजन पाल, कृष्णा राम, राजकिशोर पाल, रोहित कुमार चंद्रवंशी, कौशल कुशवाहा, रामाशीष कुशवाहा, मदन कुशवाहा और उदित पाल आदि ने सक्रिय सहयोग किया। वहीं, इस क्लब के वरीय सदस्यों उपाध्यक्ष सत्येंद्र पाल, सचिव विनय पाल, कोषाध्यक्ष विवेकानंद पाल, उपकोषाध्यक्ष चैतू कुमार भुईयां आदि ने भी अपनी भूमिका निभाई। बतातें चलें कि ग्राम जोबरईया के श्री नीलकंठ महादेव मंदिर परिसर में 08 मार्च से 16 मार्च 2026 तक श्री रुद्र महायज्ञ के आयोजन के लिए श्री हनुमत ध्वज के अधिष्ठापन का कार्यक्रम संपन्न हो गया है।

## भवनाथपुर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के छात्र-छात्राओं ने किया यूपी के दुद्धी में शैक्षिक भ्रमण



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** देश दर्शन कार्यक्रम के तहत सानमती कामेश्वर साह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के छात्र-छात्राओं को शैक्षिक भ्रमण के लिए उत्तर प्रदेश के दुद्धी ले जाया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ ही व्यवहारिक एवं सांस्कृतिक अनुभव प्रदान करना था। छात्र-छात्राएं सबसे पहले दुद्धी स्थित लव-कुश पार्क पहुंचे। जहां हाथी, घड़ियाल, शेर, भगवान शिव की विशाल प्रतिमा, सुरसा राक्षसी सहित विभिन्न आकर्षक प्रतिमाओं को देखा। आचार्य-दीदी ने इन सभी प्रतिमाओं के ऐतिहासिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व की जानकारी दी। इसके बाद सभी अमराल डैम के लिए रवाना हुए। वहां विद्यार्थियों ने डैम के मनोहारी प्राकृतिक दृश्यों का अवलोकन किया। साथ ही दक्षिण भारत की शैली में निर्मित बजरंगबली के पंचमुखी मंदिर का दर्शन किया। प्रधानाचार्य जयंत कुमार ने कहा कि इस प्रकार के शैक्षिक भ्रमण से भैया-बहनों को नई अनुभूतियों के साथ ही विविध विषयों की व्यावहारिक जानकारी प्राप्त होती है, जो उनके सर्वांगीण विकास में सहायक है। शैक्षिक भ्रमण में आचार्य अशोक कुमार, प्रीति शर्मा, रीता चौबे, अनुज कुमार, अरुण कुमार, अजीत चौबे, रमेश विश्वकर्मा, इंद्रजीत गुप्ता, रामकेवल साह, सुभद्रा देवी, अमन कुमार, नीता गुप्ता, अमृता पाठक, अर्चना कुमारी, सुगन देवी, वीरेंद्र बैठा एवं प्रीतम कुमार मौजूद थे।

## गढ़वा में क्षत्रिय गौरव एकता महामिलन समारोह का आयोजन

# हम इतिहास लिखते-पढ़ते नहीं, बल्कि गढ़ते हैं : आनंद मोहन

- राजपूतों का इतिहास हटा दें तो भारत का इतिहास अधूरा हो जाएगा : सुनील सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** नगर भवन मैदान में रविवार को क्षत्रिय गौरव एकता महामिलन समारोह आयोजित हुआ। जिसमें झारखंड, बिहार और उत्तर प्रदेश के कई दिग्गज नेता शामिल हुए। गढ़वा जिला मुख्यालय में आयोजित क्षत्रिय गौरव एकता महामिलन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल बिहार के पूर्व सांसद आनंद मोहन ने कहा कि हम इतिहास पढ़ते और लिखते नहीं, बल्कि इतिहास गढ़ते हैं। कहा कि बिहार में स्वर्ण आयोग का गठन उनके प्रयास से हुआ है। कहा कि राजपूत नेशनल कम्युनिटी है। ये पूरे भारत में पाए जाते हैं। राष्ट्रीय स्तर पर जातीय जनगणना करा लें तो राजपूतों की शक्ति का अंदाजा लग जाएगा। वर्तमान राजनीति पर विचार देते हुए कहा कि हिंदुत्व तो बचा, लेकिन क्षत्रिय कट गए। उन्होंने क्षत्रियों को अहंकारी, अत्याचारी, शोषक वर्ग कहने पर आपत्ति जताते हुए कहा कि ऐसा होता तो भगवान राम केवट, रीछ, भालू, बंदर आदि को साथ लेकर रावण का वध नहीं करते। वहीं, चतरा के पूर्व सांसद सुनील कुमार सिंह ने कहा कि राजपूतों का इतिहास गौरव पूर्ण रहा है। वे लड़े कटे मरे तो धर्म, संस्कृति और राष्ट्र बचा। राजपूतों का इतिहास हटा दिया जाए तो भारत का इतिहास अधूरा रह जाएगा। उन्होंने झारखंड में स्वर्ण बोर्ड की गठन की बात उठाई। उन्होंने कहा कि एकता अपने घरों से शुरू कीजिए। घर में भाई से लड़ाई और बाहर में एकता का दिखावा हमें और खोखला बनाएगा। इस मौके पर पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह, बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश सिंह, पूर्व विधायक राज राजेंद्र प्रताप देव, नवीनगर के पूर्व विधायक विजय कुमार सिंह उर्फ डब्ल्यू सिंह, 20 सूत्री के पूर्व उपाध्यक्ष नीतेश सिंह, समाजसेवी बबलू सिंह, दीपक प्रताप देव, अमरेंद्र सिंह, सिया सिंह, स्टेज सिंह, मंशा देवी, मुस्कान कुमारी और कृपाल सिंह आदि ने भी अपने-अपने विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे शारदा महेश प्रताप देव ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। जबकि संचालन आशुतोष कुमार सिंह ने किया। इस मौके पर राजपूत समाज के मेधावी बच्चे रिया सिंह, रोहित कुमार सिंह, राहुल कुमार सिंह और राहुल सिंह के अविभावकों को सम्मानित किया गया। मौके पर लोक गायिका मनीषा श्रीवास्तव ने वीरता और संस्कृति के जुड़ी गीत गाया।



## अभाविप का तीन दिवसीय 26वां प्रदेश अधिवेशन 25 से



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** रेलवे स्टेशन रोड स्थित रामलला मंदिर परिसर में आयोजित होने वाले अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) झारखंड के 26वें प्रदेश अधिवेशन को लेकर रविवार को संवाददाता सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें प्रदेश सह मंत्री अभय वर्मा ने बताया कि 25 दिसंबर को प्रदर्शनी उद्घाटन के साथ शुरू हो रहे अभाविप का प्रदेश अधिवेशन 28 दिसंबर तक चलेगा। प्रदर्शनी का उद्घाटन नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ दिनेश कुमार सिंह करेंगें। 26 दिसंबर को प्रदेश अधिवेशन का उद्घाटन छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा करेंगें। तीन दिनों तक चलने वाले इस प्रदेश अधिवेशन में पूरे प्रदेश भर से लगभग 1000 छात्र-छात्राए एवं शिक्षक प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। अधिवेशन के दूसरे शोभायात्रा का भी आयोजन किया जाएगा। अधिवेशन की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी देते हुए अधिवेशन व्यवस्था प्रमुख मंजुल शुक्ला ने बताया गया कि गढ़वा के स्थानीय कार्यकर्ताओं द्वारा प्रदेश भर से आने वाले विद्यार्थी एवं शिक्षक प्रतिनिधियों के स्वागत के लिए भव्य तैयारी की जा रही है।

## खूंटी में भजन संध्या 25 को

खूंटी (आजाद सिपाही)। आर्ट ऑफ लिविंग परिवार खूंटी द्वारा 25 दिसंबर को नगर भवन खूंटी संध्या 4:30 बजे से भजन संध्या का आयोजन किया जायेगा। बेंगलुरु की अंतरराष्ट्रीय भजन गायिका दीप्ति थापा और उनकी टीम भक्ति संगीत और भजन की प्रस्तुति देगी। यह जानकारी आर्ट ऑफ लिविंग की शिक्षिका कल्याणी शाहदेव ने दी।

## खदान दुर्घटना पर जेसीएमयू उपाध्यक्ष ने जताया दु:ख

पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल के बरकासयाल के उरीमरी परियोजना के आउटसोर्सिंग खदान में शनिवार देर रात्री ओबी उत्पादन के क्रम में हाई वाल गिर जाने से दो मजदूर की मौत हो गयी है, जबकि एक गंभीर रूप से घायल है। मृतकों में 30 वर्षीय सुनील यादव व 50 वर्षीय राजू पासवान शामिल है। इस घटना पर झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के सीसीएल जोनल उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन ने चिंता प्रकट करते हुए मृतकों के प्रति शोक संवेदना प्रकट किया है।

# संपूर्ण मानव जाति के कल्याण के लिए धरती पर आये प्रभु यीशु : सुदीप गुड़िया

**तोरपा ब्लॉक मैदान में छह दिवसीय क्रिसमस मेला का भव्य समापन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** विधायक सुदीप गुड़िया ने कहा कि क्रिसमस दीन-दुखियों की जिंदगी में खुशियां लाने का पर्व है। खुशियों को केवल अपने तक सीमित न रखकर जरूरतमंदों की सेवा और हरसंभव मदद करनी चाहिए। विधायक रविवार को तोरपा ब्लॉक मैदान में ऑल चर्चेस युवा समिति की ओर से आयोजित छह दिवसीय आगमन उत्सव सह क्रिसमस मेला के समापन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। विधायक ने कहा कि प्रभु यीशु किसी एक समुदाय के नहीं, बल्कि समस्त मानव जाति के कल्याण के लिए धरती पर आये।

इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों और गायन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को विधायक द्वारा सम्मानित किया गया। आयोजन समिति के अध्यक्ष विश गुड़िया ने विधायक सुदीप गुड़िया, फादर तेज कुमार लिंडा, फादर रवि तथा जिला परिषद सदस्य सुशांति कोंगाड़ी को शॉल व बुके भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन रजनी बागे ने किया।

समापन समारोह में एआर म्यूजिक प्रोडक्शन, रांची के कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुति से समा बांध दिया। मशहूर गायक अजीत रोशन और गायिकाएं पल्लवी सरधा, स्वीटी विधा व झरना बाड़ा ने एक से बढ़कर एक क्रिसमस गीत प्रस्तुत किए। 'चरनी उपरे का तारा टिम-टिम चमकेला', 'जगत कर राजा यीशु जनमं लेलंय' जैसे गीतों पर श्रोता देर रात तक झूमते रहे।

इसी क्रम में पवित्र हृदय गिरजाघर, तोरपा में आयोजित क्रिसमस कार्निवाल में फादर रवि ने अपनी आर्केस्ट्रा टीम के साथ गीतों की झड़ी लगा दी। 'वी विश यू मैरी क्रिसमस' से शुरूआत कर 'टुकुर-टुकुर देखेला रे', 'मरियम कर कोरा में प्रभु यीशु' सहित कई लोकप्रिय क्रिसमस गीतों पर युवाओं ने जमकर नृत्य किया। कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा।

# चांडिल फदलोगोड़ा में कार ने टाटा मैजिक को मारी टक्कर, आठ घायल

**टाटा मैजिक वाहन में फंसे चालक को आधे घंटे की मशक्कत के पश्चात निकाला जा सका, जो गंभीर रूप से घायल बताया जा रहा है**

आजाद सिपाही संवाददाता



**चांडिल।** चांडिल थाना अंतर्गत रांची जमशेदपुर मार्ग आसनबनी फदलोगोंडा काली मंदिर के समीप तेज रफ्तार अनियंत्रित काली कार की चपेट में लिया। टाटा मैजिक वाहन की चालक की स्थिति गंभीर सहित 8 घायल हो गये है। घटना रविवार सुबह 8 बजे सुबह की है। सूत्रों की माने तो मौके पर मालवाहक वाहन टाटा मैजिक संख्या जेएच 05 डीके 8724 में चालक बुरी तरह से फंस गया, चालक के अलावा 2 और सवार घायल हो गये। गंभीर रूप से घायल चालक सौरभ मोदी उम्र 20, कंचन मोदी, छोटू लाल शामिल हैं। कार में 5 व्यक्ति सवार थे, जिन्हें भी चोटें आई और उन्हें तत्काल इलाज के लिए जमशेदपुर भेज दिया गया। मौके पर टाटा मैजिक वाहन में फंसे चालक को आधे घंटे की मशक्कत के पश्चात निकाला जा सका।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अनियंत्रित काली कार संख्या जेएच 17 एई 0220 तेज रफ्तार से जमशेदपुर की ओर से आ रही थी और विपरीत दिशा से आ रही मालवाहक टाटा मैजिक वाहन को सीधे जोरदार टक्कर मारकर पलट गयी, जिसमें 5 व्यक्ति सवार थे और गोड्डा जा रहे थे। घायलों को जमशेदपुर भेज दिया गया। इस दुर्घटना के बाद लगभग एक घंटे तक सड़क जाम रहा। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों वाहन को जब्त कर लिया है।

## 15 जनवरी को आयोजित सतीघाट टुसू मेला के सफल संचालन के लिए कमेटी गठित



सोनाहातू (आजाद सिपाही)। पांच परगना का प्रसिद्ध सतीघाट टुसू मेला 15 जनवरी को लगाने का निर्णय लिया गया। मेला लगाने को लेकर रविवार को बारेंदा, पांडुडीह, कल्याणडीह के ग्रामीणों की बैठक मेला स्थल में किया गया। मेला में विधि व्यवस्था का सफल संचालन करने के लिया एक कमिटी बनाया गया। कमिटी में अध्यक्ष चौधरी महतो, सचिव हरेकृष्ण महतो, कोषाध्यक्ष लंबोदर महतो को चुना गया। बैठक में मुखिया सुभद्रा देवी, नरेंद्रनाथ मुंडा, बुधु सिंह मुंडा, सुखलाल मुंडा, धनंजय कोइरी, शिशुपाल महतो, गंगाधर महतो, श्रवण मछुवा, गणेश महतो, सुखराम महतो, प्रकाश सिंह मुंडा, राजू सिंह सरदार, राजकुमार महतो, अजीत महतो, नरेश सिंह मुंडा आदि मौजूद थे।

## जनता की समस्या को ईमानदारी पूर्वक समाधान करने का काम करूंगी : रीना देवी



पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा चार नंबर चौक में रविवार को भारतीय जनता पार्टी पिपरवार मंडल के नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष रामलाल महतो और मंडल प्रतिनिधि रीना देवी का पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा नागरिक अभिनंदन एवं स्वागत किया गया। इस अवसर पर मंडल प्रतिनिधि रीना देवी ने कहा कि जनता की समस्या को ईमानदारी पूर्वक समाधान करने का काम करेंगे। सभी नये पुराने एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के सम्मान में कमी नहीं होने दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि जल्द ही पिपरवार मंडल के सभी छः पंचायत में भ्रमण कर हर समस्या को समाधान करने का प्रयास करेंगे। वही मंडल अध्यक्ष रामलाल महतो ने कहा कि संगठन ने जो कार्य सौंपा है, उसे मजबूती प्रदान करने का काम करेंगे और बूथ स्तर पर कार्यकर्ता और जनता को सम्मानित करने का कार्य करेंगे। मौके पर सांसद प्रतिनिधि रविंद्र सिंह, रामप्रसाद महतो, देवनाथ महतो, सुरेश महतो, शंकर तिवारी, जगदीश महतो, काशीनाथ महतो, हीरा महतो, महेश विश्वकर्मा, बापी तालपात्रो, गणेश, महेंद्र, राघवेंद्र, शीतल, अशोक सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

## पातर मुंडा समाज ने रक्तदान शिविर आयोजित किया



बुंडू (आजाद सिपाही)। पातर मुंडा समाज की सौजन्य से रविवार को अनुमंडलीय अस्पताल बुंडू परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 13 युनिट रक्त संग्रह किया गया। मरांग मुंडा यूथ एसोसिएशन के युवाओं एवं समाजसेवीयों द्वारा पहला रक्त दान सेवा कार्यक्रम किया गया। पांचपरगना क्षेत्र के कई युवाओं और समाजसेवियों ने अस्पताल परिसर में आकर रक्त दान किया। रक्तदान में सदर अस्पताल रांची के टीम ओर अतिथि के रूप में अतुल गेरा उपस्थित थे।

# पुनर्वास स्थल पर प्रबंधन की उदासीनता से ग्रामीण आक्रोशित : रमेशर भोगता

**तुमांग ढुब पेटपेट के रैयत विस्थापितों ने की बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** तुमांग में रैयत विस्थापित की हुई तुमांग ढुब पेटपेट के रैयत विस्थापित की बैठक ढुब में हुई। जिसकी अध्यक्षता रामेश्वर भोगता एव संचालन उमेश लोहरा ने किया। ग्रामीणों ने कहा कि खदान विस्तारीकरण को लेकर रोहिणी प्रबंधन ने मापी की गयी सभी घरों के मालिकों को मुआवजा देने के लिए शपथ पत्र जमा करने का निर्देश दिया है, जिस पर ग्रामीणों ने आपत्ति जतायी है और कहा कि प्रबंधन के द्वारा अभी तक ग्रामीणो के पुनर्वास स्थल को लेकर कोई भी स्पष्ट जवाब नही मिला है जिससे सभी ग्रामीण आक्रोशित है। खदान में प्रतिदिन हैवी ब्लास्टिंग किया जा रहा है, जिससे घरों का क्षतिग्रस्त होने का खतरा मंडरा रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि जब तक प्रबंधन पुर्नवास स्थल को लेकर कोई सकारात्मक पहल धरातल पर नहीं होता है, तबतक कोई भी ग्रामीण शपथ पत्र जमा नहीं करेंगे।

रमेशर भोगता ने कहा कि ग्रामीण भी प्रबंधन के झूठे आश्वासन पर नही मानेंगे और प्रबंधन के द्वारा पुनर्वास स्थल के मामले पर उदासीनता के कारण ग्रामीण आक्रोशित है। साथ ही कोई पहल नही हुआ तो ग्रामीण मजबूर होकर खदान बंदी कराने का भी काम करेंगे। जिसकी जिम्मेवारी रोहिणी प्रबंधन की होगी। बैठक में बहुरा मुंडा, मुकद्दर लोहरा, लहसन भोगता, राजेंद्र भोगता, सूरज लोहरा, सोनू लोहरा, मंतोष गंझू, राजू लोहरा, मुरारी मेहता, संतोष मेहता समेत सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## सिल्ली के मिंजरा में क्रिसमस गैदरिंग

मुरी (आजाद सिपाही)। सिल्ली प्रखंड के मिजरा गांव में प्रार्थना भवन में क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन किया गया। इस क्रिसमस गैदरिंग में छोटे-छोटे बच्चों ने एक से बढ़कर एक नित्य संगीत का प्रस्तुति दी। प्रार्थना भवन में राजेश पास्टर और लखींद्र बड़ाइक ने ईश दूत ईसा मसीह के जीवनी पर प्रकाश डाला। पास्टर ने कहा कि क्रिसमस का त्यौहार भाईचारे और शांति का त्यौहार है। पास्टर ने मौके पर क्रिसमस तथा नववर्ष की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर छोटे-छोटे बच्चों को उपहार स्वरूप क्रिसमस गिफ्ट दिए गये। इस दौरान पास्टर राकेश सिंह, निरुपमा, नीलिमा मिंज, संगीतकार छोटेलाल ग्रुप समेत आसपास के काफी संख्या में ग्रामीण लोग उपस्थित हुए एवं प्रभु के सुवचनों को आत्मसात किया।

## महात्मा एनडी ग्रोवर डीएवी पब्लिक स्कूल तोरपा के बच्चों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



खूंटी (आजाद सिपाही)। तोरपा स्थित महात्मा एनडी ग्रोवर डीएवी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने शनिवार को भगवान बिरसा मुंडा जैविक उद्यान, रांची तथा साइंस सेंटर का परिभ्रमण किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ज्ञान हंस ओझा ने रविवार को बताया कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। भ्रमण में विद्यालय के छात्र-छात्राएं शिक्षक। शामिल थे। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने जैविक उद्यान में विभिन्न वन्य जीवों, जैव विविधता और प्रकृति, पर्यावरण के महत्व के बारे में जानकारी प्राप्त की। साइंस सेंटर में वैज्ञानिक उपकरणों, प्रयोगों एवं विभिन्न मॉडल्स के माध्यम से विज्ञान को रोचक और व्यावहारिक रूप में समझने का अवसर मिला, जिससे विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच का विकास हुआ। शैक्षणिक भ्रमण में विद्यालय के प्रधानाचार्य ज्ञान हंस ओझा, दीपक केशरी, उषा हंस ओझा, सुसारी होरो, सुमेल आईंद सुनील गुप्ता, ममता कंडुलना, डेविड तोपनो, मुनमुन कुमारी, आशा आईंद सहित अन्य शिक्षक शामिल थे।

## डॉ लक्ष्मीकांत नारायण बड़ाइक बने झारखंडी क्षेत्रीय कलाकार सोसाइटी के जिलाध्यक्ष



खूंटी (आजाद सिपाही)। बीकेबी मेमोरियल स्कूल तोरपा के प्राचार्य डॉ लक्ष्मीकांत नारायण बड़ाईक को झारखंडी क्षेत्रीय कलाकार सोसाइटी का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। रांची के होटल बीएनआर में रविवार को सोसाइटी की हुई बैठक में इसकी घोषणा की गई। मौके पर झारखंड प्रदेश के सभी जिलों के पदाधिकारियों को शपथ दिलायी गयी। मौके पर पूर्व मंत्री बंधु तिर्की भी मौजूद थे। शपथ ग्रहण पद्मश्री महावीर नायक ने दिलायी। कार्यक्रम में झारखंड प्रदेश के सभी जिलों से कलाकार उपस्थित हुए। सोसाइटी के खूंटी जिले के पदाधिकारियों में अध्यक्ष डॉ लक्ष्मीकांत नारायण बड़ाईक उपाध्यक्ष निपेन देमता, सचिव उमेश शर्मा, उप सचिव संजय साहू, कोषाध्यक्ष महावीर दास, उप कोषाध्यक्ष उमेश सिंह तथा कार्यकारिणी सदस्य टिंकु नायक, अमर, बजरंग साहू, महेश सिंह, बिरसा लोहरा रोहित नायक शामिल हैं।

# रांची विश्वविद्यालय यूथ फेस्टिवल में बिरसा कॉलेज खूंटी का शानदार प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** रांची विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित त्रिदिवसीय यूथ फेस्टिवल में बिरसा कॉलेज, खूंटी के प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कॉलेज का नाम रोशन किया। इस महोत्सव में विभिन्न प्रकार की सांस्कृतिक एवं बौद्धिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें कॉलेज के विद्यार्थियों ने अपने हुनर और प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया।

यूथ फेस्टिवल के दौरान रंगोली, पेंटिंग, क्ले मॉडलिंग, क्विज, वाद-विवाद, लोक नृत्य, रचनात्मक कोरियोग्राफी, इंडियन एवं वेस्टर्न गायन (एकल व समूह) सहित कई प्रतिस्पर्धायें आयोजित की गईं। इन सभी प्रतियोगिताओं में बिरसा कॉलेज खूंटी की भागीदारी सराहनीय रही। महोत्सव में रांची विश्वविद्यालय के विभिन्न कॉलेजों के साथ-साथ पीजी विभागों ने भी हिस्सा लिया।

प्रतियोगिताओं के परिणाम में बिरसा कॉलेज की छात्रा प्रीति टोपनो ने वेस्टर्न गायन (एकल) में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया, जबकि आनंद आइंद, प्रीति, शालिनी, खुशबू, मगदलि एवं रेशमी की टीम ने वेस्टर्न ग्रुप सॉन्ग में द्वितीय पुरस्कार हासिल किया। यह पहली बार है जब वेस्टर्न गायन की प्रतियोगिता में बिरसा कॉलेज ने अन्य कॉलेजों को कड़ी टक्कर देते हुए पुरस्कार अपने नाम किया।

रांची विश्वविद्यालय के कुलपति सहित अन्य अधिकारियों ने प्रतिभागियों की कला, ऊर्जा एवं रचनात्मकता की सराहना की। टीम मैनेजर के रूप में प्रो जया भारती कुजूर एवं प्रो कॉर्नेलियस मिंज ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक समन्वयक प्रो किशोर सुरीन ने भी बिरसा कॉलेज की सक्रिय भागीदारी की प्रशंसा करते हुए भविष्य में अन्य प्रतिस्पर्धाओं की तैयारी के लिए प्रेरित किया। प्रभारी प्राचार्य डॉ चंद्र किशोर भगत ने विद्यार्थियों की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनायें दीं और आगे भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रखने की अपील की।

## बिरसा मुंडा स्मारक फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू



पिपरवार (आजाद सिपाही)। कोयलांचल क्षेत्र के राय अंबेडकर खेल मैदान में रविवार को 22वां शहीद बिरसा मुंडा स्मारक फुटबॉल टूर्नामेंट का समारोहपूर्वक उद्घाटन किया गया। इस प्रतियोगिता के उदघाटन समारोह के मुख्य अतिथि पिपरवार क्षेत्र के अशोक परियोजना पदाधिकारी जितेंद्र कुमार सिंह और विशिष्ट अतिथि में खलारी थाना प्रभारी जयदीप टोप्पो, राय पंचायत की मुखिया शीला देवी, आजसु नेता नागेश्वर महतो,सांसद प्रतिनिधि फुलेश्वर महतो सहित कई गणमान्य लोग मौजुद थे। प्रतियोगिता के पहले दिन तीन मैच खेला गया। पहला मुकाबला एसपी ब्रदर्स बनाम सोसो के बीच खेला गया, जिसमें सोसो की टीम 1-0 से विजयी रहा। दुसरा मैच बमने बनाम जामडीह के बीच खेला गया, जिसमें जामडीह की टीम 1-0 से जीत दर्ज की। वहीं तीसरा मैच में सोसो की टीम 1-0 से शानदार जीत दर्ज किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों में काफी प्रतिभा होती है। ऐसे प्रतिभावान खिलाड़ियों की मदद किया जायेगा। मौके पर उप प्रमुख सुमन देवी, पूर्व उप प्रमुख एतवारा महतो, आयोजन समिति के प्रदीप उरांव, दीपक महतो, सोनू, संतोष महतो, श्रवण सहित अन्य मौजूद थे।

# क्षेत्र के खिलाड़ियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं : सविता महतो

**एक दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का विजेता बना डीआर ब्रदर**

आजाद सिपाही संवाददाता



**ईचागढ़।** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड में रविवार को ग्रामीण क्रीड़ा संस्था लेपाटांड़ पातकुम द्वारा आयोजित ऐतिहासिक 49वां वार्षिक फुटबॉल प्रतियोगिता में हजारों दर्शकों का हुजूम उमड़ पड़ा। ऐतिहासिक मेला और खेला में 8 दलों के बीच घमासान मचा। वहीं डी आर ब्रदर टेल्को और बोम-बोम भोले के बीच फाइनल मुकाबले में डीआर ब्रदर टेल्को ने प्रथम खिताब 1 लाख 51 हजार और कप पर कब्जा जमाया। वहीं दूसरे स्थान पर रहे वोम बोम भोले को 1 लाख 21 हजार और कप देकर पुरस्कृत किया गया। डीआर ब्रोदर टेल्को ने चित पट के माध्यम से फाइनल मुकाबले में जीत दर्ज किया। खेल का उद्घाटन ईचागढ़ के राजा प्रशांत कुमार आदित्यदेव ने किया। खिलाड़ियों को संबोंधित करते हुए मुख्य अतिथि ईचागढ़ की विधायक सविता महतो ने कहा कि क्षेत्र के खिलाड़ियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, बस खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने की जरुरत है। उन्होंने आगे कहा कि हमारी सरकार भी शिक्षा के साथ-साथ खेल और खिलाड़ियों को आगे बढ़ावा देने को लेकर संवेदनशील है। और उन्होंने उम्मीद जताते हुए कहा कि आने वाले दिनों में इस क्षेत्र से भी कई खिलाड़ी अपने प्रतिभा के दम पर राज्य और देश का नाम रौशन करेंगे। मौके पर अंचल अधिकारी दीपक प्रसाद, थाना प्रभारी बजरंग महतो, एस आई विश्वजीत तिवारी, हीरालाल कुमार, मेला कमिटी अध्यक्ष नवल किशोर सिंह, काबलु महतो, उपाध्यक्ष पशुपति बागची,ओम प्रकाश लायेक, राजकिशोर गोप, शीशीर प्रामाणिक, महेंद्र उरांव, बासुदेव चटर्जी, सोनाराम, देवेंद्र, तुलसीदास, भानुमति, निताई, पंचानन, राखोहरी, अभिराम सहित आयोजन कमेटी के सदस्य उपस्थित थे।

## मातृ शक्ति फुटबॉल टूर्नामेंट की चैंपियन बनी बेड़ो की टीम

आजाद सिपाही संवाददाता




**खूंटी।** प्रतिज्ञा संस्था की ओर से आयोजित मातृ शक्ति फुटबॉल टूर्नामेंट के छठे संस्करण का फाइनल मुकाबला शनिवार को बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम, खूंटी में खेला गया। खिताबी मुकाबले में सुरुद फुटबॉल क्लब, भूसुर और आदिवासी महिला समूह, बेड़ो के बीच रोमांचक संघर्ष देखने को मिला। निर्धारित समय तक स्कोर बराबर रहने के बाद पेनाल्टी शूटआउट में आदिवासी महिला समूह, बेड़ो ने 4-3 से जीत दर्ज कर ट्रॉफी अपने नाम की।

फाइनल मैच का उद्घाटन खूंटी विधायक राम सूर्या मुंडा और सीएमपीडीआई के क्षेत्रीय निदेशक कंचन सिन्हा ने मशाल प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर विधायक राम सूर्या मुंडा ने महिलाओं के लिए आयोजित इस अनूठे खेल आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से महिला सशक्तिकरण को नई दिशा मिलती है। वहीं कंचन सिन्हा ने खेल के साथ-साथ समाज में माताओं की भूमिका की प्रशंसा की और भविष्य में भी इस पहल को सहयोग देने की बात कही। इस वर्ष सीएमपीडीआई ने महिला सशक्तिकरण से जुड़ी इस पहल को सहयोग प्रदान किया।

पुरस्कार वितरण समारोह में झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय नाथ शाहदेव भी उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए अधिक से अधिक माताओं से खेल गतिविधियों में भागीदारी की अपील की और प्रतिज्ञा संस्था को इस अनोखी पहल के लिए धन्यवाद दिया।

## शौंडिक समाज हेसालौंग का वनभोज सह मिलन समारोह



मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)। मैकलुस्कीगंज के दामोदर नदी पर शौंडिक समाज हेसालौंग का वनभोज सह मिलान समारोह कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर समाज के लोगों ने केक काटकर मिलान समारोह का शुरूआत किया। इस समारोह में उपस्थित समाज के लोगों ने कहा कि समाज की उन्नति के लिए इस तरह के समारोह की जरूरत है, जब हम सभी लोग एक साथ बैठकर किसी निर्णायक बिंदु पर पहुचेंगे तभी समाज का भला कर सकेंगे। मौके पर लखन प्रसाद साहु, बसंत कुमार पंकज, शिवपूजन साहु, सोनू कुमार, रमेश, विजय, राजन मंडल, श्याम प्रसाद, जयप्रकाश, गोपाल, शशि समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## रोजगार की तलाश में केतार से राजस्थान गये युवक की मौत, शव पहुंचते ही बिलखे परिजन



केतार (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र से रोजगार की तलाश में राजस्थान गये एक युवक की मौत होने के मामला सामने आया है। रविवार को उसका शव उसके घर पहुंचा, जिसकी सूचना मिलते ही आसपास के सैकड़ों लोग मृतक के घर पहुंच गये। जानकारी के अनुसार पाचाडुमर कमदरवा निवासी छोटू चंद्रवंशी (35) नामक युवक की राजस्थान में कार्य करने के दौरान मौत हो गयी थी। बतातें चलें कि यह कोई पहली घटना नहीं है। प्रति माह प्रखंड क्षेत्र में ऐसा मामला सामने आता है, जब गांव से रोजगार की तलाश में निकला युवक शव बनकर लौटता है। उधर, लोगों का कहना है कि यदि भवनाथपुर-केतार क्षेत्र में छोटे उद्योग-धंधे या कोई औद्योगिक प्लांट स्थापित होता तो युवाओं को रोजगार के लिए बाहर पलायन नहीं करना पड़ता।

## नगड़ी सीओ ने चौक-चौराहों पर करायी अलाव की व्यवस्था



पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)। कड़ाके की ठंड को देखते हुए पिछले एक पखवाड़े से नगडी सीओ राजेश कुमार की ओर से लोगों को लगातार विभिन्न जगहों पर अलाव की व्यवस्था की जा रही हैं। इसमें प्रखंड कार्यालय के समीप, नगड़ी मस्जिद चौक, नगड़ी चौक, सुंदरी मार्केट, अमर इलेक्ट्रिक दुकान और देवरी चौक के पास प्रतिदिन शाम छह बजे लोगों को कड़ाके के ठंड से राहत देने के लिए अलाव जलाया जा रहा है। इधर, सीओ की ओर से अलाव की व्यवस्था करने पर नगड़ी व्यापार संघ और चेकपोस्ट व्यवसायी संघ के सदस्यों ने उनकी पहल की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया है। साथ ही पनछिंगा, चेक पोस्ट, निपुण पेट्रोल पंप केसारो चौक , लालगुटवा ओवरब्रिज पर भी अलाव की व्यवस्था की मांग की है।

## फ्लेयर की ओर से चिलदाग, सिमलिया में किया हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन

अनगड़ा (आजाद सिपाही)। फ्लेयर संस्था की ओर से रविवार को सेकी के सीएसआर फंड एवं एनआरएचएम रांची इकाई के सहयोग से चिलदाग एवं सिमलिया गांव में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 613 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई और उनके बीच नि:शुल्क दवा का वितरण किया गया। शिविर में लोगों का ब्लड प्रेशर, शुगर, हीमोग्लोबिन आदि की भी जांच की गई। इस मौके पर सेकी के अधिकारी यदु पल्लव, अशीष यादव, मुखिया दुर्गा पाहन, पूर्व मुखिया कामेश्वर चौधरी, ग्राम प्रधान श्रीनाथ मुंडा, तुलेश्वर पाहन, सेविका वीणा देवी, सुनीता देवी, आशा देवी, फ्लेयर के डॉ अजय कुमार सिन्हा, नरेंद्र सिंह, सोनी प्रभा सिन्हा, डॉ आशीष आनंद, वीरेंद्र सोनार आदि मौजूद थे।

## ओरमांझी में मुखिया ने लोगों ने साथ लगाया ध्यान



ओरमांझी (आजाद सिपाही)। आर्ट ऑफ लिविंग के सहयोग से विश्व ध्यान दिवस पर ओरमांझी पंचायत भवन में मुखिया दीपक बड़ाइक और उप मुखिया संतोष गुप्ता के साथ लोगों ने ध्यान लगाया। कार्यक्रम का उद्देश्य भागदौड़ वाले जीवन में मानसिक शांति, सकारात्मक सोच एवं स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देना था। मुखिया दीपक बड़ाइक ने कहा कि ध्यान व्यक्ति को तनाव, नकारात्मकता और मानसिक अशांति से मुक्त करता है। वहीं, आर्ट ऑफ लिविंग के शिक्षक सोनाराम महतो ने ध्यान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नियमित ध्यान से व्यक्ति का शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। इस मौके पर पूर्व मुखिया मीणा देवी, आर्ट ऑफ लिविंग की युवाचार्य मुन्नी देवी, युवाचार्य अजय कुमार, ग्राम प्रधान दीनदयाल लोहरा, राजेश गुप्ता, शशि मेहता, पंचम देवी, सोनी देवी, नूतन देवी, पूजा देवी और गायत्री देवी आदि उपस्थित थे।

## किसान को जंगली सुअर ने किया गंभीर रूप से घायल

बेड़ो (आजाद सिपाही)। वन क्षेत्र क्षेत्र के ईटा पंचायत के चिल्द्री गांव के टंगराटोली में रविवार को अपराह्न तीन बजे अपने खेत के बगान में किसान वीरेंद्र उरांव (26) काम कर रहा था, तभी जंगली सुअर ने अचानक हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। सुअर ने वीरेंद्र उरांव के दाहिने पैर को दो जगहों पर काट लिया। घायल को गांव के राम उरांव, वार्ड सदस्य शनी उरांव एवं स्वजनों ने उपचार के लिए बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां चिकित्सक ने गंभीर रूप से घायल किसान का प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया। वीरेंद्र उरांव ने बताया कि वह बकरी को अपने खेत स्थित बगान में चरा रहा था। तभी झाड़ियों में छिपे सुअर ने उस पर पीछे से अचानक हमला कर दिया। वीरेंद्र ने सुअर को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन सुअर ने उसके हाथ को दांत से काट लिया। इसके बाद शोर मचाने पर सुअर भाग गया। इधर, पूर्व मुखिया बुधराम बाड़ा की पहल पर वन विभाग के वन रक्षी इंद्रजित कुमार, सुभाष प्रमाणिक एवं रवि शंकर महली ने घायल वीरेंद्र को रिम्स में उपचार के लिये पांच हजार रुपये मुआवजा दिया।

## कपड़ा बैंक ने जरूरतमंदों के बीच कपड़ा-कंबल बांटा



बेड़ो (आजाद सिपाही)। प्रखंड के नेहलू पंचायत के रोगो गांव में रविवार को कपड़ा बैंक के अध्यक्ष कैलाश कुमार के नेतृत्व में जरूरतमंदों के बीच कपड़ा और कंबल वितरित किया गया। इस कार्य में वार्ड सदस्य सह समाजसेवी बबलू लोहरा सहित कई लोगों ने सहयोग दिया। अध्यक्ष कैलाश कुमार ने बताया कि इस अभियान के तहत महिलाओं के लिए साड़ी-सूट, पुरुषों के लिए शर्ट-पैंट, बच्चों के लिए गर्म कपड़े, स्वेटर, टोपी और बुजुर्गों के लिए कंबल वितरित किए गए। कहा कि कपड़ा बैंक हर रविवार जरूरतमंद परिवारों तक कपड़े पहुंचाने का प्रयास करता है। विशेषकर उन सुदूर इलाकों में जहां गरीब एवं असहाय लोग ठंड से जूझ रहे हैं। कैलाश कुमार ने लोगों से इसी तरह सहयोग जारी रखनी की अपील की, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंदों तक कपड़े और कंबल पहुंचाए जा सकें। इस मौके पर रवि केशरी, शक्ति साहू, मुकेश कुमार, सुनील कुमार आदि थे।

## कांके अंचल कार्यालय का वनभोज कार्यक्रम आयोजित

कांके (आजाद सिपाही)। अचंल कार्यालय परिवार ने रविवार को राड़हा जंगल पतरातू रोड में वनभोज सह पिकनिक कार्यक्रम का आयोजन किया.। जिसमें अंचल कार्यालय परिवार के सदस्यों ने जमकर मस्ती की और खाने का आंनद उठाया। इस मौके पर उपप्रमुख अजय बैठा, सीओ अमित भगत, सीआइ चितरंजन टूडू, राजस्व उपनिरीक्षक रवींद्र प्रसाद, दुर्गेश मुंडा, संजय कुमार, मुकेश कुमार, सुभाष नायक, रामलाल, ललित, अमित कुमार आदि थे।

# ओबीसी वर्ग को उनका हक-अधिकार मिले यह हम भी चाहते हैं : मंत्री योगेंद्र

### कहा- आरक्षण बढ़ाने का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा गया, पर फाइलें गृह मंत्रालय में धूल फांक रही

**- पहले की सरकारों ने ओबीसी आरक्षण 27 से घटाकर 14 फीसदी कर दिया : ममता देवी**

आजाद सिपाही संवाददाता



कार्यक्रम में उपस्थित मंत्री योगेंद्र प्रसाद, विधायक ममता देवी एवं अन्य गणमान्य।

**रांची।** झारखंड की वर्तमान सरकार ने दो-दो बार कैबिनेट से ओबीसी को आरक्षण बढ़ाने का प्रस्ताव राज्यपाल के माध्यम से केंद्र सरकार को भेजा है, ताकि ओबीसी का आरक्षण बढ़ाया जा सके। पर फाइलें गृह मंत्रालय में धूल फांक रही है। उक्त बातें राज्य के पेयजल, स्वच्छता, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कही। वे रविवार को नामकुम में राष्ट्रीय ओबीसी अधिकारी कर्मचारी मोर्चा के सामाजिक न्याय एवं ओबीसी अधिकार सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने मोर्चा के मांग पत्र पर कहा कि ओबीसी वर्ग के हक अधिकार मिलने में जो भी बाधा आएंगे उसे दूर करेंगे, हम भी चाहते हैं कि वर्ग का जो हक है वह मिले। वहीं, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने कहा कि जब सबको आबादी के अनुसार आरक्षण मिल रहा है, तो पिछड़ों को भी आबादी के अनुसार आरक्षण मिले संरक्षण मिले। पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष के नाते कार्यक्रम में आया हूं उनका मनोबल बढ़ाने आया हूं। ओबीसी को सामाजिक न्याय दिलाने के लिए खड़ा भी हूं। इस दौरान, रामगढ़ की विधायक ममता देवी ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने ओबीसी का आरक्षण 27 फीसदी से घटकर 14 फीसदी कर दिया गया था, जिसे राज्य की वर्तमान गठबंधन सरकार ने कैबिनेट और विधानसभा से पास कर इसे 27 फीसदी करने की अनुशंसा की। पर केंद्र सरकार इस पर संज्ञान नहीं ले रहा है। जबकि, उत्तर प्रदेश के डीजीपी पद से सेवानिवृत महेंद्र मोदी ने कहा कि प्रतियोगी छात्रों की जाति सूचक सरनेम हटाकर इंटरव्यू और पूरी प्रतियोगिता में कोडिंग सिस्टम लागू किया जाए, जिससे पारदर्शिता बढ़ेगी। सेवानिवृत्ति प्रधान जिला न्यायाधीश ने कहा कि सभी नागरिकों को सामाजिक आर्थिक और राजनीतिक संसाधनों तक समान पहुंच मिले। भेदभाव और समानताएं खत्म हो। सभी को समान अवसर और सम्मान प्राप्त हो। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने मोर्चा की ओर से वर्षों से ओबीसी समुदाय के लिए किए गए आंदोलन की सफलता और आगे की मांगों पर प्रकाश डालते हुए राज्य में ओबीसी हिस्से की समस्या को राज्य सरकार से समाधान करने और केंद्र सरकार के हिस्से में गए केंद्र सरकार से समाधान की मांग की। इस दौरान अधिकारी कर्मचारी मोर्चा के अध्यक्ष लाल बिहारी यादव ने अतिथियों का स्वागत किया, जबकि महासचिव डॉ शिवानंद काशी ने ओबीसी की 13 सूत्री मांग पत्र पढ़ा। मंच संचालन डॉक्टर धर्म रक्षित विद्यार्थी एवं विवेक कुमार ने किया। इस मौके पर सम्मेलन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 25 लोगों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। मौके पर ध्रुव प्रसाद, हेमंत लोहानी, प्रदीप ठाकुर और रविंद्र बरनवाल आदि उपस्थित रहे।

## खेल को खेल की भावना मिलजुल कर खेलना चाहिए : राजेश कच्छप




**नामकुम (आजाद सिपाही)।** क्रिसमस और नये साल के अवसर पर साइक्लोन क्लब लोवाडीह की ओर से हाईटेंशन मैदान लोवाडीह में आयोजित चार दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच रविवार को खेला गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक दल के उप नेता सह खिजरी विधायक राजेश कच्छप उपस्थित थे। उन्होंने फाइनल मैच का उद्घाटन खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर एवं बॉल पर कीक मारकर किया। अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि खेल को खेल की भावना और आपसी प्रेम भाव से खेलना चाहिए। उन्होंने मैच में शामिल सभी फुटबॉल टीमों को क्रिसमस और नए साल की बधाई दी। इधर, विजेता टीम वाईएचएन पहान टोली नामकुम को एक लाख, उपविजेता टीम गाड़ीगांव पहान टोली को पैंसठ हजार, तृतीय एवं चतुर्थ स्थान पर रही सुजल ब्रदर्स बरियातू एवं लोली ब्रदर्स सामलौंग की टीम को क्रमशः 11-11 हजार रुपए नगद देकर पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा मैन ऑफ मैच अमन तिर्की को दिया गया। मौके पर आयोजन समिति के संरक्षक दिनेश चंद्र प्रमाणिक, अध्यक्ष नवीन कुजूर, कोषाध्यक्ष संदीप गाड़ी, खेल अध्यक्ष सुनील कुजूर, सचिव अंजय मेहता, सुमित लकड़ा, विजय कुजूर, बिनोद कच्छप, डॉ सुरजीत, प्रदीप साहू, पवन तिर्की, बनमाली मंडल, चम्पा कुजूर, रंजीत बड़ाईक, दीपक कुजूर, किशोर कुजूर, बिनोद कुजूर, मंटू लाला के साथ खेलप्रेमी उपस्थित थे।

## प्रभुदयाल बड़ाइक ने जरूरतमंदों में कंबल बांटा

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** भाजपा रांची ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष सह समाज सेवी प्रभुदयाल बड़ाईक ने सामलोंग बेलबगान और भुईयां टोली में घर-घर जाकर रात को बढ़ती शीत लहर से बचने के लिए जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। बताते चलें कि प्रभुदयाल बड़ाईक ने बीते 16 दिसंबर से रात में अपने स्कूटी से कंबल लेकर निकल रहे है और जहां भी ऐसे जरूरत मंद लोग दिख रहें उन्हें कंबल दे रेह हैं। इसी क्रम में उन्होंने कांटाटोली खादगढ़ा के पीछे झुग्गी बस्ती, बेलबगान, भुइयां टोली, हाइटेंशन क्वार्टर में अब तक दर्जनों कंबल का वितरण किया है।

## शिक्षा के बिना मनुष्य अधूरा है: सुदेश महतो



**धूमधाम से मनायी गयी अल-फलाह स्कूल की तीसरी वर्षगांठ**

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिठोरिया।** उरगुटूद्व स्थित अल-फलाह स्कूल की तीसरी वर्षगांठ रविवार को धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो, कांके विधायक सुरेश बैठा, विद्यालय के चेयरमेन सह पूर्व जीप सदस्य हकीम अंसारी, कांके उप प्रमुख अंजय बैठा, पूर्व जीप उपाध्यक्ष पार्वती देवी, कांग्रेस नेता ऐनुल हक अंसारी और मोजीबुल अंसारी ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर छोटे-छोटे बच्चों ने स्टेज पर फर्राटेदार अंग्रेजी में भाषण देकर अतिथियों को अपनी ओर आकर्षित किया। वहीं, आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने विद्यालय की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इतना अच्छे विद्यालय की सुविधा उपलब्ध करने के लिए चेयरमैन बधाई के पात्र है। उन्होंने शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि हमारी पार्टी ने शिक्षा के क्षेत्र में बहुत कार्य किया है। कहा कि शिक्षा के बिना मनुष्य अधूरा है। अच्छा प्रदर्शन करने वाले बच्चों को आगे पढ़ाई करने में किसी भी तरह की परेशानी होती है तो उसके साथ हमेशा सुदेश महतो खड़े हैं। वहीं, विधायक सुरेश बैठा ने कहा कि विद्यालय के विकास के लिए मैं हमेशा उपलब्ध रहूंगा। स्कूल के चेयरमेन हकीम अंसारी, उप प्रमुख अंजय बैठा, ऐनुल हक अंसारी, पार्वती देवी, आबिद अली और मौलाना साबिर आदि ने भी अपने-अपने विचार रखे। हकीम अंसारी ने कहा कि मेरा हमेशा से सपना है कि ग्रामीण क्षेत्रों से भी आईएएस-आईपीएस निकले। इसी उद्देश्य से मैं विद्यालय खोला हूं। इस मौके पर विद्यालय के सचिव जावेद अख्तर, निदेशक वसीम अकरम, प्रिंसिपल मोकीम आलम, उप प्रिंसिपल सैफी अदनान, आशिया, वारिस अंसारी, आजम अंसारी, परवाज खान और असीम अख्तर आदि मौजूद थे।

# शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए : सन्नी टोप्पो

### न्यू कैम्ब्रियन पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव की धूम, अतिथियों ने बढ़ाया बच्चों का उत्साह

आजाद सिपाही संवाददाता




**चान्हो।** चोरया मोड़ स्थित न्यू कैम्ब्रियन पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव का भव्य आयोजन हुआ। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ सुभाष कुमार एवं विशिष्ट अतिथि भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो, जिला परिषद आसुतोष तिवारी, संजय प्रकाश, सुशील कुमार, परमा सिंह, अरविन्द सिंह और प्रमुख होलिका देवी मौजूद रहे। उत्सव की शुरूआत अतिथियों ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान झारखंडी लोक नृत्य, देशभक्ति नाटक और आधुनिक गीतों पर बच्चों की प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर डॉ सुभाष कुमार ने कहा कि वार्षिक उत्सव केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि यह बच्चों की छिपी हुई प्रतिभा को निखारने का एक सशक्त मंच है। वहीं, प्रखंड प्रमुख होलिका देवी और भाजपा नेता सन्नी टोप्पो ने विद्यालय के शैक्षणिक स्तर और अनुशासन की सराहना करते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सन्नी टोप्पो ने कहा कि शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियां भी उतनी ही आवश्यक हैं। आज के बच्चे ही कल के उन्नत भारत की नींव हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में कैम्ब्रियन पब्लिक स्कूल जिस तरह से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और संस्कार दे रहा है, वह सराहनीय है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों की रुचि को पहचानें और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें। सन्नी टोप्पो ने मेधावी छात्रों को पुरस्कृत करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं, निदेशक परमा सिंह ने कहा कि विद्यालय का लक्ष्य बच्चों का सर्वांगीण विकास करना है। इस दौरान शैक्षणिक सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों और खेलकूद प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित सदस्य को किया गया सम्मानित



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** क्षेत्र के शिक्षाविद् डॉ रिझू नायक के नेतृत्व में रविवार को गोंदलीपोखर स्थित होटल राजधानी में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता शिवलाल महतो ने की। इस समारोह में प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित कार्यकारिणी सदस्य संतोष कुमार सिन्हा को सम्मानित किया गया। मौके पर डॉ रिझू नायक, रामपोदो महतो, आतिश महतो, राजेंद्र महतो आदि वक्ताओं ने कहा कि अनगड़ा प्रखंड के लिए यह गौरवान्वित करने वाला क्षण है। यह पहला मौका है जब रांची जिले के अनगड़ा अंचल से पत्रकार संतोष कुमार सिन्हा प्रेस क्लब में अंचल का नेतृत्व करेंगे। कहा कि सच्ची पत्रकारिता समाज को नई दिशा देने के साथ साथ समाज के हर गतिविधि पर नजर रखते हुए अच्छे बुरे का चित्रण करती है। आशा व्यक्त किया गया कि श्री सिन्हा पत्रकारों के कल्याण के साथ अन्य सामाजिक दायित्वों को भी पूरा करने का प्रयास करेंगे। मौके पर डॉ दिनेश कुमार, डॉ साजिद, श्रवण चौधरी, सगीर अंसारी, सिकंदर अंसारी, अजय साहू, घनेनाथ महतो आदि मौजूद थे। संचालन डॉ रिझू नायक एवं धन्यवाद ज्ञापन अजय साहू ने किया।

## रामकृष्ण मिशन आश्रम में मनाया गया विश्व ध्यान दिवस

**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** रांची के मोराबादी स्थित रामकृष्ण मिशन आश्रम सभागार में आश्रम एवं इंडियन योग एसोसिएशन झारखंड के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को विश्व ध्यान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय समग्र स्वास्थ्य एवं समृद्धि के लिए दैनिक जीवन में ध्यान का अभ्यास रहा। इस दौरान स्वामी विवेकानंद के दिये स्वदेश मंत्र पाठ को अनमोल कुमार एवं ध्यान पर आधारित वाणी पाठ योग प्रशिक्षक अंजन कुमार किया गया। आश्रम के सचिव स्वामी भवेशानन्द जी ने ध्यान की जरूरत के विषय में जानकारी दी एवं ज्ञान का अभ्यास कराया। कहा कि हमेशा मन में भगवान का नाम एवं हाथ में काम करना चाहिए। वहीं, रांची के न्यूरो साइकैट्रिस्ट डॉ निशांत विभाष ने विज्ञान की दृष्टिकोण से ध्यान का शरीर एवं मन पर होने वाले प्रभाव की विस्तृत व्याख्या की। वहीं, आश्रम के योग शिक्षक प्रीतम बनिक ने ध्यान की जानकारी देते हुए सेवन मीनट योग ब्रेक करवाया। जबकि मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित महर्षि मेही आश्रम के आचार्य स्वामी निर्मलानंद जी ने आशीर्वचन देते हुए कहा कि आप सब ध्यान का निरंतर अभ्यास कीजिए। इंडियन योग एसोसिएशन झारखंड चैप्टर के सचिव अमित कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन एवं मंच का संचालन श्रद्धा कृति ने किया। इस कार्यक्रम में लगभग 175 प्रतिभागियों ने ध्यान के विषय में जानकारी ली एवं ज्ञान का सामूहिक अभ्यास किया।

## अनियंत्रित कार चालक ने मारी टक्कर, चार कार क्षतिग्रस्त

**रातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के फन कैशल पार्क स्थित रांची-डालटनगंज मार्ग एनएच 75 में तेज रफ्तार कार ने आगे चल रहे एक अन्य कार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी दोरदार थी कि उक्त कार से आगे खड़े एक अन्य कार भी क्षतिग्रस्त हो गया। इस हादसे में कुल चार वाहनों को नुकसान हुआ है। वहीं, स्विफ्ट कार में सवार तीन लोगों को चोट आई है। क्षतिग्रस्त कार मालिक सिमलिया निवासी हलीम मंसूरी, सुंडिल निवासी रोहित सिंह और कमड़े निवासी मुकेश कुमार पांडेय ने रातू थाने में हुंडई कार के चालक के खिलाफ शिकायत कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। घटना रविवार को अपराह्न तीन बजे की बताई जा रही। जानकारी के मुताबिक मांडर से रातू की ओर तेज रफ्तार से आ रहे आइ20 कार का चालक नशे में धूत था। हादसे के बाद पहुंची पुलिस ने सभी वाहनों को जब्त कर थाना ले आयी है।

## कड़ाके की ठंड में डहर सोसाइटी फाउंडेशन ने जरूरतमंदों के बीच किया कंबल वितरित



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** कड़ाके की ठंड को देखते हुए डहर सोसाइटी फाउंडेशन रांची के तत्वावधान में रविवार को अनगड़ा प्रखंड के सासनबेड़ा, भावारडीपा और सुपा में जरूरतमंद बुजुर्ग महिला एवं पुरुषों के बीच कंबल वितरण किया गया। इस दौरान क्षेत्र के कुल 100 जरूरतमंद लोगों को कंबल दिया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शीतलहर से प्रभावित गरीब एवं असहाय बुजुर्गों को राहत पहुंचाना था। सोसाइटी के डायरेक्टर सह समाजसेवी नागेश्वर महतो ने बताया कि समाज के जरूरतमंद लोगों की सेवा करना संघ की प्राथमिकता रही है। ठंड के इस मौसम में बुजुर्गों को गर्म वस्त्र उपलब्ध कराना मानवता की दृष्टि से आवश्यक है। कहा कि आगे भी इसी तरह के सामाजिक और सेवा कार्य किए जाते रहेंगे। वहीं, सोसाइटी की सचिव पुष्पा देवी ने खुद उपस्थित रहकर बुजुर्ग महिला एवं पुरुषों के बीच कंबल वितरित किया।

## विभिन्न राज्यों के धार्मिक स्थानों के दर्शन-पूजन के लिए तीर्थ यात्रियों का जत्था रवाना



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी प्रखंड सहित आसपास के 65 सदस्यीय सनातन धर्मावलंबियों का जत्था रविवार को नगड़ी साहेर निवासी पंडित घनश्याम मिश्रा के नेतृत्व में देश के विभिन्न राज्यों के धार्मिक स्थानों का दर्शन पूजन के लिए बस से रवाना हुआ। इससे पहले सभी तीर्थ यात्रियों ने स्थानीय सभी मंदिरों में पूजा पाठ किया। इसके बाद धार्मिक कार्यकर्ता जगदेव महतो ने श्रीफल फोड़कर तीर्थयात्रा बस को रवाना किया। इस मौके पर जिप सदस्य पूनम देवी ने उपस्थित श्रद्धालुओं और ग्रामीणों से कहा कि भगवान श्री विष्णु सहित अन्य देवी देवताओं का दर्शन मात्र से ही मनुष्य का जीवन सफल हो जाता हैं। वहीं, तीर्थ यात्रा का नेतृत्व कर रहे पंडित घनश्याम मिश्रा ने बताया कि यह तीर्थ यात्रा सांवरिया सेठ के दरबार, खाटूश्याम सांवरिया सेठ के दरबार (खाटूश्याम धाम), गंगा स्नान, विश्वनाथ दर्शन, विंधयवासिनी देवी, संगम स्नान, अक्षयवट किला, सोये हुए हनुमान जी, चित्रकुट दर्शन, तुलसीघाट, गोर्वधन पर्वत आदि जगहों का दर्शन करते हुए दो जनवरी को वापस लौटेंगें। इस मौके पर समाजसेवी बजरंग महतो, सीताराम केसरी, रमेश महतो, प्रेम सागर महतो, सुरेश सिंह, अलका सिंह, सहदेव महतो, लक्ष्मण महतो, तपेश्वर महतो, परनू महतो आदि उपस्थित थे।

## छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज के प्रखंड अध्यक्ष भोला और सचिव रामचंद्र साहू बने



**बसिया (आजाद सिपाही)।** छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज की प्रखंड कमेटी के चुनाव हेतु केमता टोली के सामुदायिक भवन में एक बैठक आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता समाज के केंद्रीय अध्यक्ष उदासन नाग ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से बसिया प्रखंड अध्यक्ष के रूप में भोला साहू, सचिव रामचंद्र साहू , उपाध्यक्ष के रूप में बुलबुल साहू, सूदन साहू, ओम प्रकाश साहू का चयन किया गया। संरक्षक के रूप में रामेश्वर साहू रामवृक्ष साहू चुने गये। इसके पूर्व बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय अध्यक्ष उदासन नाग ने कहा की छोटा नागपुरिया तेली उत्थान समाज एक जागृत समाज है हम अपने संगठन के माध्यम से हक और अधिकार की लड़ाई लड़ेंगे तथा समाज के प्रति होने वाले किसी भी अन्याय को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। विगत दिनों से देखा जा रहा है कि समाज को कई मामलों में पीछे धकेलना का काम किया जा रहा है इस साजिश के विरुद्ध में हमारा समाज पूरी मजबूती के साथ खड़ा है। उन्होंने छोटा नागपुरिया तेली उत्थान समाज जिला इकाई द्वारा आगामी 11 जनवरी को बाघमुंडा में आयोजित वन भोज में लोगों को पूरे तन मन धन के साथ सम्मिलित होने का आहवान किया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष कलिंदर साहू ने भी समाज के संगठन की मजबूती पर वृहद चर्चा की और आगामी तेली जतरा एवं सामाजिक वनभोज में भरपूर भागीदारी के लिए आह्वान किया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष नीलांबर साहू, दिनेशसर प्रसाद, युवा अध्यक्ष कौशल साहू, रूप धारी साहू, केसरी साहू रामप्रसाद ओहदार, बालकिशन नाग, दिलीप साहू, सुनील साहू सालिक साहू, दिलीप साहू मनभरन साहू सहित अन्य लोगों उपस्थित है।

## मां महामाया मंदिर में विकास कार्यों का संयुक्त उद्घाटन



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्राचीन एवं प्रसिद्ध मां महामाया मंदिर परिसर में पर्यटन, कला, संस्कृति एवं युवा कार्य योजना मद अंतर्गत निर्मित विभिन्न विकास कार्यों का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर सामूहिक शौचालय, डीप बोरिंग, मंदिर परिसर में फाइबर ब्लॉक, डोल चबूतरा एवं जीर्णोद्धार कार्य का लोकार्पण किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में मुखिया विनीता कुमारी, विधायक प्रतिनिधि संजू उरांव, प्रखंड कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आदित्य भगत, दिशा के सदस्य अनिरुद्ध चौबे तथा प्रोफेसर अवध मनी पाठक उपस्थित रहे। इस क्रम में मुखिया विनीता कुमारी ने कहा कि सामूहिक शौचालय के निर्माण से मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को बड़ी सुविधा मिलेगी। विधायक प्रतिनिधि संजू उरांव ने कहा कि मंदिर के समग्र विकास के लिए जो भी संभव होगा, मंत्री जी को अवगत कराकर विकास कार्य कराया जायेगा। दिशा के सदस्य अनिरुद्ध चौबे ने मंदिर परिसर को स्वच्छ रखने की अपील की। वहीं प्रोफेसर अवध मनी पाठक ने कहा कि मंदिर में आने वाले भक्तों को पूजा-पाठ से जुड़ी सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करायी जायेंगी। कार्यक्रम में उप मुखिया अजीत पाठक सहित निलेश पाठक, राजेश पाठक, मिथिलेश मनी पाठक, प्रदीप मनी पाठक, संजेश उरांव, राजेंद्र साहू, सुंदर साहू, गोपाल गोप, अलका देवी, बिंदेश्वर साहू, प्रकाश उरांव, कामाख्या थाना भगत, मनीष महली, महादेव उरांव, राजेश महली, जीतन साहू, कला महली एवं पंचम महली सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और श्रद्धालु उपस्थित थे।

## खनन मजदूरों और किसानों की समस्याओं पर संयुक्त बैठक, आंदोलन का निर्णय



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** झारखंड जेनरल कामगार यूनियन एवं अखिल भारतीय क्रांतिकारी आदिवासी महासभा की संयुक्त बैठक घाघरा प्रखण्ड के लाशटांड़ गांव में आयोजित हुई। बैठक में बॉक्साईट खनन मजदूरों के साथ-साथ किसानों की समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में खनन मजदूरों का पीएफ भुगतान नहीं होने पर आंदोलन करने का निर्णय लिया गया है। साथ ही, ठेकेदारी प्रथा को समाप्त कर हिंडालको द्वारा मजदूरों के स्थायीकरण पर बल देने का फैसला लिया गया है। बैठक को संबोधित करते हुए महासभा के जिलाध्यक्ष सनिया उरांव ने कहा कि किसानों और मजदूरों की एकता महत्वपूर्ण हो गयी है। इनकी एकता के बिना समाज में बदलाव सम्भव नहीं है। अखिल भारतीय क्रांतिकारी आदिवासी महासभा और झारखंड जेनरल कामगार यूनियन दोनों की एकता कायम करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है और इसे व्यापक रूप से विकसित किया जायेगा। बैठक में यूनियन के केन्द्रीय सह जिला सचिव सुरेश प्रसाद यादव, जीतन उरांव, सुरेश गोप, बाबू राम गोप, बुधवा उरांव, मंगल उरांव, सुदर्शन भगत, बंधु महली, राजेन्द्र उरांव, तेम्बू उरांव, संजय उरांव, विश्राम उरांव, पार्थ प्रीतम सहित सैकड़ों किसान मजदूर सम्मिलित थे।

## कामडारा में स्वास्थ्य सचिव आराधना पटनायक का अधिकारियों ने किया स्वागत



**कामडारा (आजाद सिपाही)।** भारत सरकार न्यू दिल्ली की अभियान निदेशक आराधना पटनायक के शनिवार को सिमडेगा दौरा के क्रम में गुमला के सिविल सर्जन डॉ शंभूनाथ चौधरी और कामडारा सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुनील खलखो ने अपने बॉर्डर क्षेत्र इलाके अरहरा गांव स्थित रेलवे पुल के समीप गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। स्वागत के मौके पर श्रीमती पटनायक ने सिविल सर्जन से स्वास्थ्य विभाग का हाल जानते हुए कई दिशा निर्देश भी दिये। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के कई अन्य कर्मी भी मौजूद थे।

# कामडारा में युवक की हत्या के तीन आरोपी गिरफ्तार

**एक आरोपी नाबालिग, दो भेजे जायेंगे जेल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कामडारा।** सरिता गांव में शनिवार को साप्ताहिक बाजार में चाकू से एक युवक की हत्या करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने महज दो घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया। जबकि तीसरे आरोपी को रविवार की सुबह पुलिस ने पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपियों में 30 वर्षीय बच्चन सुरीन, 35 वर्षीय प्रकाश सुरीन उर्फ कोकलो तथा एक 16 वर्षीय नाबालिग शामिल है।

**पत्नी ने दर्ज करायी नामजद प्राथमिकी :** मृतक की पत्नी मनीषा कुमारी ने कामडारा थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी है।



दिये गये आवेदन में मनीषा ने बताया कि अनूप साहु शनिवार की सुबह धान मिसनी करने के बाद दोपहर में घर लौट गये थे। फिर भोजन करने के बाद वह बच्चन सुरीन, प्रकाश सुरीन और एक नाबालिग के साथ सरिता बाजार चले गये। इसी दौरान शाम में सूचना मिली कि साथ में गए युवकों ने ही आपसी विवाद के बाद चाकू से हमला कर उसकी हत्या कर दिया है।

**क्या है पूरा मामला**

शनिवार को कामडारा के सरिता गांव मेंलगने वाले साप्ताहिक बाजार में टिटीही भीमा टोली निवासी 25 वर्षीय अनूप साहू अपने तीन साथियों के साथ गया था। बाजार में उक्त आरोपियों के साथ उसकी मामूली सा विवाद हो गया। इसपर मामला काफी बिगाड़ गया तो आरोपियों ने चाकू से वार कर सरेशाम बाजार में अनूप को मार डाला।तत्काल घटना की सूचना पर कामडारा पुलिस घटनास्थल से मृतक के शव को बरामद कर थाना ले आयी और रविवार को पोस्टमार्टम के लिए शव को गुमला भेजदिया।

**मां को परेशान करने के कारण नाबालिग ने कर दी हत्या**

टिटीही भीमा टोली गांव के गिरफ्तार नाबालिग ने पत्रकारों को बताया कि मृतक बच्चन सुरीन उसकी मां को हमेशा परेशान करता था और व अपनी आंखों से यह देख भी चुका था। इससे और नाराज होकर बच्चन सुरीन की हत्या करने के इरादे से घर से चाकू लेकर बच्चन के साथ घूम रह रहा था इसी बीच अनूप के साथ विवाद हो गया और बच्चन ने चाकू मार दी।

## कामडारा में अलग-अलग घटनाओं में चार घायल

आजाद सिपाही संवाददाता





**कामडारा।** कामडारा में रविवार की शाम को तीन अलग-अलग सड़क हादसे में कुल 5 लोग घायल हो गए। सभी घायलों का कामडारा सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद 4 लोगों को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर किया गया है। पहली घटना में रायकेरा टोंगरी टोली निवासी सुकरा मुंडा पोकला बाजार से साइकिल से अपने घर लौट रहा था। इसी क्रम में गांव कराकेल के पास सड़क के ठोकर पर गिर गया। जिससे उसका एक पैर टूट गया दूसरी घटना में टुरुण्डु गांव स्थित हरियाली ढाबा के समीप दो बाइकों की टक्कर में 3 लोग घायल हो गये। पोकला बाजार से बिना लाइट वाली बाइक पर सवार होकर लोरेंस गुड़िया और हीरो मड़की दोनों तोरपा थाना क्षेत्र के संकोर डुमडिरी अपने गांव लौट रहे थे। इसी बीच तोरपा से न्यू बाइक खरीद कर अपने घर रायबा लौट रहे अगुस्टिन बरला की बाइक को सीधी टक्कर मार दी। घटना में दोनों बाइक सवार तीनों लोग घायल हो गये। घायलों को पुलिस की गश्ती वाहन से सीएचसी पहुंचाया गया। तीसरी घटना में जरिया अस्पताल मोड़ के समीप स्कूटी सवार अजय लाल गिर कर घायल हो गया। घायल अजय रामतोल्या चटकपुर का निवासी था। जो शाम में अपने घर लौट रहा था तत्काल सभी घायलों का सीएचसी कामडारा में इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए सुकरा मुंडा, लोरेंस गुड़िया, हीरो मड़की और अगुस्टिन बारला को रिम्स रेफर किया गया।

## बिशुनपुर में चला वाहन जांच अभियान



आजाद सिपाही संवाददाता

**बिशुनपुर।** पुलिस अधीक्षक गुमला के दिशा निर्देश पर रविवार को बिशुनपुर पुलिस ने संघन वाहन जांच अभियान चलाया। इस अभियान में, जांच अभियान का नेतृत्व स्वयं थानेदार अर्जुन कुमार यादव कर रहे थे। इस दौरान पुलिस ने दोपहिया और चार पहिया वाहनों की जांच की, जिसमें ड्राइविंग लाइसेंस, पंजीकरण, और अन्य आवश्यक दस्तावेज शामिल थे। इसके अलावा, पुलिस ने हेलमेट और सीट बेल्ट जैसे सुरक्षा उपकरणों के उपयोग की भी जांच की। यह अभियान सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने और यातायात नियमों का पालन करने के लिए चलाया जा रहा था थानेदार ने दोपहिया वाहनों की जांच की और हेलमेट पहनने की सलाह दी। चार पहिया वाहनों की भी जांच की गयी और सीट बेल्ट लगाने की सलाह दी गयी। पुलिस ने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने और सुरक्षित रूप से वाहन चलाने की सलाह दी। थानेदार ने कहा इस अभियान का उद्देश्य लोगों को सुरक्षित रखना और सड़क दुर्घटनाओं को कम करना है। उन्होंने लोगों से नियमों का पालन करने और सुरक्षित रूप से वाहन चलाने की अपील की है।

## कांग्रेस के स्थापना दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक आज

**गुमला (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस पार्टी के 28 दिसंबर को होने वाले स्थापना दिवस की तैयारी को लेकर जिला कांग्रेस कमिटी द्वारा एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया है। यह बैठक 22 दिसंबर (सोमवार) को दोपहर 12 बजे परिसदन, गुमला में होगी। जिला अध्यक्ष राजनील तिग्गा ने बताया कि बैठक में संगठन के वरिष्ठ नेता, प्रखंड व मंडल अध्यक्ष, विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल होंगे। बैठक में जिला प्रभारी बंधु तिर्की की उपस्थिति रहेगी। इस दौरान स्थापना दिवस को भव्य रूप से मनाने, कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने और संगठनात्मक मजबूती पर चर्चा की जायेगी।


देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in


## तेली उत्थान समाज के पालकोट प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद साहू और सचिव निक्कू साहू बनाये गये

आजाद सिपाही संवाददाता



**पालकोट।** छोटा नागपुरिया तेली उत्थान समाज के पालकोट प्रखंड कमेटी का गठन किया गया। पालकोट प्रखंड कमेटी के गठन के लिए गोबर सिल्ली पहाड़ में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में सर्व समिति जिला अध्यक्ष कलिंदर साहू मुख्य संरक्षक हीरा साहू, मुनेश्वर साहू, दिनेश्वर प्रसाद, नीलांबर साहू एवं युवा अध्यक्ष कौशल साहू की उपस्थिति में चयन प्रक्रिया शुरू हुई। चयन के बाद प्रमोद साहू को अध्यक्ष, निक्कू साहू को सचिव एवं दरोगा साहू कोषाध्यक्ष बनाया गया। वहीं सूरज साहू युवा अध्यक्ष के रूप में चुने गये। इसके पूर्व बैठक को संबोधित करते हुए हीरा साहू ने कहा कि किसी भी समाज की रीढ उसका संगठन है। संगठन ही समाज को आगे बढ़ाता है। युवा समूह को प्रेरित करते हुए कहा कि उन्होंने कहा समाज के भविष्य युवा है कल का दिन आपका है इसलिए समाज को संगठित करने में और समाज के आगे बढ़ाने में भरपूर सहयोग करें। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष कलिंदर साहू ने समाज की आगे की कार्यक्रम को उल्लिखित करते हुए कहा कि पूरी जिले में सभी प्रखंड में समाज के संगठन को मजबूत करते हुए समाज के हक अधिकार के लिए लड़ाई लड़ी जायेगी। बरसों से पीड़ित शोषित समाज अपने हाथ और अधिकार से वंचित यह समाज की युवा आप जाग गये हैं और किसी भी तरह का प्रतिकार करने के लिए सदैव तत्पर है। उनके द्वारा प्रखंड, गांव से पंचायत तक समिति गठन करने का निर्देश दिया गया। बैठक को मुनेश्वर साहू, युवा अध्यक्ष कौशल साहू ने भी संबोधित किया और सामाजिक में युवाओं को आगे आने के लिए आह्वान की। बैठक में राम अवध साहू रूपनारायण साहू नारायण साहू, प्रसाद साहू, आरसी प्रसाद , रूप धारी सा रूप, केसरी साहू संदीप साहू, रोहित कश्यप ,उमेश साहू, अशोक साहू रोनित साहू, मोनू साहू, पवन साहू, संजय साहू दीपक साहू, अनुज साहू, रोनित कुमार, दशरथ राज साहू, उमेश्वर साहू, मनीष कुमार सहित समाज के अन्य लोग उपस्थित थे।

## केड़ेंग के पास सड़क दुर्घटना में युवक घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** चैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कोड़ेंग गांव के समीप मोड में ट्रैक्टर से अनियंत्रित होकर गिरने से कोड़ेंग गांव निवासी 28 वर्षीय नंद कुमार बड़ाइक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद वह बेहोश होकर रात भर घटना स्थल पर ही पड़ा रहा। रविवार की सुबह होश आने पर उसने अपने दोस्त नवीन कुमार गोप को फोन कर बुलाया। इसके बाद उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चैनपुर ले गये। जहां से उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक युवक खेती-बाड़ी का काम करता है और हाल ही के दिनों में वह एक नया ट्रैक्टर खरीदा है। ट्रैक्टर लेकर वह कोड़ेंग से चैनपुर किसी काम से जा रहा था। तभी कोड़ेंग मोड में अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे गड्ढे में गिर गया। रविवार की सुबह 10 बजे घायल को सदर अस्पताल लाया गया। उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है।

## गुमला में जतरा मेला यात्रा का आयोजन





आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत उर्मी स्थित प्रभु जगन्नाथ मंदिर के प्रांगण में पौष मास में जतरा मेला यात्रा का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया। जिसमें संस्कृति और स्थानीय व्यापार को बढ़ावा मिला। इस मेला को नयी फसल और सामाजिक सौहार्द का प्रतीक माना जाता हैं। जहां लोग पारंपरिक नृत्य-गीत और खरीदारी करते हैं। इस मेले का आयोजन धान काटने के उपरांत किया जाता है। साल के पौष मास में गांव-गांव में यह जतरा मेला का आयोजन पूर्वजों के द्वारा कई वर्षों से किया जाता आ रहा है। शनिवार को उर्मी स्थित प्रभु जगन्नाथ मंदिर के प्रांगण में हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी जतरा मेले का आयोजन किया गया।

## पारडीह काली मंदिर के पास सड़क दुर्घटना चालक घायल



**चांडिल (आजाद सिपाही)।** पारडीह काली मंदिर के पास रविवार सुबह मालवाहक टाटा मैजिक टेम्पो और काले रंग की कार में आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गयी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार पलट गयी। हादसे में टाटा मैजिक का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे।सभी के सहयोग से घायल को एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे के कारण सड़क पर कुछ समय यातायात बाधित रहा, जिसे बाद में सामान्य किया गया।सूत्रों के अनुसार दुर्घटनाग्रस्त कार किसी नेता के भाई की बतायी जा रही है। हालांकि पुलिस ने इसकी पुष्टि नहीं की। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## बाघमुंडा में विदाई सह पिकनिक का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**बसिया।** सहायक अध्यापक संघ द्वारा विदाई सह पिकनिक कार्यक्रम का आयोजन बसिया प्रखंड के बाघमुंडा में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत भूतपूर्व शिक्षा प्रसार पदाधिकारी प्रीति कुजूर को बीपीओ अनुपम कुमार द्वारा फूलों का गुलदस्ता एवं शॉल भेंट कर सम्मानित करने के साथ की गयी। इस अवसर पर उनके द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्यों की सराहना की गयी।

इसके पश्चात सेवानिवृत्त पारा शिक्षक अर्जुन मिश्रा, शिप्रियण केरकेट्टा एवं कृष्णा साहू को उनके लंबे सेवा काल के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सहायक अध्यापकों को भी उनके योगदान के लिए सम्मान प्रदान किया गया। विदाई सह पिकनिक कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ, जहां शिक्षकों ने आपसी सहयोग, अनुभवों और यादों को साझा किया। इस अवसर पर रामकिशोर ओहदार, आशीष कुमार साहू, सुनील महतो, अनूप सिंह, विनोद देवघरिया, प्रफुल्ल सोरेंग सहित बड़ी संख्या में सहायक अध्यापक उपस्थित थे।

# मनरेगा को निरस्त करने के विरोध में कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

**जी राम जी योजना लाना गांधी के विचारों पर सीधा हमला : मानिकचंद**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) को निरस्त कर उसके स्थान पर नयी 'जी राम जी योजना' लाने के नये विधेयक के विरोध में जिला कांग्रेस कमिटी, गुमला के तत्वावधान में रविवार को स्थानीय टॉवर चौक पर प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया और केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्तियां लेकर मनरेगा को बचाने और



विधेयक को तत्काल वापस लेने की मांग की। सभा को संबोधित करते हुए मानिकचंद साहू ने कहा कि नए विधेयक के माध्यम से मनरेगा की आत्मा को ही मार डाला गया है। उन्होंने कहा कि मनरेगा के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में 100 दिन के रोजगार की जो संवैधानिक गारंटी थी, उसे समाप्त कर दिया गया है। पहले यह अधिकार ग्रामीण मजदूरों के पास था कि उनके गांव में कौन-सा काम होगा, लेकिन अब यह फैसला केंद्र सरकार करेगी। इससे ग्राम स्वराज की अवधारणा खत्म हो जायेगी, जो महात्मा गांधी के सिद्धांतों का अपमान है। गुलाम सरवर ने कहा कि मनरेगा में जहां पहले केंद्र सरकार 90 प्रतिशत फंड उपलब्ध कराती थी, वहीं नये विधेयक में इसे घटाकर मात्र 60 प्रतिशत कर दिया गया है, वह भी चुनिंदा क्षेत्रों के लिए। इसका सीधा असर गरीब और पिछड़े राज्यों पर पड़ेगा, जहां स्वतः ही मनरेगा के तहत रोजगार समाप्त हो जायेगा। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी के नाम से जुड़ी इस योजना का नाम बदलना केवल राजनीतिक फैसला नहीं, बल्कि राष्ट्रपिता के विचारों और योगदान को मिटाने की साजिश है। वहीं रोहित उरांव ने कहा कि मनरेगा ग्रामीण अर्थव्यवस्था की आत्मा थी, जिसे कुचल दिया गया है। कांग्रेस पार्टी महात्मा गांधी के सिद्धांतों और गरीबों के हक की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगी।

मौके पर आशिक अंसारी सहित मुरली मनोहर प्रसाद, अकील रहमान, मो आजाद अंसारी, एजाज अहमद, शाहजहां अंसारी, डॉ. चंद्र किशोर केरकेट्टा, इकरामुल हक, बबलू खान, मो. साहेब वसीम, नीलेश उरांव, जोय कुजूर, साबिर खान, कृष्णा लोहरा, शादाब आलम, प्रमोद खलखो, प्रदीप मिंज, नारायण चंद्र पहान, रफी अली, मिन्हाज खान, फिरोज आलम, पप्पू खान, अरुण गुप्ता समेत दर्जनों कांग्रेसी मौजूद थे।

## दो कारों के बीच टक्कर, बाल-बाल बचे चालक

**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)।** आदित्यपुर स्थित पीएचईडी कैंपस के पीछे सड़क पर बीती रात दो कारों के बीच जोरदार टक्कर हो गयी। टक्कर इतनी भीषण थी की एक कार के आगे की पूरी बॉडी क्षतिग्रस्त हो गयी। घटना में दोनों कारों के चालक सुरक्षित बताये जा रहे हैं। टक्कर के बाद कार चालक मौके से भागने की कोशिश कर रहा था जिसे स्थानीय लोगों ने पकड़ लिया। क्षतिग्रस्त वाहन को लेकर ढेर रात तक बहस चलती रही। बताया जा रहा है दुर्घटनाग्रस्त कार भाजपा नेता की है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 22 दिसंबर, 2025
www.azadsipahi.in



## स्वतंत्रता सेनानी काशी नाथ मुंडा की स्मृति में दालचीनी का पौधा लगाया



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान द्वारा आज पर्यावरण-मित्र चौक स्थित 'पर्यावरण-मित्र वाटिका' के स्वतंत्रता सेनानी स्मृति उद्यान में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अमर स्वतंत्रता सेनानी स्व. काशी नाथ मुंडा की स्मृति में संस्थान के पदाधिकारियों द्वारा दालचीनी का पौधा लगाकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। वृक्षारोपण कार्यक्रम का नेतृत्व संस्थान के कार्यकारी अध्यक्ष रघुवर प्रसाद, उपाध्यक्ष अखिलेश ओझा और स्वास्थ्य संयोजक गौरी शंकर सिंह ने किया। इस अवसर पर संस्थान के महासचिव शशि भूषण ओझा 'मुकुल' ने एक महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि यह पौधा स्व. काशी नाथ मुंडा के जन्मस्थल (पेटरवार प्रखंड, पेटरवार ग्राम) से लायी गयी पवित्र मिट्टी के उपर रोपित किया गया है। यह संस्थान की एक अनूठी पहल है, जिसके माध्यम से शहीदों की जन्मभूमि के सम्मान को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ा जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान श्री मुकुल ने बोकारो जिला प्रशासन और झारखंड सरकार की कार्यशैली पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्यपूर्ण है कि सरकार और प्रशासन स्वतंत्रता सेनानियों को लगभग भूल चुके हैं। न तो उनकी स्मृति में कोई राजकीय कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं और न ही उनके नाम पर किसी स्कूल, सड़क या चौक का नामकरण किया जा रहा है। इस स्मृति वृक्षारोपण कार्यक्रम में रघुवर प्रसाद, अखिलेश ओझा, गौरी शंकर सिंह के साथ-साथ मृणाल चौबे, लक्ष्मण शर्मा, वीरेंद्र चौबे, ललित कुमार, रोहित सिंह, मनीष झा, अभय कुमार गोलू और सत्येंद्र पांडेय सहित कई पर्यावरण प्रेमी उपस्थित रहे।

## फुटबॉल प्रतियोगिता में बिरसा मुंडा क्लब ने सरना एफसी को हराया



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** बिरसा मुंडा मेगा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स धनबाद में खेल महोत्सव के फुटबॉल प्रतियोगिता के तीसरा एवं अंतिम दिन रविवार को मुख्य अतिथि बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और फुटबॉल किक मारकर मैच का शुभारंभ किया। फाइनल मैच बिरसा मुंडा क्लब धनबाद और सरना एफसी के बीच में हुआ। बिरसा मुंडा क्लब ने टाई ब्रेकर में 6-5 से सरना एफसी क्लब को पराजित कर टूर्नामेंट का विजेता बना। धनबाद जिला फुटबॉल संघ के महासचिव मृदुल बोस, कोषाध्यक्ष मो सलाउद्दीन, संयुक्त सचिव शुभंकर सरकार, खेल प्रभारी सांसद प्रतिनिधि मनोज सिंह, कैलाश कुमार गुप्ता, संदीप शर्मा ने सफल आयोजन में अहम भूमिका निभायी। मंच संचालन शशि प्रकाश ने किया। निर्णायक की भूमिका सरकार मरांडी, सनाउल्लाह अंसारी, संतोष रजक, दिलीप महतो ने निभाया। इस अवसर पर सुनील चौधरी, देवाशीष पाल, सुरेश दास, राजीव शर्मा, सुनील गुप्ता, विजय शर्मा, दुर्गा सिंह, भोला पांडे, सरोज शुक्ला, जगतु गोप, राजेश सिंह, संजय विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।

## धनबाद में वंडर ब्लूम फ्लावर एंड एडवेंचर पार्क का उद्घाटन



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** रविवार को बिरसा मुंडा पार्क में शहर वासियों के लिए वंडर ब्लुम फ्लावर एंड एडवेंचर पार्क का उद्घाटन पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू के द्वारा किया गया। इस पार्क का मुख्य आकर्षण फ्लावर पार्क, नाईट लाइट पार्क, बर्ड पार्क, जिप लाईन, रोप वे, क्रिकेट, बुल राईड, फिश स्पो जैसे आधुनिक रोमांचक सुविधाएं है। इस पार्क के संचालक रवि कुमार ने बताया कि ये सभी आकर्षण खास तौर पर युवाओं और बच्चों को ध्यान मे रखकर तैयार कियागया है। पार्क प्रबंधक ने बताया कि यह स्थल परिवार के लिए घुमने फिरने और मनोरंजन का नया केन्द्र बनेगा। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप में विधायक राज सिन्हा, नगर आयुक्त, रवि राज शर्मा, नीलम मिश्रा, राज आनंद सिंह, एसडीओ राजेश कुमार, डीएसपी ट्रैफिक अरविन्द कुमार सिंह, प्रदिप साव, विजय कुमार, राहुल कुमार समेत अन्य लोगों उपस्थित थे।

## शिविर में 34 यूनिट रक्त का संग्रहण



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** हीरापुर स्थित प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था लिंडसे क्लब एंड लाइब्रेरी द्वारा पौष पारबोन उत्सव के दौरान रविवार को एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। क्लब परिसर में आयोजित इस शिविर का उद्देश्य सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ-साथ सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन करना रहा। शिविर का आयोजन शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल के तकनीकी सहयोग से सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। क्लब परिसर में आयोजित इस शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में जिले के सिविल सर्जन डॉक्टर आलोक विश्वकर्मा ने रक्तदाताओं को रक्तदान के महत्व एवं इसके फायदे के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर क्लब के सचिव सलिल विश्वास ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद की जान बचा सकता है। लिंडसे क्लब केवल सांस्कृतिक गतिविधियों तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से निभाता रहा है। वहीं अध्यक्ष अमलेंदु सिन्हा ने रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज के व्यस्त जीवन में इस प्रकार के शिविरों का महत्व और भी बढ़ जाता है। युवाओं में रक्तदान को लेकर जो उत्साह देखा गया, वह समाज के लिए अत्यंत सकारात्मक संकेत है। अस्पताल के डॉक्टरों एवं स्वास्थ्यकर्मियों के सहयोग से शिविर को पूर्णतः सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण में आयोजित किया गया। इस रक्तदान शिविर में क्लब के सदस्यों के साथ-साथ स्थानीय युवाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। दोपहर तक 34 यूनिट रक्त संग्रह किया जा चुका था। रक्तदाताओं के लिए जलपान एवं विश्राम की समुचित व्यवस्था की गयी थी। इस अवसर पर पीएमसीएच की मेडिकल टीम द्वारा रक्तदाताओं को कॉफी मग क्लब के तरफ से मोमेंटो और प्रमाणपत्र भी प्रदान किये गये। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब के अन्य पदाधिकारियों, सदस्यों एवं स्वयंसेवकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# प्रेम यादव हत्याकांड का खुलासा हथियार के साथ तीन गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद ।** विगत 18 नवंबर को झरिया थानांतर्गत कतरास मोड़ के समीप मोटरसाइकिल सवार अज्ञात अपराधियों द्वारा गोली मारकर एक युवक की हत्या करने के मामले में धनबाद पुलिस ने न सिर्फ कांड में शामिल तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है, बल्कि हत्या में प्रयुक्त कट्टा, बाइक और घटना के समय पहना हुआ कपड़ा भी बरामद कर लिया है।

इस संबंध में रविवार को एक प्रेस वार्ता कर धनबाद के सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव ने बताया कि बीते 18 नवंबर को झरिया के कतरास मोड़ पर बाइक सवार अपराधियों द्वारा प्रेम यादव को गोली मारकर की गयी। हत्या मामले में मृतक के पिता द्वारा झरिया थाना में मामला दर्ज कराने के बाद वरीय पुलिस अध्यक्ष के द्वारा इस मामले में एक विशेष अनुसंधान टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने अनुसंधान के क्रम में कांड में संलिप्त दो अभियुक्तों रोहित कुमार सिंह और कुनाल कुमार को महाराष्ट्र के कोल्हापुर से एवं एक अन्य अभियुक्त आकाश गोप को बिहार के वैशाली से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार हुए इन अभियुक्तों की निशानदेही पर पुलिस ने कांड में प्रयुक्त किया गया पिस्टल, एक देशी कट्टा, मोटरसाइकिल और घटना के समय पहना हुआ कपड़ा, एक मैगजीन और 3 जिंदा गोली बरामद किया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार तीनों अभियुक्तों का पूर्व से ही आपराधिक इतिहास रहा है। तीनों अभियुक्त पूर्व में हत्या, रंगदारी एवं आर्म्स एक्ट के मामले में जेल की हवा भी खा चुके है।

सिटी एसपी ने बताया कि उक्त घटना का मूल कारण मृतक एवं अभियुक्तों के बीच पूर्व का विवाद था। उन्होंने बताया कि कांड के उद्भेदन में शामिल सभी पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को उनके अच्छे कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र एवं नकद पुरस्कार से पुरस्कृत किया जायेगा।

## विधायक शत्रुघ्न महतो ने जरूरतमंदों को दिया कंबल



आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** मुरलीडीह साधन गुप्ता मीडिल स्कूल सह एसजीएम बालिका उच्च विद्यालय के प्रांगण में कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए, इस अवसर पर विधायक ने जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किये। इस दौरान विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि ठंड के मौसम में जरूरतमंदों खासकर बेघर, बुजुर्गों और गरीब लोगों को सर्दी से बचाना, गर्म और आराम प्रदान करना और उन्हें ठंड से राहत दिलाते सुरक्षा प्रदान करना हैं ताकि वे सुरक्षित और स्वस्थ रह सकें, खासकर कड़ाके की ठंड में यह एक मानवीय कार्य है जो सहानुभूति और समाज के प्रति जिम्मेदारी की भावना को दर्शाता है। मौके पर मुख्य रूप से महुदा के मुखिया बदरुद्दीन अंसारी, छात्रुटांड मुखिया प्रतिनिधि दिनेश प्रमाणिक, महुदा मंडल अध्यक्ष किशून महतो, स्कूल के प्रधानाध्यापक मंटू महतो, बीसीसीएल के पदाधिकारी पासवान, धनश्याम महतो समेत कई मौजूद थे।

## श्रमिकों की समस्याओं का निराकरण गंभीरता से करे बीसीसीएल प्रबंधन : अनुपमा सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन (आरसीएमयू) की वर्किंग प्रेसिडेंट अनुपमा सिंह के निर्देशानुसार भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) मुख्यालय में यूनियन और प्रबंधन के बीच एक पूर्व निर्धारित उच्चस्तरीय वार्ता आयोजित की गयी। यह बैठक यूनियन द्वारा पूर्व में सौंपे गये मांगपत्र के आलोक में हुई, जिसमें श्रमिकों की ज्वलंत समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गयी। महामंत्री एके झा के नेतृत्व में हुई इस वार्ता में मजदूरों के हित में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर सहमति बनी। बैठक में प्रबंधन की ओर से एचओडी सुरेंद्र भूषण मुख्य रूप से उपस्थित रहे। यूनियन की ओर से केंद्रीय उपाध्यक्ष मिथिलेश कुमार सिंह ने पदोन्नति प्रक्रिया में की जा रही कथित तकनीकी हेराफेरी का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि ह्लपदोन्नतिह्व के स्थान पर ह्लचयनितह्व या नियमित शब्दों के प्रयोग से श्रमिकों को मिलने वाला तीन प्रतिशत आर्थिक लाभ प्रभावित हो रहा है। कड़े विरोध के बाद प्रबंधन ने त्रुटि स्वीकार करते हुए भविष्य में सुधार का आश्वासन दिया। कुसुंडा क्षेत्र में आवास आवंटन में अनियमितता पर भी यूनियन ने नाराजगी जतायी। प्रबंधन ने नियमसम्मत दिशानिर्देश जारी करने का भरोसा दिया। धनसार कोलियरी के श्रमिक जय प्रकाश साव के 16 वर्षों से लंबित नियमितीकरण मामले में भी प्रबंधन ने अंतिम सहमति दे दी। सबसे गंभीर मुद्दे के रूप में फरवरी 2022 के वेतन से 13 दिनों की कथित अवैध कटौती का मामला उठा। यूनियन ने इसे घोर अन्याय बताते हुए बकाया भुगतान की मांग की। प्रबंधन ने समिति की रिपोर्ट के आधार पर अगले सप्ताह आदेश जारी करने की बात कही। इस पर चेतावनी दी गई कि टालमटोल होने पर बड़ा आंदोलन होगा।

### श्रमिक संगठन राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन की बैठक

## सेफ्टी, वेलफेयर और हाउसिंग मामले में प्रखरता से बात रखने की बनी रणनीति

आजाद सिपाही संवाददाता



**कथारा।** कथारा स्थित अतिथिगृह में राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन के कथारा क्षेत्र के सदस्यों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता सीसीएल कथारा क्षेत्र के वेलफेयर बोर्ड के सदस्य व क्षेत्रीय कार्यकारी अध्यक्ष गणेश राम ने की। जबकि संचालन धनंजय सिंह ने किया। यहां सेफ्टी, वेलफेयर और हाऊसिंग बोर्ड से जुड़े मामले को लेकर विचार विमर्श हुआ। वही श्रमिकों के ज्वलंत समस्याओ को मुखरता से प्रबंधन के समक्ष रखने की सहमति बनी। वही श्रमिकों के समस्या को लेकर मांगपत्र दिये जाने, सेफ्टी, बेलफेयर और हाऊसिंग को लेकर सक्रियता रखने, संगठन की सदस्यता बढ़ाने, अनुभवी व युवा सदस्यों को बड़ी दायित्व सौपे जाने सहित कई मामले को लेकर विमर्श हुआ। यहां विचार रखते हुए संगठन के क्षेत्रीय सचिव विजय कुमार सिंह ने कहा कि क्षेत्र में आरकेएमयू के पदाधिकारी श्रमिकों के ज्वलंत समस्याओ को लेकर सदैव मुखर रहते हैं। इसी का परिणाम है कि बड़ी संख्या में कामगारो का संगठन से जुड़ रहा है। उन्होंने कहा कि श्रमिकों का विश्वास बनाये रखने के लिए इसी प्रकार कार्य करते रहना होगा। क्षेत्रीय अध्यक्ष आकाश लाल सिंह ने कहा कि श्रमिकों के हर सुख दुःख की घड़ी में हमेशा शामिल होते रहना है। उन्होंने कहा कि आरकेएमयू क्षेत्र का सबसे सशक्त संगठन बने, इसके लिए मिलकर कार्य करना होगा। मौक पर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष प्रेमजीत प्रसाद, पीयूष कुमार, नागवंत प्रसाद, गणेश राम, क्षेत्रीय सहायक सचिव खगेश्वर रजक, सतीश वर्णवाल आदि लोग मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## क्रिटिकल रिस्क मैनेजमेंट पर इएसएल का दूसरा सेफ्टी टाउनहॉल, जीरो हार्म पर जोर

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** इएसएल स्टील लिमिटेड द्वारा कार्यस्थल सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से दूसरा सेफ्टी टाउनहॉल आयोजित किया गया। इस टाउनहॉल की थीम क्रिटिकल रिस्क मैनेजमेंट रही, जिसमें कंपनी के जीरो हार्म के लक्ष्य को केंद्र में रखा गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ नेतृत्व, अधिकारी, कर्मचारी और बिजनेस पार्टनर्स की व्यापक भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम में डिप्टी सीईओ एवं होल-टाइम डायरेक्टर रवीश शर्मा, मुख्य वित्तीय अधिकारी आनंद दुबे तथा निदेशक-सीइ एवं एचएसइएस तपेश चंद्र नस्कर सहित कई वरिष्ठ अधिकारी, विभागाध्यक्ष, साइट इंचार्ज, श्रमिक एवं सेफ्टी टीम के सदस्य उपस्थित थे। उद्घाटन संबोधन में रवीश शर्मा ने इएसएल की अब तक की सुरक्षा यात्रा पर प्रकाश डालते हुए क्रिटिकल रिस्क मैनेजमेंट के प्रभावी क्रियान्वयन की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने चार प्रमुख जोखिम क्षेत्रों-पिघला हुआ धातु, एंटैंगलमेंट, वाहन-पैदल यात्री इंटरैक्शन और आइसोलेशन-को चिन्हित करते हुए इनके लिए सशक्त नियंत्रण उपायों की आवश्यकता बतायी। साथ ही 'इच वन लीड वन' पहल को सभी सुरक्षा सुधार परियोजनाओं तक विस्तारित करने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा आंकड़ों और मौजूदा कमियों पर भी चर्चा की गयी। सीएफओ आनंद दुबे ने गोवा की एक घटना से मिले सबक साझा करते हुए सुरक्षा ब्रीफिंग, सही एग्जिट प्लानिंग, नियमित स्वास्थ्य जांच और मानवीय व्यवहार की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। वहीं तपेश चंद्र नस्कर ने सीआरएम चार्टर, गो एवं नो-गो मानदंडों, स्टॉप-वर्क अथॉरिटी और मजबूत पर्यवेक्षण के महत्व को रेखांकित किया। इस अवसर पर लाइम एंड डोलो तथा डीआईपी विभागों को शून्य लॉस्ट टाइम इंजरी प्राप्त करने के लिए सम्मानित किया गया। सेफ्टी टाउनहॉल का समापन ऑन-ग्राउंड सुपरविजन और विजिबल लीडरशिप को मजबूत करने के संदेश के साथ हुआ, जिससे समय रहते जोखिमों की पहचान कर असुरक्षित गतिविधियों को रोका जा सके और सभी के लिए जीरो हार्म सुनिश्चित किया जा सके।

## फुटपाथ दुकानदार महासंघ का प्रदर्शन आज

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** झुग्गी-झोंपड़ी वासी सह फुटपाथ दुकानदार महासंघ का नगर सेवा भवन बोकारो पर प्रदर्शन सोमवार 22 दिसंबर को होगा। इसकी तैयारी बैठक रविवार को स्थानीय मजदूर मैदान सेक्टर चार में हुई। बोकारो इस्पात प्रबंधन के संपदा न्यायालय के अतिक्रमण हटाओ अभियान के खिलाफ की बैठक स्थानीय सेक्टर पांच में हुई। बैठक की अध्यक्षता महासंघ के संरक्षक कुमार राकेश ने की। बैठक में अभियान की विभिन्न सेक्टरों हुई सफल तैयारी पर संतोष व्यक्त किया गया। महासंघ के संरक्षक राकेश ने बताया कि प्रदर्शन को सफल बनाने झुग्गी-झोंपड़ी वासी सह फुटपाथ दुकानदार महासंघ के लिए बोकारो इस्पात नगर के सभी झुग्गी कॉलोनी निवासियों और फुटपाथ दुकानदारों के साथ बैठक कर संगठित किया गया है। उन्होंने सभी बोकारोवासियों से कार्यक्रम में शिरकत करने की अपील की। बैठक में महासंघ के कार्यकारी अध्यक्ष संजय रजक, सुधीर कुमार, विजय ठाकुर सहित अन्य उपस्थित रहे।

## क्रिसमस आत्मचिंतन और आत्मिक जागरण का पवित्र अवसर है : डॉ बी रीना ठाकुर

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** आध्यात्मिक दृष्टि से क्रिसमस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि आत्मचिंतन और आत्मिक जागरण का पवित्र अवसर है। यह पर्व प्रभु यीशु मसीह के जन्म के माध्यम से ईश्वर के प्रेम और करुणा के पृथ्वी पर अवतरण का प्रतीक है। ईसाई मान्यता के अनुसार, प्रभु यीशु का जन्म यह दर्शाता है कि ईश्वर मानव के रूप में संसार में आए, ताकि मानवता को पाप, भय और अज्ञान से मुक्त कर सकें। उक्त बातें दैनिक पत्र आजाद सिपाही से विशेष बातचीत करते हुए माउंट सियोन स्कूल की प्राचार्य डॉ बी रीना ठाकुर ने कही। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक रूप से क्रिसमस हमें यह संदेश देता है कि ईश्वर बाहरी वैभव में नहीं, बल्कि विनम्रता, सरलता और शुद्ध हृदय में वास करते हैं। प्रभु यीशु का जन्म एक साधारण गोशाला में हुआ, जो यह सिखाता है कि सच्ची आध्यात्मिकता अहंकार और भौतिक दिखावे से दूर होती है। यह हमें अपने भीतर प्रेम, क्षमा और दया को जन्म देने की प्रेरणा देता है।

श्रीमती ठाकुर ने कही कि क्रिसमस का आध्यात्मिक अर्थ यह भी है कि प्रत्येक व्यक्ति के हृदय में 'मसीह चेतना' का जन्म हो। जब हम स्वार्थ, क्रोध और द्वेष को त्यागकर सेवा, त्याग और सत्य के मार्ग पर चलते हैं, तब हमारे जीवन में वास्तविक क्रिसमस घटित होता है। यह पर्व आत्मा को शुद्ध करने और ईश्वर से संबंध को गहरा करने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार, आध्यात्मिक दृष्टिकोण से क्रिसमस हमें आंतरिक प्रकाश को जाग्रत करने, मानवता की सेवा करने और ईश्वर के प्रेम को अपने कर्मों के माध्यम से प्रकट करने का संदेश देता है।

## दि पेंटिकॉस्टल एसेंबली में क्रिसमस उत्सव हर्षोल्लास से संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता




**बोकारो।** क्रिसमस केवल आनंद और उत्सव का ही नहीं, बल्कि आत्मचिंतन और मानवीय मूल्यों को अपनाने का भी पर्व है। प्रभु यीशु मसीह के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में दि पेंटिकॉस्टल एसेम्बली विद्यालय, सेक्टर-12 में पारंपरिक उल्लास और आध्यात्मिक वातावरण के साथ क्रिसमस समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर को आकर्षक सजावट से सुसज्जित किया गया, जिसने अतिथियों का मन मोह लिया। जैसे-जैसे दिसंबर की ठंड बढ़ती है, वैसे-वैसे क्रिसमस की रौनक भी वातावरण में घुलने लगती है। यह पर्व लोगों के बीच प्रेम, सद्भाव और शांति का संदेश देता है तथा बुराइयों से दूर रहने की प्रेरणा देता है। ईसाई संस्कृति में क्रिसमस का विशेष महत्व माना जाता है, जिसकी तैयारियां आगमन काल से ही आरंभ कर दी जाती हैं। इसी परंपरा के अंतर्गत प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 'सांग्स ऑफ द सीजन' कार्यक्रम का आयोजन शनिवार, 20 दिसंबर को विद्यालय के सभागार में किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, विद्यार्थी, अभिभावकगण एवं विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहें। कार्यक्रम का शुभारंभ ईश वंदना से हुआ, जिसे विद्यालय के निदेशक रेवरेंड डॉ डीएन प्रसाद एवं शैक्षणिक अधिकारी रीता प्रसाद ने संपन्न कराया। इसके पश्चात विद्यालय की प्राचार्या डॉ करुणा प्रसाद ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए मुख्य अतिथि का अभिनंदन किया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने गीत प्रस्तुत किया। ट्रिनिटी थियोलॉजिकल कॉलेज के छात्रों द्वारा प्रस्तुत 'पुण्य पावनी सुहानी रात रे' गीत ने पूरे वातावरण को आनंदमय बना दिया। प्री-नर्सरी से कक्षा बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने नृत्य, गीत और नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रभु यीशु के जन्म का संदेश प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बोकारो स्टील प्लांट, सेल के महाप्रबंधक (सीओसी) मणिकांत धान ने अपने संबोधन में सभी को क्रिसमस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि क्रिसमस यीशु मसीह के जन्म का पर्व है, जो संसार में शांति, सद्भाव और प्रेम का संदेश फैलाने का अवसर प्रदान करता है। क्रिसमस केवल एक दिन या मौसम नहीं, बल्कि करुणा, दया और सद्भावना को जीवन में अपनाने की भावना है। इस अवसर पर संडे स्कूल में सम्मिलित 67 बच्चों को क्रिसमस उपहार भी वितरित किये गये।

## सेंट मेरीज नर्सरी स्कूल के बच्चे हैप्पी स्ट्रीट कार्यक्रम में हुए शामिल




**बोकारो (आजाद सिपाही)।** सेंट मेरीज नर्सरी स्कूल, बोकारो के नन्हे बच्चे 21 दिसम्बर रविवार को शहर में आयोजित हैप्पी स्ट्रीट में शामिल हुए। इस अवसर पर सेंट मेरीज नर्सरी स्कूल के बच्चों एवं शिक्षिकाओं ने मिलकर वार्म-अप गीत पर उत्साहपूर्ण नृत्य प्रस्तुति दी। शिक्षिकाओं द्वारा मधुर गीत भी गाये गये, वहीं विद्यार्थी विवान महाथा ने तबला वादन की सुंदर प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। गेम्स कॉर्नर में बच्चों, अभिभावकों एवं आगंतुकों ने उत्साहपूर्वक खेलों का भरपूर आनंद लिया। यह सहभागिता बच्चों के लिए आत्मविश्वास बढ़ाने, रचनात्मकता प्रदर्शित करने तथा सामाजिक सहभागिता का एक सुखद और यादगार अनुभव रही। यह संपूर्ण गतिविधि सेंट मेरीज नर्सरी स्कूल, बोकारो के प्रधानाचार्य रेवरेंड फादर दीनू एम डेनियल के मार्गदर्शन में संपन्न हुई।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 22 दिसंबर, 2025
www.azadsipahi.in






## असम दौरा : प्रधानमंत्री ने डिब्रूगढ़ में अमोनिया-यूरिया प्लांट का किया उद्घाटन

# बांग्लादेशी घुसपैठिये कांग्रेस ने ही बसाये : मोदी

- कांग्रेस उन्हें बचा रही, इसलिए एसआइआर का कर रही है विरोध

आजाद सिपाही संवाददाता

**डिब्रूगढ़।** असम दौरे के दूसरे दिन पीएम नरेंद्र मोदी ने डिब्रूगढ़ में अमोनिया-यूरिया प्लांट का उद्घाटन किया। इसकी सालाना उत्पादन क्षमता 12.7 लाख टन होगी। यह यूनिट 2030 तक चालू हो जायेगी। इस दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि पहले किसानों को खाद के लिए लाठियां खानी पड़ती थीं, जो काम कांग्रेस को उस समय करना था, उसने नहीं किया। इसलिए मुझे एक्स्ट्रा मेहनत करनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठियों को कांग्रेस ने ही बसाया है और कांग्रेस ही उन्हें बचा रही है। एसआइआर का विरोध कर रही है। तुष्टिकरण और वोट बैंक के इस जहर से हमें असम को बचा कर रखना है। मैं आपको गारंटी देता हूं कि असम की पहचान और सम्मान की रक्षा के लिए भाजपा फौलाद बन कर आपके साथ खड़ी है। इससे पहले पीएम ने गुवाहाटी में ब्रह्मपुत्र नदी में क्रूज पर 25 बच्चों के साथ करीब 45 मिनट परीक्षा पे चर्चा भी की। मोदी ने नामरूप में ब्रह्मपुत्र वैली फर्टिलाइजर कॉर्प लिमिटेड के मौजूदा परिसर में नये फर्टिलाइजर यूनिट की आधारशिला रखी।



### 11 हजार करोड़ रुपये निवेश किये जायेंगे : प्रधानमंत्री मोदी

हमारा लक्ष्य असम को उतना ही शक्तिशाली बनाना है जितना वह सदियों पहले अहोम राजवंश के समय था। हमारे किसानों को खाद की सप्लाई मिलती रहे। डिब्रूगढ़ का यह फर्टिलाइजर प्लांट किसानों की जरूरत को पूरा करेगा। इसमें 11 हजार करोड़ रुपये इंवेस्ट किये जायेंगे। जब देश के कई हिस्सों में खाद की आपूर्ति चुनौती बनी और पुरानी टेक्नोलॉजी खत्म होती गई। तो ऐसे समय में तब की कांग्रेस सरकार ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया। एक समय किसानों के क्या हालात थे। यूरिया के लिए किसानों को लाइनों में घंटों-घंटों तक लगना पड़ता था। यूरिया की दुकानों पर पुलिस लगानी पड़ती थी। पुलिस किसानों पर लाठी बरसाती थी। कांग्रेस ने जिन हालातों को बिगाड़ा था, हमारी सरकार उन्हें सुधारने के लिए ऐड़ी-चोटी की ताकत लगा रही है। और इन्होंने इतना बुरा किया, इतना बुरा किया कि 11 साल से मेहनत करने के बाद भी मुझे अभी बहुत कुछ करना बाकी है। खेती में बढ़ती तकलीफों का कांग्रेस ने हल ही नहीं निकाला। वह अपनी मस्ती में ही रही। आज हमारी सरकार उन परेशानियों को खत्म करने का काम कर रही है। हम यूरिया 3 हजार रुपए में लाते हैं, लेकिन अपने किसान भाइयों को 300 रुपये में देते हैं। यह सारा बोझ हम किसानों पर नहीं पड़ने देते। यह सारा बोझ सरकार उठाती है, जिससे यह बोझ किसानों पर न आए। इसलिए आपको भी मेरी मदद करनी होगी। हम धरती को नहीं बचाएंगे तो इस पर कितनी भी यूरिया डालें। धरती मां हमें नहीं बचायेंगी। हमें उन्हें ज्यादा यूरिया से बचाना है।

### यूरिया प्लांट से लाभ

इस परियोजना से किसानों को फायदा होगा, यूरिया आयात घटेगा, रोजगार बढ़ेगा और क्षेत्र की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। मार्च में कैबिनेट ने नामरूप में असम वैली फर्टिलाइजर एंड केमिकल कंपनी लिमिटेड यूनिट को मंजूरी दी, जिसका लक्ष्य पूर्वोत्तर में यूरिया उत्पादन बढ़ाना है। बजट में 12.7 लाख टन क्षमता वाले नये यूरिया प्लांट की घोषणा हुई। यह पूर्वी भारत का एकमात्र सरकारी यूरिया प्लांट है।

### असम आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि दी

पीएम मोदी परीक्षा पे चर्चा के बाद शहीद स्मारक पहुंचे। जहां 1985 में अवैध प्रवासियों के खिलाफ असम आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि दी। पीएम ने शहीद खरगेश्वर तालुकदार की प्रतिमा पर माला चढ़ाई। इस आंदोलन के 860 शहीदों की याद में यहां एक दीया हमेशा जलता रहता है। 170 करोड़ की लागत से बने इस स्मारक में पानी के कुंड, ऑडिटोरियम, प्रेयर रूम, साइकिल ट्रैक और साउंड एंड लाइट शो जैसी सुविधाएं हैं, जो असम आंदोलन और राज्य के इतिहास के विभिन्न पहलुओं को उजागर करेगा। मोदी के दौरे के मद्देनजर ब्रह्मपुत्र नदी पर फेरी सेवाएं 2 दिनों के लिए निलंबित कर दी गयी हैं। इवेंट में भाग लेनेवाले छात्रों को कामरूप मेट्रोपॉलिटन, मोरीगांव, डिब्रूगढ़, कछार, श्रीभूमि, बक्सा, दीमा हसाओ, कोकराझार, गोलाघाट, कार्बी आंगलोंग, नलबाड़ी जिलों के स्कूलों से चुना गया था।

# मुंबई में 16 साल पुराने रेप का खुलासा, सीरियल रेपिस्ट गिरफ्तार

**मुंबई (आजाद सिपाही)।** मुंबई में 16 साल पुराने रेप मामले का अब खुलासा हुआ है। पुलिस ने आरोपी महेश पवार को 13 दिसंबर को गिरफ्तार किया। मामले की जानकारी रविवार को सामने आयी। पीड़ित मूक-बधिर है। वह बोल और सुन नहीं सकती। पुलिस के मुताबिक घटना 2009 की है, जब पीड़ित नाबालिग थी। वर्तमान में वह शादीशुदा है और मुंबई के वेस्टर्न सबर्ब में रहती है। जांच के दौरान पता चला कि वह इकलौती नहीं है, जिसके साथ आरोपी ने दरिंदगी की। आरोपी एक सीरियल रेपिस्ट है और उसके निशाने पर मूक-बधिर महिलाएं ही होती थीं। शुरुआती जांच में सात महिलाओं के शोषण के सबूत मिले हैं, लेकिन पीड़ित की संख्या 24 से ज्यादा हो सकती है। आरोपी महिलाओं को न्यूड वीडियो कॉल के लिए मजबूर करता था और उन्हें रिकॉर्ड कर ब्लैकमेल करता था।




# श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को 5 साल में 4575 करोड़ मिले

- ट्रस्ट के पास 2100 करोड़ रुपये बचे हैं
- म्यूचुअल में 87 करोड़ रुपये निवेश किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने अब तक का पूरा लेखा-जोखा पेश किया है। 13 दिसंबर को हुई कार्यकारिणी बैठक में यह जानकारी सामने आयी कि अब तक ट्रस्ट को कुल 4575 करोड़ रुपये मिले हैं। पिछले 5 साल 9 महीने में मंदिर निर्माण, श्रीराम जन्मभूमि परिसर के विस्तार, जमीन और भवन की खरीद सहित अन्य कई कामों पर खर्च किये गये हैं। अब ट्रस्ट के पास 2100 करोड़ रुपये बचे हैं। बताया गया कि बची हुई राशि का बड़ा हिस्सा सुरक्षित निवेश के रूप में रखा गया है। इसमें भारतीय स्टेट बैंक, अयोध्या शाखा में



889.52 करोड़ रुपये, बैंक ऑफ बड़ौदा में 313.87 करोड़ रुपये और पंजाब नेशनल बैंक में 694.49 करोड़ रुपए सावधि जमा (एफडीआर) के रूप में हैं। इसके अलावा ट्रस्ट ने 87 करोड़ रुपये म्यूचुअल फंड में और 40 करोड़ ऑटो स्वीप खाते में निवेश किये हैं। यह लेखा-जोखा 5 फरवरी 2020 से 30 नवंबर 2025 तक की कुल आय पेश किया गया है।

### बैंक से 2 करोड़ का ब्याज मिला

ट्रस्ट के सेविंग अकाउंट में फिलहाल लगभग 89 लाख रुपये मौजूद हैं, जबकि बैंक से ब्याज के रूप में करीब 2 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं। इस तरह, विभिन्न बैंकों में जमा एफडीआर, कैपिटल इन्वेस्टमेंट और अन्य सुरक्षित निवेशों को मिलाकर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पास कुल लगभग 2100 करोड़ रुपये की राशि है। इस राशि का इस्तेमाल भविष्य में मंदिर परिसर के विकास और योजनाओं में किया जायेगा।

**1 अप्रैल से 31 अगस्त 2025 तक राम मंदिर की आय 104.96 करोड़ :** नये वित्तीय वर्ष (1 अप्रैल से 31 अगस्त 2025) में राम मंदिर को अब तक 104.96 करोड़ रुपये की आय हुई। इसमें 31.22 करोड़ रुपए दान से और 73.74 करोड़ रुपए बैंक ब्याज से मिले। बता दें कि राम मंदिर में रोजाना औसतन 70 से 80 हजार श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। पर्व, त्योहार और वीकेंड पर यह संख्या दो से तीन गुना तक बढ़ जाती है। साथ ही दान की रफ्तार भी तेज है।

## रक्षा मंत्रालय में तैनात लेफ्टिनेंट कर्नल रिश्वत लेते गिरफ्तार

# सीबीआइ ने 2.36 करोड़ जब्त किये

- प्राइवेट कंपनियों को फायदा पहुंचाने का आरोप, पत्नी भी शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआइ) ने शनिवार को रक्षा मंत्रालय में पोस्टेड आर्मी अफसर को रिश्वतखोरी के आरोप में गिरफ्तार किया है। उत्पादन विभाग में तैनात लेफ्टिनेंट कर्नल दीपक कुमार शर्मा पर बेंगलुरु की एक कंपनी से 3 लाख की रिश्वत लेने का आरोप है। सीबीआइ ने शर्मा के घर से 2.36 करोड़ रुपये भी जब्त किये हैं। सीबीआइ ने शर्मा की पत्नी कर्नल काजल बाली के खिलाफ भी मामला दर्ज किया। तलाशी के दौरान काजल के घर से 10 लाख बरामद किये हैं। काजल, डिवीजन ऑर्डिनेंस यूनिट श्रीगंगानगर (राजस्थान) में कमांडिंग ऑफिसर हैं। इस मामले में बिचौलिया विनोद कुमार को भी गिरफ्तार किया गया है। दोनों 23 दिसंबर तक सीबीआइ की हिरासत में रहेंगे। यह मामला 19 दिसंबर को मिली सूचना के आधार पर दर्ज किया गया। सीबीआइ के मुताबिक लेफ्टिनेंट कर्नल पर रक्षा उत्पादों के निर्माण और निर्यात से जुड़ी प्राइवेट कंपनियों को फायदा पहुंचाने का आरोप है।



### रक्षा मंत्रालय बोला सरकार की भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति


न्यूज एजेंसी ने रक्षा मंत्रालय के सीनियर अधिकारियों के हवाले से कहा कि यह कार्रवाई भारत सरकार की 'भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत की गयी है। सेना के अधिकारी की गिरफ्तारी से यह पता चलता है कि सरकार भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए हर संभव प्रयास करती है।

### सीबीआइ ने कसा शिकंजा

सीबीआइ को बेंगलुरु की एक कंपनी से संभावित रिश्वत भुगतान के बारे में जानकारी मिली थी। राजीव यादव और रवजीत सिंह नाम के शख्स उस कंपनी के मामलों को देख रहे थे। दोनों शर्मा के साथ लगातार संपर्क में थे। दोनों कंपनी के लिए कई सरकारी विभागों और मंत्रालयों से अवैध फायदा हासिल करने की कोशिश में थे। पकड़े गये दूसरे आरोपी विनोद कुमार ने बेंगलुरु की इस कंपनी के कहने पर 18 दिसंबर को दीपक कुमार शर्मा को 3 लाख रुपये की रिश्वत दी। जांच एजेंसी का दावा है कि यह कंपनी दुबई की है और राजीव यादव और रवजीत सिंह भारत में इसका ऑपरेशन देखते थे।

### घर से आपत्तिजनक सामग्री भी मिली

खबर मिलने पर जांच एजेंसी ने श्रीगंगानगर, बेंगलुरु, जम्मू सहित कई स्थानों पर तलाशी ली। दिल्ली में लेफ्टिनेंट कर्नल शर्मा के घर पर तलाशी के दौरान 3 लाख रुपये, 2.23 करोड़ रुपये नकद और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गयी। अधिकारियों ने श्रीगंगानगर में उनकी पत्नी के घर से भी 10 लाख रुपये नकद जब्त किये हैं। दोनों आरोपियों को 20 दिसंबर को अदालत में पेश किया गया। फिलहाल इन्हें 23 दिसंबर तक हिरासत में भेज दिया गया है।




# अरुणाचल में जासूसी नेटवर्क का खुलासा, पाकिस्तान कनेक्शन मिला

आजाद सिपाही संवाददाता

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश में जासूसी नेटवर्क के खुलासे और सीमा से जुड़ी गतिविधियों ने सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ा दी है। पुलिस ने पिछले 10 दिनों में पाकिस्तान से जुड़े जासूसी नेटवर्क के 4 संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। इस बीच, स्थानीय लोगों ने लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल (एलएसी) के पास चीनी सेना की मौजूदगी और संभावित घुसपैठ की जानकारी दी है।

पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी सेना की गतिविधियों और अन्य संवेदनशील सूचनाएं पाकिस्तानी हैंडलर्स तक भेज रहे थे। शुरुआती जांच में इस नेटवर्क के चीन से जुड़े होने के संकेत भी मिले हैं। सुरक्षा विशेषज्ञ इसे हाइब्रिड वॉर की रणनीति से जोड़कर देख रहे हैं, जिसमें जासूसी, घुसपैठ और सैन्य दबाव को एक साथ इस्तेमाल किया जाता है। राज्य के गृह मंत्री मामा नातुंग ने कहा है कि जासूसी गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी और राष्ट्रीय सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जायेगा।




# एलोन मस्क की संपत्ति पाकिस्तान श्रीलंका, नेपाल की जीडीपी से ज्यादा

- मस्क की कुल नेटवर्थ चार दिन में $150 बिलियन बढ़ कर $750 बिलियन हुई

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति एलोन मस्क की संपत्ति पाकिस्तान, श्रीलंका और नेपाल की जीडीपी से ज्यादा हो गयी है। 4 दिन में उनकी नेटवर्थ 150 बिलियन डॉलर (13.46 लाख करोड़) बढ़ कर 750 बिलियन डॉलर (67.18 लाख करोड़) पार कर गयी है, जबकि तीनों देशों की कुल जीडीपी करीब 555 बिलियन डॉलर है।

मस्क नेटवर्थ का यह आंकड़ा छूने वाले दुनिया के पहले व्यक्ति बने हैं। इससे पहले 16 दिसंबर को मस्क की संपत्ति 600



बिलियन (डॉलर 54 लाख करोड़ रुपये) पर पहुंची थी। उनकी संपत्ति में यह बढ़ोतरी डेलावेयर सुप्रीम कोर्ट के फैसले से आयी, जिसने मस्क का 56 बिलियन डॉलर का टेस्ला पे पैकेज बढ़ कर 139 बिलियन डॉलर हो गया।

फोर्ब्स बिलियनेयर्स इंडेक्स में मस्क की नेटवर्थ इस समय 649 बिलियन डॉलर दिख रही है। ये भारत के टॉप 40 सबसे अमीरों की कुल वेल्थ के बराबर है। इसके साथ ही मस्क की वेल्थ उनके बाद आने वाले दुनिया के सबसे रिचेस्ट टेक बिलियनेयर्स (लैरी पेज 252.6 बिलियन, लैरी एलिसन 242.7 बिलियन, जेफ बेजोस 239.4 बिलियन) की कुल संपत्ति से ज्यादा है।

### तीन बड़े कारण

- टेस्ला का 56 बिलियन डॉलर पे पैकेज रिस्टोर होना
- स्पेसएक्स की वैल्यूएशन 800 बिलियन डॉलर होना
- टेस्ला शेयर प्राइस और नया 1 ट्रिलियन डॉलर पे पैकेज







आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**